
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 223 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 23 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## 22 साल पुरानी 'अग्नि' आज भी दुश्मनों पर भारी!



समाज जागरण

नई दिल्ली। भारत की सामरिक शक्ति का प्रतीक मानी जाने वाली 'अग्नि-1' बैलिस्टिक मिसाइल ने एक बार फिर अपनी क्षमता और विश्वसनीयता साबित कर दी है। करीब 22 वर्ष पहले विकसित की गई यह मिसाइल आज भी उतनी ही प्रभावी और घातक मानी जा रही है। शुक्रवार को ओडिशा के चांदीपुर परीक्षण केंद्र में सेना की स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड ने इसका सफल 'फिटनेस टेस्ट' किया।

सूत्रों के अनुसार, परीक्षण के दौरान मिसाइल को परिचालन डिपो से निकालकर उसकी तकनीकी क्षमता, सटीकता और संचालन दक्षता की जांच की गई। परीक्षण पूरी तरह सफल रहा और मिसाइल ने तय मानकों के अनुरूप प्रदर्शन किया।

### आधुनिक तकनीक से और मजबूत हुई अग्नि-1

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने समय-समय पर अग्नि-1 मिसाइल को आधुनिक तकनीकों से अपग्रेड किया है। बताया जा रहा है कि इसमें उन्नत डिजिटल नियंत्रण प्रणाली और आधुनिक नेविगेशन तकनीक जोड़ी गई है, जिससे इसकी मारक क्षमता और सटीकता पहले से अधिक मजबूत हुई है।

## ई-कॉमर्स डिलीवरी नेटवर्क को मिलेगा नया विस्तार

# डाक विभाग और फ्लिपकार्ट के बीच समझौता, देशभर में अंतिम छोर तक पार्सल वितरण को मिलेगी मजबूती



समाज जागरण

नई दिल्ली। देश में ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा अंतिम छोर तक पार्सल वितरण सेवाओं का विस्तार करने की दिशा में डाक विभाग और फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इस समझौते का उद्देश्य डाक विभाग के व्यापक नेटवर्क तथा फ्लिपकार्ट की मजबूत ई-कॉमर्स उपस्थिति का लाभ उठाकर उपभोक्ताओं को तेज, विश्वसनीय और बेहतर पार्सल वितरण सेवाएं उपलब्ध कराना है।

नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में डाक विभाग के पार्सल निदेशालय के महाप्रबंधक नीरज कुमार झा तथा फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वाणिज्यिक निदेशक हरविंदर कपूर ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डाक विभाग के पार्सल एवं सीसीएस निदेशालय के मुख्य महाप्रबंधक अदनान अहमद, फ्लिपकार्ट के निदेशक (कॉर्पोरेट कार्य) डिप्पी वंकानी सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों तक पहुंचेगी तेज डिलीवरी

समझौते के तहत डाक विभाग पूरे देश में फ्लिपकार्ट के पार्सलों की अंतिम छोर तक वितरण सेवा उपलब्ध कराएगा। फ्लिपकार्ट को डाक विभाग के 1.6 लाख से अधिक डाकघरों और देशव्यापी वितरण नेटवर्क का लाभ मिलेगा, जिससे शहरी, अर्धशहरी, ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों तक पार्सल पहुंचाना अधिक सुगम हो सकेगा।

### डाक विभाग के पार्सल कारोबार को मिलेगा लाभ

विशेषज्ञों के अनुसार, यह समझौता भारत के तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए लॉजिस्टिक आधारभूत संरचना को मजबूत करेगा। इससे वितरण क्षमता में वृद्धि होगी और ग्रामीण क्षेत्रों तक सेवाओं की पहुंच और बेहतर बनेगी। इस साझेदारी से डाक विभाग के पार्सल कारोबार को भी मजबूती मिलने की संभावना है। विभाग अपने वितरण नेटवर्क एवं लॉजिस्टिक संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग कर सकेगा।

### ग्राहकों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

इस साझेदारी के अंतर्गत कई आधुनिक सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें–

प्रीपेड और कैश ऑन डिलीवरी (सीओडी) सुविधा,
ओटीपी आधारित डिलीवरी सत्यापन
रियल टाइम शिपमेंट ट्रैकिंग
तेज और सुरक्षित पार्सल वितरण
बेहतर तकनीकी समन्वय और लॉजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं।

### डिजिटल अर्थव्यवस्था को मिलेगा समर्थन

यह पहल डाक विभाग के उस लक्ष्य के अनुरूप मानी जा रही है, जिसके तहत वह भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं को पूरा करने वाली अग्रणी लॉजिस्टिक संस्था के रूप में अपनी भूमिका को और सशक्त बनाना चाहता है।

# भारत-साइप्रस का आतंकवाद पर बड़ा एक्शन प्लान, पाकिस्तान में बढ़ी बेचैनी

## सीमा पार आतंकवाद और आतंकी फंडिंग पर दोनों देशों का सख्त रुख

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारत और साइप्रस के बीच आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को लेकर हुए नए समझौते के बाद पाकिस्तान समेत आतंकवाद को समर्थन देने वाले देशों में हलचल तेज हो गई है। दोनों देशों ने साझा बयान जारी कर आतंकवाद के प्रति ह्यजीरो टॉलरेंसह्न की नीति दोहराई और सीमा पार आतंकवाद, आतंकी फंडिंग तथा प्रॉक्सी नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

भारत और साइप्रस ने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद के खिलाफ केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि समन्वित और निरंतर अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई समय की मांग है।




### पहलगाम और दिल्ली हमलों की कड़ी निंदा

दोनों देशों ने 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले तथा 10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किला क्षेत्र के पास हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की।

साझा बयान में कहा गया कि इन हमलों के जिम्मेदार व्यक्तियों, संगठनों और उनके सहयोगी नेटवर्क को हर हाल में जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।
दोनों देशों ने वैश्विक समुदाय से आतंकवाद के खिलाफ साझा रणनीति अपनाने और आतंकियों को किसी भी प्रकार का संरक्षण न देने की अपील की।

### आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग पर जोर

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग बढ़ाने की दिशा में सक्रिय है। साइप्रस के साथ यह समझौता भी उसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य आतंकवाद के वित्तपोषण और समर्थन तंत्र को कमजोर करना है।

### पाकिस्तान में बढ़ीं चचाएं

इस संयुक्त बयान के बाद पाकिस्तान में भारत की संभावित कड़ी रणनीतिक कार्रवाई को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। हालांकि भारत सरकार की ओर से किसी सैन्य कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सुरक्षा मामलों के जानकार इसे आतंकवाद के खिलाफ भारत की कूटनीतिक और रणनीतिक सख्ती के रूप में देख रहे हैं।

### यूएन प्रतिबंधित आतंकी संगठनों पर कार्रवाई की मांग

भारत और साइप्रस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति में सूचीबद्ध आतंकी संगठनों, उनके फंडिंग नेटवर्क, प्रॉक्सी तंत्र और समर्थन चैनलों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# चीन पर अमेरिका का बड़ा प्रहार! सैन्य संबंध रखने वाली कंपनियों पर सख्त प्रतिबंध की तैयारी

## अमेरिकी संसद में नया विधेयक पेश, चीनी संस्थाओं पर तेजी से कार्रवाई की मांग

समाज जागरण

वॉशिंगटन। अमेरिका में चीन से जुड़ी कंपनियों और संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। दो वरिष्ठ रिपब्लिकन सांसदों ने चीन के सैन्य-औद्योगिक तंत्र से जुड़े संस्थानों पर प्रतिबंधों में तेजी लाने के उद्देश्य से नया विधेयक पेश किया है। सांसदों का कहना है कि अब अमेरिका चीन से जुड़े सुरक्षा खतरों को लेकर और देरी नहीं कर सकता।
अमेरिकी सीनेटर रिक स्कॉट और प्रतिनिधि एलिस स्टेफानिक ने 'सीसीपी सैंक्शंस शॉट क्लॉक एक्ट' नामक विधेयक पेश किया है। इस प्रस्तावित कानून के तहत अमेरिकी ट्रेजरी विभाग को उन चीनी व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ एक वर्ष के भीतर कार्रवाई करनी होगी, जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माना गया है।



### क्या है 'सीसीपी सैंक्शंस शॉट क्लॉक एक्ट'?

इस विधेयक का उद्देश्य वित्त वर्ष 2026 के राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम में संशोधन करना है। प्रस्तावित कानून के अनुसार, अमेरिकी सरकार द्वारा चिन्हित चीनी संस्थाओं को तय समय सीमा के भीतर ट्रेजरी विभाग की 'नॉन-एसडीएन चीनी सैन्य-औद्योगिक कॉम्प्लेक्स कंपनियों की सूची' में शामिल करना अनिवार्य होगा।

वर्तमान व्यवस्था में राष्ट्रपति हर दो वर्ष में रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं, लेकिन ट्रेजरी विभाग पर कार्रवाई की कोई निश्चित समय सीमा लागू नहीं होती। नया विधेयक इसी व्यवस्था को बदलने की दिशा में लाया गया है।

### "कम्युनिस्ट चीन अमेरिका का दुश्मन"

सीनेटर रिक स्कॉट ने कहा कि जैसे ही किसी संस्था की पहचान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में होती है, तुरंत प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए।

# पीएम मोदी के 'रिफॉर्म' मंत्र पर कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय करेगा तेज काम : शिवराज सिंह चौहान

### किसानों और ग्रामीणों तक योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने पर जोर

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



नेतृत्व में कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय "रिफॉर्म एक्सप्रेस" पर सवार होकर तेज गति से काम कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं का असर केवल फाइलों तक सीमित न रहे, बल्कि किसानों, गरीबों और ग्रामीणों के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।

### शिकायत निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रधानमंत्री द्वारा मंत्रिपरिषद बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के बाद शिवराज सिंह चौहान ने अपने दोनों मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि किसानों और आम नागरिकों को शिकायतों के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने कृषि, ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद समेत सभी इकाइयों में शिकायत निवारण तंत्र को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए।

# दिल्ली में बकरीद पर सख्ती, सार्वजनिक स्थानों पर कुबार्नी पूरी तरह प्रतिबंधित नियम तोड़ने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई : कपिल मिश्रा

समाज जागरण

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने बकरीद को लेकर सख्त दिशानिर्देश जारी किए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की कुबार्नी की अनुमति नहीं होगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर वीडियो जारी कर लोगों को सरकार के निर्देशों की जानकारी दी।

### प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी गैरकानूनी

मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि बकरीद के अवसर पर गोवंश, गाय, बछड़े, ऊंट और अन्य प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी देना पूरी तरह गैरकानूनी है। ऐसा करने वालों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### सार्वजनिक स्थानों पर कुबार्नी पर रोक

दिल्ली सरकार द्वारा जारी निदेशों के अनुसार–
सड़कों, गलियों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कुबार्नी की अनुमति नहीं होगी।
कुबार्नी केवल निर्धारित और अधिकृत स्थानों पर ही दी जा सकेगी।
खून, कचरा और अन्य अवशेषों को नालियों, सीवर या सार्वजनिक स्थलों पर फेंकना प्रतिबंधित रहेगा।
अवैध पशु बाजार लगाने और गैरकानूनी पशु तस्करी पर भी पूरी तरह रोक रहेगी।



### लोगों से सहयोग की अपील

कपिल मिश्रा ने दिल्लीवासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत दिल्ली पुलिस या विकास मंत्रालय को दें।
उन्होंने कहा कि त्योहार कानून और शांति व्यवस्था के दायरे में मनाया जाना चाहिए। साथ ही सभी नागरिकों को बकरीद की शुभकामनाएं भी दीं।

### पुलिस और प्रशासन अलर्ट

दिल्ली पुलिस और विकास मंत्रालय को निदेशों का सख्ती से पालन कराने के लिए अलर्ट मोड पर रखा गया है। पिछले वर्षों में सार्वजनिक स्थानों पर कुबार्नी और सफाई व्यवस्था को लेकर शिकायतें सामने आने के बाद इस बार पहले से ही सख्त तैयारी की गई है। (इनपुट : आईएएनएस)

# गुरुग्राम में बिजली संकट से ठप हुई रैपिड मेट्रो, ट्रैक पर पैदल चलकर स्टेशन पहुंचे यात्री

### ट्रांसफार्मर फुंकने से 7 बिजली घर प्रभावित, कई इलाकों में घंटों गुल रही बिजली

समाज जागरण

गुरुग्राम। साइबर सिटी गुरुग्राम में शुक्रवार शाम बड़ा बिजली संकट खड़ा हो गया, जब सेक्टर-72 स्थित मुख्य ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण कई इलाकों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इस घटना का असर रैपिड मेट्रो सेवा पर भी पड़ा और मेट्रो बीच रास्ते में रुक गई, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, ट्रांसफार्मर में खराबी के कारण सात बिजली घर प्रभावित हुए, जिसके चलते सेक्टर-15 से सेक्टर-57 तक कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अधिकारियों के मुताबिक बिजली बहाली में 8 से 10 घंटे तक का समय लग सकता है।



### बीच ट्रैक पर रुकी मेट्रो, यात्रियों में अफरा-तफरी

बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण रैपिड मेट्रो की सेवाएं अचानक प्रभावित हो गईं। कुछ मेट्रो ट्रेनें ट्रैक पर ही रुक गईं, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लंबे समय तक ट्रेन नहीं चलने पर कई यात्रियों को सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में आपातकालीन रास्तों से बाहर निकाला गया। इसके बाद यात्री ट्रैक के सहारे पैदल चलकर नजदीकी स्टेशन तक पहुंचे।

# आसमान से बरस रही आग के बीच राहत की खबर! भीषण गर्मी के बाद अब बारिश दे सकती है सुकून

### उत्तर भारत में लू का रेड अलर्ट, लेकिन कई राज्यों में बदल सकता है मौसम

समाज जागरण

नई दिल्ली। देशभर में पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि बाहर की धूप ही नहीं, घर भी भट्ठी जैसे महसूस हो रहे हैं। कूलर और पंखे गर्म हवाओं के आगे बेअसर साबित हो रहे हैं और लोगों के लिए एसी ही एकमात्र सहारा बनता जा रहा है। हालांकि बढ़ती बिजली मांग के बीच पावर कट की आशंका भी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है।

इस बीच मौसम को लेकर एक राहत भरी खबर सामने आई है। मौसम विभाग ने अगले 6 से 7 दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में भीषण लू को लेकर 'रेड अलर्ट' जारी किया है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और मध्य प्रदेश में तापमान लगातार लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहा है।




(ज्ञान चिंतन)

# वैचारिकता से उत्सर्जित आत्मगौरव और स्वाभिमान .चिंतन से अवलोकित आत्मप्रकाश

मनुष्य के जीवन में अध्ययन जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक मनन और चिंतन भी है। केवल पुस्तक पढ़ लेना ही मानवीय उद्देश्य की पूर्णता नहीं है, बल्कि उससे प्राप्त ज्ञानामृत का आत्मसात करना, उसका मनन करना और जीवन में उतारना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। किसी भी पुस्तक का अध्ययन, उस पर गंभीर चिंतन और उसके संदेशों का अनुसरण मनुष्य के संस्कारों को परिष्कृत करता है तथा उसे उच्च आदर्शों की ओर अग्रसर करता है। इसलिए आवश्यक है कि मनुष्य केवल ज्ञानवर्धक पुस्तकों का अध्ययन ही न करे, बल्कि उनके विचारों पर निरंतर मनन भी करे, तभी जीवन के उद्देश्य सार्थक हो सकते है महात्मा गांधी जी ने कहा थाह्लपुराने वस्त्र पहनिए, पर नई पुस्तकें खरीदिएह्व उन्होंने पुस्तकों को रत्नों से भी अधिक मूल्यवान बताया, क्योंकि पुस्तकें अंतःकरण को प्रकाशित करती हैं। वास्तव में पुस्तकें केवल अक्षरों का संग्रह नहीं होतीं, वे अनुभव, संस्कार और सत्य का जीवंत भंडार होती हैं। जो व्यक्ति पुस्तकों से दूर रहता है, वह जीवन की अनेक सच्चाइयों से अनभिज्ञ रह जाता है। पुस्तकें मनुष्य को संघर्ष करना सिखाती हैं, कठिन परिस्थितियों में धैर्य देती हैं तथा जीवन का मार्गदर्शन करती हैं।




पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम साहब ने कहा था कि ह्लएक अच्छी पुस्तक सौ मित्रों के बराबर होती है और एक अच्छा मित्र एक पुस्तकालय के समान।ह्व वहीं शिक्षाविद चार्ल्स इलियट के अनुसार पुस्तकें सबसे शांत, स्थिर और धैर्यवान मित्र होती हैं। निस्संदेह, पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, नैतिक तथा राजनीतिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

प्राचीन काल से ही बच्चों के बौद्धिक और नैतिक विकास के लिए श्रेष्ठ साहित्य की रचना की जाती रही है। पंचतंत्र तथा हितोपदेश इसके उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इन ग्रंथों में नीति, व्यवहार, शिक्षा और जीवनोपयोगी ज्ञान को सरल कथाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। यही साहित्य भारतीय संस्कृति और सभ्यता के संरक्षण एवं प्रसार का आधार बना। पुस्तकों ने ही समाज को दिशा दी, संस्कृति को जीवित रखा और ज्ञान का विस्तार किया। इतिहास, धर्म, राजनीति और संस्कृति से संबंधित पुस्तकें व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायक होती हैं। वे हमें अतीत की घटनाओं, महान व्यक्तित्वों और सामाजिक मूल्यों से परिचित कराती हैं। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन कहा था कि ह्लपुस्तकें वह साधन हैं जिनके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं।ह्व वास्तव में पुस्तकें समाज को जोड़ने, विचारों को परिष्कृत करने और मानवीय चेतना को जागृत करने का कार्य करती हैं।

वर्तमान समय डिजिटल युग का युग है। अब इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों ने प्रिंट मीडिया के साथ-साथ अध्ययन की परंपराओं को भी प्रभावित किया है। एक समय था जब बच्चे चंदामामा, नंदन और बालभारती जैसी पत्रिकाओं से ज्ञान और मनोरंजन प्राप्त करते थे, किंतु आज इंटरनेट और डिजिटल लाइब्रेरी ने अध्ययन को नई दिशा दी है। ई-पुस्तकें तथा ऑनलाइन पुस्तकालयों ने देश-विदेश में बैठे पाठकों के लिए ज्ञान के द्वार खोल दिए हैं। भारत सरकार तथा विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा ई-शिक्षा और डिजिटल पुस्तकालयों के माध्यम से अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत करने में सहायता मिल रही है।

हालांकि डिजिटल माध्यमों के अनेक लाभ हैं, परंतु इसके दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उचित मार्गदर्शन के अभाव में बच्चे और युवा भ्रामक तथा दिग्भ्रमित करने वाले साहित्य की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे उनकी मानसिकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए अभिभावकों और शिक्षकों का यह दायित्व बनता है कि वे बच्चों को उत्तम साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करें तथा उनकी अध्ययन दिशा पर ध्यान दें।

अंततः कहा जा सकता है कि पुस्तकें केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, वैचारिक विकास और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। पठन के साथ चिंतन का समन्वय ही व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाता है। पुस्तकें मनुष्य को संस्कारित करती हैं, समाज को दिशा देती हैं और राष्ट्र को सशक्त बनाती हैं। यदि युवा पीढ़ी अध्ययन के साथ मनन और चिंतन की परंपरा को अपनाए, तो एक सुसंस्कृत, जागरूक और शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण निश्चित रूप से संभव है।

**संजीव ठाकुर,वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

## सभी यही है

जर्नलिस्ट वेद प्रकाश

कहते है कुछ लोग यहां पर,
कही स्वर्ग तो कही नरक है।
लेकिन ये सब कहने को है,
महसूस करे तो सभी यही है।
जहां सुख हो वही स्वर्ग है,
जहां दुख हो वही नरक है।
कहने को लोग कुछ भी कहे,
महसूस करे तो सभी यही है।
स्वर्ग नरक को किसने देखा,
जिसकी चर्चा हमेशा सुना।
देखा तो सिर्फ मातृभूमि को,
जिसपर हमने पला बढ़ा।
जब अंकुर फूटा धरती से,
तो नव जीवन की शुरूआत हुआ।
जब पुष्प खिले उस अंकुर में,
तो धरती का श्रृंगार हुआ।
स्वर्ग के जैसी धरती बन गयी,
देख उसे मन हर्षित हो गयी।
ऐसा अब महसूस हुआ,
स्वर्ग यही है नरक यही है।
कहने को लोग कुछ भी कहे,
महसूस करे तो सभी यही है।

# तेल संकट की आंच में झुलसती भारतीय अर्थव्यवस्था

\- **महेन्द्र तिवारी**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में पैदा हुए संकट ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। अमेरिका और ईरान के बीच टकराव ने जिस तरह वैश्विक ऊर्जा बाजार को प्रभावित किया है, उसका असर अब केवल युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा। तेल और गैस की सप्लाई पर संकट गहराने से दुनिया भर के देशों की आर्थिक व्यवस्था दबाव में आ गई है। सबसे अधिक चिंता उन देशों को है जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है। भारत अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ते ही भारतीय अर्थव्यवस्था पर उसका सीधा असर दिखाई देने लगता है। हाल के दिनों में कई वैश्विक एजेंसियों और आर्थिक संस्थानों ने चेतावनी दी है कि यदि पश्चिम एशिया का तनाव लंबे समय तक जारी रहा तो भारत के लिए आर्थिक हालात मुश्किल हो सकते हैं।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट "ऑयल्स नॉट वेल" में स्पष्ट कहा है कि वित्त वर्ष 2027 में भारत का तेल व्यापार घाटा खतरनाक स्तर तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की बढ़ती आयात निर्भरता, कमजोर पड़ते पेट्रोलियम निर्यात और लगातार महंगे हो रहे कच्चे तेल के कारण बाहरी आर्थिक संतुलन बिगड़ने की आशंका है। क्रिसिल का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2027 में ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत 90 से 95 डॉलर प्रति बैरल के बीच रह सकती है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह औसत लगभग 70.3 डॉलर प्रति बैरल था। यह अंतर अपने आप में बताता है कि भारत के आयात बिल पर कितना अतिरिक्त बोझ बढ़ने वाला है।

भारत के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि घरेलू उत्पादन लगातार मांग के मुकाबले बहुत कम है।




पिछले एक दशक में भारत का तेल आयात तेजी से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2014 में जहां भारत लगभग 190 मिलियन टन तेल आयात करता था, वहीं वित्त वर्ष 2026 तक यह आंकड़ा 300 मिलियन टन से ऊपर पहुंच गया। इसके उलट रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात लगभग स्थिर बना रहा। कोविड काल के बाद थोड़ी तेजी जरूर आई, लेकिन पिछले दो वित्त वर्षों में निर्यात फिर कमजोर पड़ गया। इसका मतलब यह है कि भारत लगातार ज्यादा तेल खरीद रहा है लेकिन उससे जुड़ी कमाई उसी अनुपात में नहीं बढ़ रही। यही वजह है कि व्यापार घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है।

तेल संकट का असर केवल आयात बिल तक सीमित नहीं रहता। इसका प्रभाव देश की पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। तेल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ती है। माल ढुलाई महंगी होती है। उद्योगों का उत्पादन खर्च बढ़ता है। बिजली उत्पादन पर असर पड़ता है। इसका सीधा असर खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर दिखाई देता है। महंगाई बढ़ने लगती है और आम आदमी की जेब पर बोझ बढ़ जाता है। यही कारण है कि आर्थिक विशेषज्ञों ने वित्त वर्ष 2027 में भारत में महंगाई दर 5 प्रतिशत से ऊपर जाने की आशंका जताई है। जब महंगाई बढ़ती है तो रिजर्व बैंक पर ब्याज दरें ऊंची रखने का दबाव बढ़ जाता है और इसका असर निवेश तथा रोजगार पर भी पड़ता है।

भारत की विकास दर पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान में कटौती की है। पहले जहां मजबूत विकास की उम्मीद जताई जा रही थी, वहीं अब वैश्विक ऊर्जा संकट के कारण विकास दर कमजोर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। महंगा तेल उद्योगों की लागत बढ़ा देता है और उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता घटा देता है। इससे बाजार की मांग कमजोर होती है और आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं। अगर लंबे समय तक तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं तो सरकार के लिए विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाना कठिन हो जाएगा।

भारत के चालू खाता घाटे पर भी इसका गहरा असर पड़ सकता है। क्रिसिल ने अनुमान लगाया है कि वित्त वर्ष 2027 में भारत का चालू खाता घाटा जीडीपी के 2.2 प्रतिशत तक पहुंच सकता है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह लगभग 0.8 प्रतिशत था। चालू खाता घाटा बढ़ने का अर्थ यह है कि देश से विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन तेजी से बढ़ रहा है। इससे रुपये पर दबाव बढ़ता है और विदेशी निवेशकों का भरोसा भी प्रभावित हो सकता है। यदि डॉलर के मुकाबले रुपया और कमजोर होता है तो आयात और महंगा हो जाएगा, जिससे महंगाई का संकट और गहरा सकता है।

एक और चिंता पश्चिम एशिया से आने वाली भारतीयों की कमाई को लेकर भी है। खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं और वहां से भारत को हर साल भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा मिलती है। यदि पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं युद्ध और तेल संकट से प्रभावित होती हैं तो वहां रोजगार और आय पर असर पड़ सकता है। इसका सीधा असर भारत आने वाली विदेशी मुद्रा पर पड़ेगा। इससे भारत की बाहरी आर्थिक स्थिति और कमजोर हो सकती है।

हालांकि भारत सरकार स्थिति से निपटने के लिए कई प्रयास कर रही है। रूस, अमेरिका और अफ्रीकी देशों से तेल खरीद बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। रणनीतिक तेल भंडार को मजबूत करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की नीति अपनाई जा रही है ताकि भविष्य में आयात पर निर्भरता कम की जा सके। लेकिन यह बदलाव तुरंत संभव नहीं है। वर्तमान समय में भारत अभी भी वैश्विक तेल बाजार की उठापटक से पूरी तरह सुरक्षित नहीं है।

स्पष्ट है कि पश्चिम एशिया का यह संकट केवल भू राजनीतिक संघर्ष नहीं रह गया है बल्कि यह दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। भारत जैसे विकासशील देशों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे ऊर्जा सुरक्षा, महंगाई नियंत्रण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन कैसे बनाए रखें। यदि हालात जल्दी नहीं सुधरे तो आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था को और कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

## काला सोना या हरा भविष्य ?

# सिंगरौली अब दोनों का मेल सिखाएगा

**सिंगरौली: जहाँ धरती कोयला उगलती है और फैसले रास्ता बनाते हैं**

**सुप्रीम कोर्ट का 'डेवलपमेंट फर्स्ट' मंत्र - अडानी परियोजना को नई उड़ान**

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

ऊर्जा और विकास की जटिल धारा में बहता सिंगरौली आज फिर सुर्खियों के शिखर पर है। यह वही क्षेत्र है जहाँ कोयले की परतों के नीचे आर्थिक आकांक्षाएँ और पर्यावरणीय प्रश्न साथ-साथ सांस लेते हैं। 21 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने अजय दुबे की याचिका विलंब के आधार पर खारिज की, जिसमें अडानी समूह की महान एनर्जन लिमिटेड (धीरौली कोल ब्लॉक) की वन/पर्यावरण मंजूरी को चुनौती दी गई थी। यह आदेश केवल न्यायिक प्रक्रिया की औपचारिकता नहीं, बल्कि विकास की रफ्तार और नीति-स्थिरता को नई दिशा देने वाला संकेत भी है। कोयला उत्पादन के लिए प्रसिद्ध यह इलाका अब एक बार फिर राष्ट्रीय ऊर्जा विमर्श के केंद्र में मजबूती से उभर आया है, जहाँ भविष्य की राह अब अधिक स्पष्ट दिखाई देने लगी है।

कानूनी अनिश्चितता की परत हटते ही परियोजना के लिए स्थिरता का नया आधार तैयार हो गया है, जो बड़े निवेश और खनन गतिविधियों को गति देता है। सुप्रीम कोर्ट ने समयबद्ध न्याय व्यवस्था का महत्व स्पष्ट करते हुए कहा कि देरी से दाखिल याचिकाएँ विकास की प्रक्रिया को बाधित नहीं कर सकतीं। इसी संदर्भ में सिंगरौली की यह परियोजना राष्ट्रीय ऊर्जा ढांचे में एक मजबूत कड़ी बनती दिखाई दे रही है। बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के बीच यह निर्णय वर्तमान मांगों को संभालते हुए भविष्य की दिशा भी निर्धारित करता है। यह फैसला न्याय और विकास के बीच संतुलन का सशक्त उदाहरण है।

ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। धीरौली कोल ब्लॉक की अधिकतम उत्पादन क्षमता 6.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (6.5 एमटीपीए) निर्धारित है, जिसमें मुख्य रूप से ओपन-कास्ट खनन शामिल है। इस कोयला उत्पादन से अडानी पावर की बिजली उत्पादन श्रृंखला मजबूत होने की उम्मीद है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए यह परियोजना बिजली आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने, उत्पादन लागत को नियंत्रित करने और औद्योगिक विकास को गति देने में सहायक सिद्ध हो सकती है। आधुनिक खनन प्रौद्योगिकी के उपयोग से न केवल उत्पादकता बढ़ेगी बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलेगी।




इस परियोजना से मध्य प्रदेश में आर्थिक संभावनाओं का विस्तार होने की संभावना है। स्थानीय स्तर पर हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे सिंगरौली और आसपास के क्षेत्रों में बेरोजगारी दर कम करने में मदद मिलेगी। छोटे-मध्यम उद्योगों, ट्रांसपोर्ट, होटल, दुकानों और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है। राज्य सरकार को रॉयल्टी, टैक्स और अन्य मदों से पर्याप्त राजस्व प्राप्त होगा। साथ ही सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास को भी गति मिलेगी।

विकास की दौड़ जितनी तेज हो रही है, पर्यावरणीय चेतावनी उतनी ही स्पष्ट और गंभीर स्वर में सामने खड़ी है। सिंगरौली की धरती पहले से ही कोयला खनन के दबाव तले संतुलन बनाए रखने की कोशिश करती रही है। वन भूमि का घटता दायरा, वृक्षों की कटाई और जैव विविधता पर बढ़ता संकट अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आधुनिक तकनीकों जैसे धूल नियंत्रण प्रणाली, जल पुनर्चक्रण और उन्नत प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का प्रभावी उपयोग किया जाए, तो पर्यावरणीय क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही अनिवार्य वनरोपण, मिट्टी संरक्षण और जल स्रोतों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना आवश्यक है।

किसी भी बड़े विकास की असली कसौटी उसकी सामाजिक स्वीकार्यता और स्थानीय भागीदारी होती है। यह परियोजना भी केवल आर्थिक या तकनीकी सफलता पर नहीं, बल्कि समुदायों के समावेशन पर निर्भर करेगी। प्रभावित क्षेत्रों के हजारों परिवारों के लिए पुनर्वास और उचित मुआवजा जरूरी है। वन अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उनकी आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। कौशल विकास के जरिए स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करना और उन्हें प्राथमिकता देना भी आवश्यक है। जब समुदाय विकास का हिस्सा बनेगा, तभी यह परियोजना वास्तव में टिकाऊ और स्वीकार्य होगी।

न्यायिक निर्णयों की दिशा में यह फैसला एक स्पष्ट संदेश छोड़ता है कि प्रक्रिया में अनावश्यक देरी विकास की गति को रोक नहीं सकती। याचिका को विलंब के आधार पर खारिज करना इस बात का संकेत है कि बड़े प्रोजेक्ट लंबे कानूनी ठहराव में नहीं फंसाए जा सकते। यह निर्णय आने वाली परियोजनाओं के लिए एक मजबूत मार्गदर्शक बनकर उभर रहा है। साथ ही यह भी अपेक्षित है कि विकास कार्य पर्यावरणीय मानकों और सामाजिक दायित्वों का सख्ती से पालन करें। कानून का वास्तविक उद्देश्य अनुमति के साथ-साथ संतुलन स्थापित करना भी है।

सतत विकास आज विकास की दिशा तय करने वाला सबसे निर्णायक सिद्धांत बन चुका है। कोयला आधारित ऊर्जा पर निर्भरता को धीरे-धीरे घटाकर सौर, पवन और हाइड्रोजन जैसी स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ना अब अनिवार्य हो गया है। यदि इस परियोजना में स्वच्छ खनन तकनीक, हरित ऊर्जा एकीकरण और सतत पर्यावरण निगरानी को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, तो यह संतुलित विकास का मजबूत उदाहरण बन सकती है। सरकार, उद्योग और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से मजबूत निगरानी तंत्र विकसित करना आवश्यक है, ताकि विकास और पर्यावरण के बीच वास्तविक संतुलन बना रहे।

भविष्य की ऊर्जा तस्वीर अब इसी निर्णय और उसके क्रियान्वयन की दिशा से तय होगी। असली चुनौती यही है कि इस परियोजना को केवल आर्थिक उपलब्धि न बनाकर पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सामाजिक न्याय के संतुलन में ढाला जाए। सिंगरौली यदि विकास और संरक्षण के बीच सही सामंजस्य स्थापित कर पाता है, तो यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत उदाहरण बन सकता है। सच्चा विकास वही है जिसमें प्रकृति, समाज और भविष्य–तीनों साथ-साथ सुरक्षित, संतुलित, जिम्मेदार, समावेशी, टिकाऊ और सतत रूप से आगे बढ़ें।

## आवारा आतंक का साया... !

*गलियों में डर का साया है,*
*हर चेहरा अब घबराया है।*
*नन्हें मासूमों की चीखों से,*
*शहर-गाँव तक कपाया है।*

*कभी इन बच्चों पर हमला,*
*कहीं बुजुर्ग होते लहूलुहान।*
*हर एक 'रोज' सुनते घटना,*
*देख काँप जाता हिन्दुस्तान।*

*दया तो सभी 'जीवों' पर हो,*
*यहीं संस्कृति की हैं पहचान।*
*पर मानव जीवन से बढ़कर,*
*कीमती हैं हम सभी के प्राण।*

*यूं सड़कों पर आतंक न फैले,*
*जागृत हो ऐसी कोई राह बने।*
*हमारी संवेदनाएँ 'जीवित' रहे,*
*जन-जन की भी आवाज बने।*

*इसमें न हो क्रूरता, न लाचारी,*
*बिन्दास होकर 'जीता' इंसान।*
*कुछ व्यवस्था ऐसी कायम हो,*
*सुरक्षित हो हर एक की जान।*
*(संदर्भ - आवारा कुत्ते आतंक का पर्याय)*



*संजय एम तराणेकर*
*(कवि, लेखक व समीक्षक)*
*इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)*
*मो. 98260 25986*

# व्यंग्य: "मेलोडी का सवाल और सवालों की मेलोडी"

देश में इन दिनों एक नई "संगीतमय राजनीति" चल रही है–जहाँ मंच पर विकास के सुर बज रहे हैं और पीछे से सवालों की तालियां गूंज रही हैं। इसी बीच "मेलोडी" शब्द भी राजनीति के राग में शामिल हो गया है।

कहते हैं, कोई 'पप्पू' नामक पात्र ने सवाल उठा दिया कि यह "मोदी की मेलोडी" आखिर किस राग में बज रही है–भक्ति राग, विकास राग या फिर प्रचार राग?

अब समस्या यह नहीं है कि सवाल पूछा गया, समस्या यह है कि सवाल इतना साधारण था कि जवाब देने की बजाय माहौल ही सुर-ताल में बदल दिया गया।

राजनीति में अब स्थिति यह हो गई है कि अगर आप विकास की बात करें तो प्रचार कहा जाता है, और अगर आप सवाल पूछें तो आपको ही "संगीत से अनभिज्ञ" घोषित कर दिया जाता है।

असल में "मेलोडी" अब सिर्फ संगीत नहीं रही, यह एक ऐसा शब्द बन चुका है जिसमें हर कोई अपनी-अपनी धुन सुन रहा है–कोई इसे उपलब्धि मान रहा है, तो कोई इसे विज्ञापन की धुन।

और जनता? वह बीच में बैठी सोच रही है कि असली सुर कहाँ हैं–वादों में या हकीकत में।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी–42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# एडीएम (न्यायिक) की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक, पोषण ट्रैकर व मातृत्व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

## गौतमबुद्धनगर में पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 22 मई 2026। विकास भवन सभागार में आज अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के समस्त सदस्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।



**पोषण ट्रैकर और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा**

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि पोषण ट्रैकर प्रणाली के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण एवं बच्चों के वजन मापन की नियमित निगरानी की जा रही है।

**जनपद में मापन प्रक्रिया की प्रगति: 97.64 प्रतिशत**

गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच में वृद्धि के निर्देश

SAM (कुपोषित) बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती कर फॉलोअप किया जा रहा है

**फेस रिकॉग्निशन से होगा पोषाहार वितरण**

बैठक में बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण हेतु फेस रिकॉग्निशन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जैसे ही पोषाहार प्राप्त होगा, लाभार्थियों को चेहरा प्रमाणीकरण के माध्यम से वितरण किया जाएगा।

यह प्रक्रिया पोषण ट्रैकर पर समयबद्ध रूप से अपलोड करना अनिवार्य होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद में 83 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण एवं विकास कार्य चल रहा है, जिसे ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

**अधिकारियों को दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश**

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका ने बैठक में अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए–

पोषण ट्रैकर पर शत-प्रतिशत डाटा प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए

वजन मापन एवं अठउ डाटा समय पर अपडेट किया जाए

लॉजिस्टिक समस्याओं की सूची तैयार कर तत्काल जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के पात्र लाभार्थियों को शीघ्र लाभ दिया जाए सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए

**मातृत्व योजनाओं पर विशेष जोर**

बैठक में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी बल दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी पात्र महिलाओं को समय पर योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# सिविल सर्विसेज प्री-परीक्षा 2026 की तैयारियां तेज, जनपद में 34 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा

## एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक, नकल विहीन व शांतिपूर्ण परीक्षा पर जोर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 22 मई 2026। संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुरूप आगामी सिविल सर्विसेज प्री-परीक्षा 2026 को शांतिपूर्ण, सुचारु एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा 24 मई 2026 (रविवार) को जनपद के कुल 34 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

**परीक्षा कार्यक्रम**

***प्रथम पाली: प्रातः 09:30 से 11:30 बजे***

***द्वितीय पाली: अपराह्न 02:30 से 04:30 बजे***

इस संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट, लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ परीक्षा संचालन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

**इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर सख्ती के निर्देश**

एडीएम प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि– परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के समय सघन जांच की जाए

किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा

**पुलिस प्रशासन सख्ती से निगरानी सुनिश्चित करे**

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि– सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से कार्यरत हों पेयजल, प्रकाश एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त हों किसी भी कमी की स्थिति में तत्काल समाधान किया जाए

**समय पर ड्यूटी और समन्वय पर जोर**

एडीएम प्रशासन ने कहा कि सभी अधिकारी समय से ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय पर भी बल दिया।

**यूपीएससी प्रतिनिधियों ने दी जानकारी**

बैठक में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नामित अधिकारी मनोज एवं भानु प्रताप सिंह ने परीक्षा संचालन से संबंधित मानकों की विस्तृत जानकारी अधिकारियों को प्रदान की। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक दीपा भाटी सहित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, एलआईओ, केंद्र व्यवस्थापक एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

## महिला बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर, लीगल एड क्लीनिक की समीक्षा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 22 मई 2026। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी रावत द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया।



**लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता व्यवस्था का अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक बृजेश कुमार एवं उप जेलर सुरजीत सिंह उपस्थित रहे।

**महिला बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर**

निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महिला बंदियों को उनके अधिकारों एवं मुकदमों की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई।

निःशुल्क विधिक सहायता एवं अधिवक्ताओं की जानकारी दी गई सभी बंदियों को उपलब्ध कानूनी सहायता पर चर्चा की गई

निरीक्षण में अवगत कराया गया कि जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में वर्तमान में 2432 बंदी निरुद्ध हैं। सचिव ने महिला बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

**जेल प्रशासन को दिए गए निर्देश**

सचिव शिवानी रावत ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि–

सभी महिला बंदियों के केस कार्ड पर अधिवक्ताओं के नाम स्पष्ट रूप से अंकित हों

जेल में स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जाए

किसी भी बंदी को विधिक सहायता से वंचित न रखा जाए

पीएलवी द्वारा संधारित रजिस्टरों का सही रखरखाव सुनिश्चित किया जाए

**विधिक सहायता केंद्र की समीक्षा**

जेल में स्थापित विधिक सहायता केंद्र का भी निरीक्षण किया गया, जहां बंदी पीएलवी द्वारा दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की गई। संबंधित अभिलेखों के रखरखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**जल्द शुरू होगा हेल्प डेस्क**

निर्देशों के क्रम में बताया गया कि मुलाकाती स्थल पर शीघ्र ही लीगल हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी, जिससे बंदियों के परिजन विधिक सलाह एवं सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर जागरूकता अभियान तेज, किसानों और व्यापारियों से सोलर अपनाने की अपील

## जनपद में "हर घर सोलर" अभियान को मिलेगा बढ़ावा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 22 मई 2026। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना" को जनपद में व्यापक रूप से लागू करने के लिए जिला कृषि विभाग ने किसानों, आम नागरिकों तथा खाद-बीज एवं उर्वरक विक्रेताओं से सोलर पैनल लगाने की अपील की है। यह अपील जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे द्वारा जारी की गई।

**योजना का उद्देश्य और लाभ**

इस योजना का मुख्य उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली के खर्च से राहत देकर आत्मनिर्भर बनाना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।

योजना के प्रमुख लाभ–

प्रति माह लगभग 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

अतिरिक्त बिजली ग्रिड को बेचकर आय अर्जित करने का अवसर

1 किलोवाट से 3 किलोवाट या अधिक क्षमता पर सरकारी सब्सिडी सीधे बैंक खाते में

कम ब्याज दर पर बैंक ऋण सुविधा उपलब्ध

**व्यापारियों और किसानों से विशेष अपील**

जिला कृषि अधिकारी ने विशेष रूप से खाद-बीज एवं उर्वरक विक्रेताओं से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर–

बिजली खर्च में भारी कमी लाएं

किसानों को योजना के लिए जागरूक करें

**"ऊर्जा आत्मनिर्भरता" की मिसाल बनें**

किसानों से भी अपने घरों की छतों पर सोलर सिस्टम लगाकर बिजली बिल से मुक्ति पाने की अपील की गई है।

**आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन**

योजना में आवेदन पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जा सकता है–

pmsuryaghar.gov.in राज्य और उक्रउडट का चयन कंज्यूमर नंबर और आवश्यक विवरण भरकर आवेदन

अधिक जानकारी के लिए नागरिक निम्न अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं–

परियोजना अधिकारी यूपी नेडाः मो. 8958609182

सह नोडल अधिकारी (पीएम सूर्य घर योजना): मो. 9599430911

इसके अलावा ब्लॉक कार्यालय या विद्युत विभाग से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**"हर घर सोलर" की ओर कदम**

जिला कृषि विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर न केवल अपने बिजली बिल को कम करें, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दें। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# आबकारी विभाग का सघन निरीक्षण अभियान, दुकानों एवं बार अनुज्ञापनों की हुई जांच

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशों के अनुपालन में तथा जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में जनपद में प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्धनगर के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षकों की टीमों ने 21/05/2026 को देशी शराब की दुकानें, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप एवं बार अनुज्ञापनों का निरीक्षण किया। इस दौरान कैन्टीन की भी गहन जांच की गई।




निरीक्षण के दौरान सभी दुकानों पर नियमों के अनुपालन की स्थिति की जांच की गई तथा गोपनीय टेस्ट परचेज भी कराया गया।

अधिकारियों द्वारा सभी अनुज्ञापियों एवं विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे रियल टाइम रिकॉर्डिंग के साथ संचालित रहें तथा शराब की 100 प्रतिशत बिक्री केवल ढडर मशीन के माध्यम से ही की जाए।

विभाग ने स्पष्ट किया कि नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

# भुर्जी समाज के पारंपरिक कारीगरों व ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार का अवसर, ऑनलाइन आवेदन शुरू

**मोटराइज्ड पॉपकार्न मशीन के लिए 30 मई तक कर सकते हैं आवेदन**

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 22 मई 2026। उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी नीति के अंतर्गत भुर्जी समाज के पारंपरिक कारीगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के इच्छुक व्यक्तियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क मोटराइज्ड पॉपकार्न मशीन उपलब्ध कराई जाएगी।

**योजना का उद्देश्य**

योजना का मुख्य उद्देश्य– पारंपरिक कारीगरों को रोजगार से जोड़ना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देना युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना

**पात्रता और आवेदन प्रक्रिया**

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ज्योति रानी ने बताया कि इस योजना के लिए–

**पात्रता**

आयु सीमा: 18 से 50 वर्ष

भुर्जी समाज के पारंपरिक कारीगर एवं ग्रामीण इच्छुक व्यक्ति

**आवश्यक दस्तावेज**

आधार कार्ड

जाति प्रमाण पत्र

शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र

बैंक पासबुक की प्रति

पासपोर्ट साइज फोटो

**ऑनलाइन आवेदन की सुविधा**

इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी जन सुविधा केंद्र या साइबर कैफे के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

अंतिम तिथि: 30 मई 2026

वेबसाइट: https:// upkvib.gov.in सेक्शन: "ऑनलाइन टूल किट्स पंजीकरण एवं आवेदन"

प्राप्त आवेदनों के आधार पर पात्र लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

**संपर्क जानकारी**

योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए–

9599355293

9580503196

स्वरोजगार की दिशा में बड़ा कदम यह योजना ग्रामीण युवाओं और पारंपरिक कारीगरों को रोजगार के नए अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# व्यापारिक समस्याओं के समाधान हेतु जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

## अतिक्रमण, ट्रैफिक और पार्किंग मुद्दों पर प्रशासन सख्त, त्वरित समाधान के निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 22 मई 2026। जनपद में व्यापारिक गतिविधियों को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे ने की।



**व्यापारियों ने उठाए प्रमुख मुद्दे**

बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने निम्न समस्याएं प्रमुखता से रखीं–

बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण

यातायात जाम की गंभीर समस्या

पार्किंग व्यवस्था की कमी

सड़कों की खराब स्थिति

जीएसटी से जुड़ी दिक्कतें

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी एवं आसपास के क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा हुई।

**अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान के निर्देश**

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि– बाजार क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाए

यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए

आम नागरिकों और व्यापारियों को सुगम आवागमन सुनिश्चित किया जाए

**व्यापारियों के साथ निरंतर संवाद पर जोर**

बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि व्यापारिक हितों को प्राथमिकता देते हुए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। साथ ही व्यापारियों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने पर भी बल दिया गया।

बैठक का संचालन जॉइंट कमिश्नर (एक्जीक्यूटिव) योगेश कुमार विजय तथा डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) अजित कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, प्राधिकरण एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# थाना दादरी पुलिस ने 02 शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना दादरी पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 34 पेटी हरियाणा मार्का अवैध शराब और एक कार बरामद की है।



पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सर्वेश पुत्र मनीराम और निशान्त पुत्र सुरेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को दादरी बाईपास जारचा अंडरपास के पास से पकड़ा गया।

दोनों आरोपी मध्यप्रदेश के जिला भिंड के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# थाना सेक्टर-39 पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग के आरोपी को किया गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी/स्नैचिंग करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 04 चोरी के मोबाइल फोन, एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।



पुलिस के अनुसार आरोपी अंकित कुमार को बोटेनिकल गार्डन मल्टीलेवल पार्किंग के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी राहगीरों से मोबाइल छीनकर उन्हें बेचकर अपना खर्च चलाता था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम में 17 ग्राम पंचायतें सम्मानित



समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम के तहत विकास भवन सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा के सभागार में जनपद की 17 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका ने की, जबकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

**रजत, सिल्वर और कांस्य श्रेणी में सम्मान**

कार्यक्रम में–

02 ग्राम पंचायतों को रजत श्रेणी

06 ग्राम पंचायतों को सिल्वर श्रेणी

09 ग्राम पंचायतों को कांस्य श्रेणी में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**ग्राम प्रधानों की भूमिका की सराहना**

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत बनाने में ग्राम प्रधानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान और जागरूकता अभियान में सहयोग किया।

**आगे भी जारी रहेगा अभियान**

कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने कहा कि जनपद को पूरी तरह टीबी मुक्त बनाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# वेदवान पार्क में नया वाटर कूलर स्थापित, लोगों को मिली राहत

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के वेदवान पार्क में जनसामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नया वाटर कूलर स्थापित किया गया है। पार्क में पूर्व में रोटरी क्लब दिल्ली द्वारा वर्ष 2023-24 में वाटर कूलर लगाया गया था, जो पिछले 3-4 माह से उचित अनुरक्षण के अभाव में खराब हो गया था। इससे पार्क में आने वाले लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा था।




**लगातार शिकायतों के बाद हुई कार्रवाई**

स्थानीय लोगों द्वारा पेयजल सुविधा न होने की लगातार शिकायत की जा रही थी। इसी के मद्देनजर नोएडा उद्यान विभाग ने पुराने खराब वाटर कूलर के स्थान पर नया वाटर कूलर स्थापित कर दिया है।

**जनसुविधा को प्राथमिकता**

प्राधिकरण ने बताया कि पार्क में आने वाले नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, ताकि किसी को भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# थाना फेस-1 पुलिस ने गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार, 2.270 किग्रा गांजा बरामद

नोएडा। थाना फेस-1 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय




सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 2 किलो 270 ग्राम गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्रम कुमार उर्फ चड्डी के रूप में हुई है। उसे सेक्टर-10 नोएडा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी मूल रूप से भागलपुर (बिहार) का रहने वाला है और वर्तमान में जे.जे. कॉलोनी, थाना फेस-1 क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# थाना सेक्टर-39 पुलिस ने कार का शीशा तोड़कर चोरी करने वाले 02 आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने कार का शीशा तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 10,000 नकद, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों की पहचान विशाल शर्मा उर्फ ढोला और सनी के रूप में हुई है। दोनों को सदरपुर क्षेत्र से मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया।



**2 लाख की चोरी की वारदात कबूली**

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 09 मई 2026 की रात शर्मा मार्केट, सदरपुर में खड़ी कार का शीशा तोड़कर करीब 2 लाख की नकदी चोरी की थी। चोरी की रकम को दोनों ने आपस में बांट लिया और अधिकतर पैसे खर्च कर दिए। बरामद 10,000 उसी चोरी की रकम का बचा हुआ हिस्सा बताया गया है।

आपराधिक इतिहास भी सामने आया पुलिस के अनुसार आरोपी विशाल शर्मा एक हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ 22 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। दूसरा आरोपी सनी के खिलाफ भी आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें। न्यूज पोर्टल पर चलवाये

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक संपन्न

**समाज जागरण मुस्कान खान**



मंडावर। आगामी ईद-उल-जुहा (बकराईद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार शाम थाना मंडावर प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवागत थाना प्रभारी संजय कुमार तोमर ने की, जबकि संचालन रघुवीर सिंह ह्यबेधड़कह्न द्वारा किया गया।

बैठक में थाना प्रभारी संजय कुमार तोमर ने शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही कुबार्नी केवल निर्धारित एवं निजी स्थानों पर ही की जाए तथा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों अथवा खुले क्षेत्रों में यह कार्य न किया जाए।

थाना प्रभारी ने कहा कि सड़कों पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं होगी। नमाज केवल ईदगाह एवं मस्जिद परिसरों के भीतर ही अदा की जाए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुबार्नी से संबंधित फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें तथा किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट अथवा अफवाह फैलाने से बचें। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों एवं पत्रकारों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया तथा त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रधान शिव कुमार, नईम, तिलक राम, जमाल, सतेन्द्र, नगर पंचायत के बड़े बाबू राजकुमार, सुपरवाइजर रामअवतार सहित पत्रकार बंधुओं में रवीन्द्र राजपूत, योगेश बंटी, मिर्जा बेग, राकीब अकील, सुनील पाल, मेहताब, कामेंद्र शर्मा, जगमोहन शर्मा, पंकज शर्मा, अवनीश, जीशान और देवेश राजपूत समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# समिति ने राजा राममोहन राय की मनाई जयंती

**समाज जागरण**



चंदौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान समाज सुधारक "राजा राममोहन राय" की जयंती तथा कारगिल युद्ध के शहीद स्क्वाड्रन लीडर "अजय आहूजा" की जयंती सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई ।सर्वप्रथम मुख्य मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि महान समाज सुधारक राजा राममोहन राय का जन्म 22मई 1772में बंगाल के राधानगर में हुआ था। आपके पिता रमाकांत तथा माता तारिणी देवी थीं। राजा राममोहन राय आधुनिक भारत के जनक तथा भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत थे। वह ब्रह्म समाज के संस्थापक, सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रणेता थे। राजा राममोहन राय ने ब्रह्ममैनिकल मैग्जीन, संवाद कौमुदी, मिरात- उल- अखबार , बंगदूत जैसे स्तरीय पत्रों का संपादन एवं प्रकाशन किया। उनके जुझारू सशक्त व्यक्तित्व का अंदाजा लगाया जा सकता है कि सन् 1821ई में अंग्रेज जज द्वारा प्रतापनारायण दास को कोड़े लगाने की सजा दी गई, फलस्वरूप उनकी मृत्यु हो गई। इस बर्बरता के खिलाफ राजा राममोहन राय ने लेख लिखा। उन्होंने भारतीय स्वंतत्रता संग्राम और पत्रकारिता दोनों क्षेत्रों को नई गति प्रदान की। मुगल सम्राट द्वारा उन्हें राजा की उपाधि दी गई और ब्रिटिश शासन द्वारा राय की उपाधि दी गई। राजा राममोहन राय ने मात्र 15बर्ष की आयु तक बंगाली, संस्कृत, अरबी तथा फारसी का ज्ञान प्राप्त कर लिया। राजा राममोहन राय ने 1805से 1814तक ईस्ट इंडिया कम्पनी के लिए भी कार्य किया। बाद में इसे छोड़ कर राष्ट्र की सेवा के लिए अपने को समर्पित कर दिया। राजा राममोहन राय ने बाल विवाह, सती प्रथा, जातिबाद, कर्मकांड, पर्दा प्रथा आदि का खुलकर विरोध किया। राजा राममोहन राय के जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि -सती प्रथा का निवारण करना है। 1831से 1833वह इंग्लैंड प्रवास पर रहे। ब्रिटिश संसद के द्वारा भारतीय मामलो पर परामर्श लिए जाने वाले प्रथम भारतीय थे। 27सितंबर 1833को राजा राममोहन राय ने ब्रिस्टल इंग्लैंड में अंतिम सांस ली। ब्रिस्टल इंग्लैंड में उनकी समाधि है। इस दौरान डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता,संचालक डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता, डॉक्टर निशा गुप्ता, डॉक्टर नितिन कौशिक, अंकित बार्ष्णेय, पंकज कुमार अग्रवाल, आशीष कुमार,विकास बाबू यादव, मैनेजर हिमांशु यादव, अफजल खां, शिवकुमार, अश्विनी शर्मा, शोभा यादव,अनुपम कुमारी, निधि देवी, ज्योति, सपना कासमा,अनस कुमारी, मोहम्मद अनस, सुरेश चन्द्र शर्मा, प्रेमपाल, गुड्डू यादव,आदि मौजूद रहे।

# आपदा प्रबंधन को लेकर स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित, बाढ़ एवं लू से बचाव की तैयारियों की हुई समीक्षा

**समाज जागरण**



बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन के अन्तर्गत स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संभावित बाढ़ एवं लू से बचाव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

**गंगा तटबंधों एवं बाढ़ सुरक्षा व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा**

बैठक के दौरान आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ अच्युत कुमार यादव द्वारा जानकारी दी गई कि जनपद में गंगा नदी के बाएं तट पर बाढ़ सुरक्षा हेतु नगला अजमेरी तटबंध, ईशमपुर तटबंध एवं हरिबाबा तटबंध निर्मित हैं। उन्होंने बताया कि जनपद की गुन्नौर तहसील क्षेत्र मुख्य रूप से गंगा नदी की बाढ़ से प्रभावित होता है।

बैठक में बाढ़ से निपटने हेतु संस्थागत व्यवस्थाओं, बाढ़ शरणालयों एवं प्रबंधन दलों की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही बाढ़ चौकियों, नावों की उपलब्धता, गोताखोरों की तैनाती तथा महत्वपूर्ण फोन नंबरों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**ईशमपुर तटबंध एवं राहत संसाधनों की समीक्षा**

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पिछले 10 वर्षों में ईशमपुर तटबंध की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। सिंचाई विभाग से बाढ़ की तैयारियों के अंतर्गत बल्लियों एवं रेत से भरी बोरियों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गई।

इसके अतिरिक्त पुलिस एवं पीएसी के सहयोग, स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों, विद्युत विभाग तथा पशुपालन विभाग द्वारा की गई व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इमरजेंसी कम्यूनिकेशन प्लान पूर्व से तैयार रखा जाए, जिससे आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**लू एवं गर्म हवाओं से बचाव के लिए दिए गए निर्देश**

बैठक में वर्तमान मौसम परिस्थितियों को देखते हुए लू एवं गर्म हवाओं से बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को जनजागरूकता बढ़ाने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकास चन्द्र, डिप्टी कलक्टर रामानुज तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम में मुंडन प्रकरण में बहाने बाजी और आरोप प्रत्यारोप की जगह दोषियों पर सख्त और ठोस कार्रवाई करें - सौली भईया।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। नगर निगम में अपने क्षेत्र में पानी और विकास कार्यों की मांग को लेकर सुनवाई न होने पर नगर निगम के वार्ड नंबर 6 की पार्षद श्रीमती उषा शंखवार ने अपना मुंडन करा लिया

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली जिला उपाध्यक्ष रघुराज सविता फिरोजाबाद विधानसभा अध्यक्ष नरेश शंखवार सपा नेता प्रमोद शंखवार ने पार्षद श्रीमती उषा शंखवार के आवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य एवं घटना की जानकारी ली इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं का सम्मान नहीं करती नगर निगम फिरोजाबाद में भ्रष्टाचार और मनमानी है और यह पूर्व नियोजित है 2023 में नगर निकाय के चुनाव में जिन्होंने मोहरा बिठाकर नगर निगम को अपने कब्जे में ले लिया उसी का यह परिणाम है

इस मौके पर सवाल उठाते हुए सतेन्द्र जैन सौली ने कहा की नगर निगम में आई,एस लेवल के नगर आयुक्त मौजूद रहते हैं और पीसीएस लेवल के अफसरों की फौज वहां रहती है नगर निगम से कुछ मीटर की दूरी पर थाना उत्तर है जहां पुलिस प्रशासन रहता है कुछ ही मीटर की दूरी पर नगर विधायक का आवास और कार्यालय है नगर निगम में कई घंटे तक यह पूरा प्रकरण चलता है शहर भर की मीडिया वहां इकट्ठी होती है जबकि लॉयन ऑर्डर की जिम्मेदारी सिटी मजिस्ट्रेट की होती है वह भी मौके पर नहीं पहुंचते है कोई अधिकारी तथा वैधानिक पदों पर बैठे हुए लोग न हस्तक्षेप न रोकने का प्रयास करते है

जब कोई सुनवाई नहीं करता तो वहां दलित समाज की बेटी जो अपने क्षेत्र की जनता के ताने सुन रही थी अपने आप को अपमानित महसूस करती है और रोते हुए बहन पार्षद उषा शंखवार अपना मुंडन करा लेती है उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में सब अपना अपना बचाव करने में लगे हैं और उस दलित समाज की बेटी को ही दोषी ठहरने की कोशिश कर रहे हैं

जबकि ऐसे हालात पैदा करने वाले दोषी अधिकारियों और नेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए थी बहन श्रीमती उषा शंखवार को न्याय मिलना चाहिए था जिसकी उम्मीद इस भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार में कम ही है

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी के केशः सौंदर्य,गौरव और सम्मान का प्रतीक है और इतनी बड़ी घटना होने पर बहाने बाजी की जगह सख्त और ठोस कार्रवाई की समाजवादी पार्टी मांग करती है।

# उच्च आय सम्बर्धन हेतु बासमती धान की उन्नत प्रजातियों का करें चयन

**समाज जागरण मुस्कान खान**




जनपद बिजनौर नगीना। कृषि विज्ञान केंद्र नगीना प्रभारी ने किसानों को खरीफ फसल में बासमती धान का उत्पादन करके कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त करने की शि जानकारी दी है।

कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के डॉ के के सिंह ने किसानों को सलाह देते हुए बताया है कि वर्तमान समय में किसान भाई अपने गेहूं सरसों आदि फसलों से खाली हुए खेतों में खरीफ फसल लगाने की प्लानिंग कर रहे होंगे। खरीफ में बासमती धान का उत्पादन करने से किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त होता है क्योंकि बासमती चावल की कीमत सामान्य चावल की कीमत की अपेक्षा 2 गुना तक ज्यादा होती है।

बासमती धान की खेती करते समय गुणवत्ता युक्त उत्पादन प्राप्त करने के लिए बासमती धान की ऐसी प्रजातियों का चयन करना चाहिए जो प्रजातियां गुणवत्ता के साथ-साथ उच्च उत्पादन देने की क्षमता रखती हैं। ऐसे में जनपद के किसान साथियों को बासमती की उन्नत प्रजातियां जैसे पूसा बासमती-1, पूसा बासमती-1692, पूसा बासमती 1401, पर विशेष ध्यान रखना चाहिए।

पूसा बासमती 1692: यह प्रजाति बासमती धान की प्रजातियां में सबसे कम अवधि की उच्च गुणवत्ता युक्त वाली प्रजाति है। यह प्रजाति 110 से 115 दिन में पककर तैयार हो जाती है। इस प्रजाति से औसतन प्रति हेक्टेयर उत्पादन 53 कुंतल तक उपज प्राप्त की जा सकती है।

पूसा बासमती-1: इस प्रजाति की फसल अवधि लगभग 135-140 दिन है.। इस प्रजाति से औसत उत्पादन लगभग 48- 55 कुंतल प्रति हेक्टेयर तक प्राप्त की जा सकती है। पूसा बासमती-1401: इसकी फसल अवधि 145-150 दिन है। इस प्रजाति से 45 से लेकर 50 कुंतल तक हेक्टेयर तक औसत पैदावार प्राप्त की जा सकती है।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने उच्च शिक्षण संस्थानों में ड्रेस कोड के फैसले का किया स्वागत

**समाज जागरण**



चंदौसी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए 'ड्रेस कोड' अनिवार्य करने के ऐतिहासिक निर्णय पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई, ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में कैथल गेट स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी जाहिर की । संगठन के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने सरकार के इस कदम को युवाओं में अनुशासन और समानता की भावना पैदा करने वाला बताया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि इस नीति से कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में अमीर-गरीब का भेद समाप्त होगा और सभी विद्यार्थियों में एक समान सामाजिक समरसता की भावना मजबूत होगी। मौसम गुप्ता ने कहा ड्रेस कोड लागू होने से शिक्षण संस्थानों का माहौल पूरी तरह अनुशासित, सकारात्मक और गरिमामय बनेगा।यह निर्णय न केवल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा, बल्कि विद्यार्थियों का ध्यान बाहरी दिखावे से हटकर पूरी तरह अपनी पढ़ाई और करियर पर केंद्रित हो सकेगा।

प्रभात कृष्णा ने कहा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई इस छात्र-हितैषी और अनुशासित कदम के लिए प्रदेश सरकार का आभार प्रकट करती है और इसे शिक्षा जगत में एक बड़ा सुधारात्मक कदम मानती है।इस अवसर पर प्रभात कृष्णा मौसम गुप्ता मंतेश वार्ष्णेय प्रदीप वार्ष्णेय भरत अग्रवाल निशांत शर्मा तुषार कृष्टल शुभम अग्रवाल रितिक वार्ष्णेय गोविंद वीरपाल राना आदि प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# ग्राम पतरौआ में 32 बीघा तालाब अतिक्रमण मुक्त

## जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील प्रशासन की कार्रवाई, तालाब संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**समाज जागरण**



बहजोई। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निदेर्शानुसार जनपद में तालाबों एवं चक मार्गों पर से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में तहसील चंदौसी के ग्राम पतरौआ में स्थित एक बड़े तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

ज्ञात हो कि बुधवार को जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल द्वारा समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर जनपद के चक मार्गों और सरकारी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने विशेष रूप से 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर सूची तैयार करने एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा था।

इसी क्रम में उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी के निर्देशन में तहसीलदार चंदौसी रविन्द्र विक्रम एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम पतरौआ में स्थित गाटा संख्या 329-क, लगभग 32 बीघा क्षेत्रफल वाले तालाब का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि तालाब के कुछ हिस्से में कूड़ा एवं घूर डाला जा रहा था, जिससे तालाब का वास्तविक क्षेत्र प्रभावित हो रहा था।


तहसील प्रशासन ने ग्रामवासियों की मौजूदगी में तालाब की पैमाइश कराते हुए संबंधित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। साथ ही ग्रामीणों को तालाबों की उपयोगिता एवं संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया गया।

तहसीलदार रविन्द्र विक्रम ने कहा कि तालाब जल संचयन के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। वर्षा ऋतु में तालाबों के संरक्षित रहने से जलभराव की समस्या कम होगी तथा वर्षा जल का बेहतर संचयन संभव हो सकेगा। इससे पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने स्पष्ट कहा कि जनपद में तालाबों एवं चक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से तालाबों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में प्रशासन प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रहा है।

# श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस भक्ति, वैराग्य एवं जीवन दर्शन के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। एस.एच .जे मॉडर्न स्कूल प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस कथा स्थल पूर्णतः भक्तिमय वातावरण में सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कथा आयोजक ओम प्रकाश शर्मा द्वारा विधिवत पूजन एवं भव्य आरती के साथ हुआ। जिसके पश्चात परम पूज्य महामृत्युंजय पीठाधीश्वर महाकाल उज्जैन के स्वामी श्री प्रणवपुरी महाराज व्यासपीठ पर विराजमान हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ . प्रभाष्कर राय द्वारा किया गया।

कथा के दौरान महाराज श्री ने माता सती एवं भगवान शंकर के प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि जहाँ विरोध, अपमान एवं कटुता का वातावरण हो, वहाँ जाने से सदैव बचना चाहिए। भगवान शंकर द्वारा माता सती को समझाया गया था। कि अपने ही स्वजनों द्वारा दिया गया अपमान मनुष्य को सबसे अधिक पीड़ा देता है। शस्त्र का घाव समय के साथ भर सकता है। किंतु कटु वचनों से मिला आघात जीवनभर मन में बना रहता है। महाराज श्री ने बताया कि भगवान शंकर की आज्ञा के विरुद्ध माता सती जब दक्ष प्रजापति के यज्ञ में पहुँचीं और वहाँ शिवजी का भाग न देखकर अत्यंत व्यथित हुईं, तब उन्होंने योग अग्नि में अपने शरीर का त्याग कर दिया। वही माता सती पुनः हिमालय के घर माता पार्वती के रूप में अवतरित होकर भगवान शंकर से विवाह करती हैं। महाराज श्री ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि संसार प्रायः उगते हुए सूर्य को ही प्रणाम करता है। जब ध्रुव जी को उनकी विमाता सुरुचि द्वारा भरी सभा में अपमानित कर दिया गया था, तब कोई उनके पक्ष में खड़ा नहीं हुआ। किंतु भगवान की कठोर तपस्या एवं भगवत कृपा प्राप्त कर जब ध्रुव जी लौटे, तब वही समाज, प्रजा एवं राजपरिवार उनके स्वागत के लिए उपस्थित दिखाई दिए। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति, दृढ़ निश्चय एवं भगवान के प्रति समर्पण मनुष्य को महानता के शिखर तक पहुँचा देते हैं।

जड़ भरत के प्रसंग द्वारा महाराज श्री ने समझाया कि संसार का मोह ही जीव को जन्म-मरण के चक्र में बाँधे रखता है। वहीं अजामिल प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि इस ब्रह्मांड में मनुष्य के प्रत्येक कर्म पर ईश्वर की दृष्टि रहती है और हरि नाम का स्मरण ही कलियुग में जीव के कल्याण का सबसे सरल एवं प्रभावी मार्ग है।

कथा के दौरान पूरा वातावरण भक्ति संगीत, मधुर भजनों एवं हरि बोल तथा राधे-राधे के जयकारों से गुंजायमान रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण एवं आरती में सम्मिलित होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

इस अवसर पर डॉ . उग्रसेन पांडेय, दिवेन्द्र शास्त्री, ब्रजेश कटारा, देवव्रत पांडेय, अशोक शुक्ला, नरेंद्र शर्मा, डॉ प्रभाष्कर राय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वेतन की मांग को लेकर स्वास्थ्य संविदा कर्मियों का सीएचसी पर दिया धरना

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नगीना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में एन.एच.एम.से जुडे कार्यरत संविदा पर चल रहे डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों पिछले दो माह के वेतन भुगतान की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार किया और धरने पर बैठ गए।

गुरुवार की सुबह नेशनल हेल्थ मिशन ब्लॉक कोतवाली व सीएचसी नगीना यूनियन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में ब्लॉक कोतवाली व नगीना के कर्मचारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एकत्र हुये और नो पे, नो वर्क की तर्ज पर अपने वेतन की मांग को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया , कर्मचारियों का कहना था कि उनका दो माह का वेतन पहले से बकाया है ,तथा तीसरा महीने का वेतन भी डयू हो गया है ,पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार शांति पूर्वक कार्य बहिष्कार कर धरना दिया जा रहा है।

सीएचसी नगीना परिसर में दरी बिछा कर धरने पर बैठने वालों में डॉक्टर नवेद इकबाल, डॉक्टर माज जलील शमसी, डॉक्टर प्रज्वल, डॉक्टर राहुल, डॉक्टर विशाल कुमार, डॉक्टर आर एस एम जैदी, डॉक्टर मीनाक्षी रस्तोगी, स्वास्थ्य कर्मी गौरव, अरुण, हितेश, दीपक, पूजा विश्नोई, स्वाति, रमनजीत कौर, अर्चना सिंह, प्रमोद देवी, शक्ति सिंह, मनीष कुमार, पीयूष कुमार, सना उल हक, मीनाक्षी, बबीता, फैजान, अभिषेक तथा समस्त एनएचएम व एएनएम स्टॉफ शामिल रहा।

# गंगा पर नहाने गए किसान का चार दिन बीत जाने के बाद भी नही लगा सुराग

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। क्षेत्र के गांव जहाँगीरपुर निवासी हरी सिंह चार दिन पहले दिन मंगलवार को गंगा नदी में नहाते समय डूब गए थे।प्राप्त जानकारी



के अनुसार, घटना गलखा माता मंदिर के सामने स्थित गंगा घाट पर हुई थी। हरी सिंह के डूबने के चार दिन बीत जाने के बाद भी उनका शव अब तक नहीं मिल सका है। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल एनडीआरफ की टीम प्रतिदिन खोज अभियान चला रही है, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है।परिजनों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि गोताखोरों को पानी में नहीं उतारा गया, जिस कारण शव नहीं मिल पा रहा है। शुक्रवार को भी परिजनों ने एस डी आर एफ टीम के सामने विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर थाना मंडावर से हल्का प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, कांस्टेबल विकास तोमर, महिला कांस्टेबल वंदना सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**समाज जागरण**

सम्भल/बहजोई।कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक में डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी पीओ नेडा रामानुज द्वारा विभिन्न विभागों – पूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा विभाग, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों तथा समस्त खंड विकास अधिकारियों के पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत निर्धारित मासिक लक्ष्यों की समीक्षा की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को योजना की प्रगति में तेजी लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान वेंडर स्तर पर लंबित आवेदनों की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। लक्ष्य के सापेक्ष कार्य प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायती राज अधिकारी तथा समस्त अधिशासी अधिकारियों (नगर पालिका/नगर पंचायत) को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने डिस्कॉम अधिकारियों को चंदौसी क्षेत्र में सोलर इंस्टॉलेशन से संबंधित एक्सपोर्ट यूनिट से संबंधित मामलों में उत्तरदायित्व निर्धारित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा, एक की मौत, तीन गंभीर

**समाज जागरण**

बहजोई। बहजोई कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार शाम गंगा एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। किसौली गांव के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आगे चल रहे आयशर कैंटर में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि



स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए और कैंटर भी अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के मुताबिक शाम करीब 5:30 बजे स्कॉर्पियो सवार चार लोग दिल्ली से अयोध्या जा रहे थे। किसौली के पास चालक ने संतुलन खो दिया और कार कैंटर से टकरा गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया।

यूपीडा की एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी बहजोई ले जाया गया। यहां स्कॉर्पियो सवार सिद्धार्थ की मौत हो गई। चालक पीयूष, करण और वरुण गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारण एक्सप्रेस-वे पर कुछ देर यातायात बाधित रहा। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगा रही है।

# चेयरमैन हाजी मुंतजिर ने किया जनगणना का ऑनलाइन स्व - मूल्यांकन, नागरिकों से की सहयोग की अपील

नगर पंचायत रटौल के चेयरमैन ने कहा- विकास योजनाओं के लिए जनगणना में सही जानकारी देना जरूरी

**समाज जागरण चांदीनगर।**
नगर पंचायत रटौल के चेयरमैन चौधरी हाजी मुंतजिर ने जनगणना संबंधी स्वयं मूल्यांकन की प्रक्रिया ऑनलाइन पूर्ण की। इस दौरान उन्होंने नगरवासियों से जनगणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। चेयरमैन हाजी मुंतजिर ने कहा कि जनगणना देश के विकास एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण आधार है। प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंच सकेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे समय पर स्वयं



मूल्यांकन करें और शासन-प्रशासन को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। इससे नगर के विकास कार्यों में तेजी आएगी और जरूरतमंदों तक योजनाएं पहुंचेंगी। नगर पंचायत प्रशासन ने भी नागरिकों से जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

# पवित्र विचार अपनाएं बेटियां : रवि शास्त्री

**समाज जागरण बागपत।**
आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत की ओर से 4 जून से चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बड़ौत में शुरू होने वाले आवासीय संस्कार शिविर के लिए जय पार्वती ग्लोबल स्कूल रमाला में एक दिवसीय विचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभा मंत्री रवि शास्त्री ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा पवित्र विचार अपनाएं बेटियां। आपके विचार जल के समान है। यदि जल में गंदगी मिलाओ तो गंदा



नाला बन जाता है। यदि उसमें अच्छाई मिलाओ, तो गंगाजल के समान पवित्र हो जाता है। विचार दो प्रकार के हो सकते हैं, अच्छे भी और बुरे भी। अच्छे विचार आपकी वाणी और आचरण को सुधार देंगे। इससे आपको अत्यंत सुख मिलेगा। अच्छे विचारों को आत्मसात करने वाला व्यक्ति ही जीवन के उच्चतम लक्ष्य को प्राप्त करता है और समाज का मार्गदर्शन करता है। आज सभी क्षेत्रों में बेटियों के द्वारा नए-नए कीर्तिमान स्थापित किये जा रहे हैं। पवित्र विचारों के द्वारा ही बेटियों के माध्यम से भारत को पुनः विश्व गुरु बनाया जा सकता है। वर्तमान परिपेक्ष में बेटियों के द्वारा पवित्र विचारधारा की प्रासंगिकता समय की मांग है। जिससे बदलते समय के साथ बेटियां भारतीय प्राचीन जीवन पद्धति को आत्मसात कर जीवन को श्रेष्ठ बनाएं। महर्षि दयानंद विद्यापीठ किरठल, चेतना इंटर कॉलेज किशनपुर बिराल, लुमब,तुगाना, बासोली, बावली आदि गांव में जनसंपर्क किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सहेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्या दीपा चौधरी, प्रबंधक जयवीर सिंह, प्रबंधक ओमपाल सिंह, धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य, जावेद, सविता,मीनाक्षी ,पायल, अंकुश जैन आदि उपस्थित रहे।

## इंग्लिश कम्युनिकेशन प्रोग्राम से निखरेगा व्यक्तित्व : पवन त्यागी

**समाज जागरण बागपत।**

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जिवाना गुलियान में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए इंग्लिश कम्युनिकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, संवाद कौशल एवं आत्म विश्वास को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के ओवरऑल डेवलपमेंट पर विशेष रूप से चर्चा की गई तथा प्रभावी संवाद कौशल, व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने पर जोर दिया गया। विद्यालय के एकेडमिक कॉर्डिनेटर प्रशांत वशिष्ठ




ने विद्यार्थियों की विशेष कक्षा लेते हुए प्रभावी संचार, आत्मविश्वास वृद्धि एवं व्यक्तित्व निखार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए इसे उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ अनिल आर्य, निदेशक डा सुनील आर्य, प्रधानाचार्य पवन कुमार त्यागी, उप प्रधानाचार्य डॉ सुशील वत्स सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## एम जे म्यूजिकल ग्रुप 31 मई को प्रस्तुत करेगा म्यूजिकल कार्यक्रम : मुकेश जैन

**समाज जागरण बागपत।**
एम जे म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आगामी 31 मई को राजेंद्र भवन ऑडिटोरियम दिल्ली में भव्य म्यूजिकल ईवनिंग' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में बागपत समेत दिल्ली एनसीआर व देशभर के प्रतिभाशाली गायक, कलाकार और परफॉर्मर अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक, डायरेक्टर एवं सिंगर मुकेश जैन ने बताया कि यह आयोजन संगीत, मनोरंजन और सांस्कृतिक मेल-मिलाप का एक अनूठा संगम होगा।



कार्यक्रम में पुराने सदाबहार गीतों से लेकर नए दौर के लोकप्रिय गीतों तक की शानदार प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा लाइव म्यूजिक, डुएट परफॉर्मेंस, सोलो सिंगिंग और विशेष मंचीय प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। दोपहर को ढाई बजे से हाई टी का आयोजन रखा गया है, जहां सभी अतिथियों एवं कलाकारों का स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्य कार्यक्रम शाम 3 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजकों का उद्देश्य संगीत के माध्यम से कलाकारों को एक मंच प्रदान करना और संगीत प्रेमियों को एक यादगार अनुभव देना है। मुकेश जैन ने सभी संगीत प्रेमियों, कलाकारों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि वे इस भव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

## पक्षियों के लिए निःशुल्क जल-अन्न पात्र बांटेगा धर्म संघ

२५ मई को अवार्चीन इंटर कॉलेज में कार्यक्रम, ९४१२६२९८०१ पर दें सूचना

**समाज जागरण**
खेकड़ा। अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ खेकड़ा गंगा अवतरण दिवस पर 25 मई सोमवार सुबह 11 बजे अवार्चीन इंटर कॉलेज में बेजुबान पक्षियों के लिए



मिट्टी के जल-अन्न पात्र निःशुल्क बांटेगा। महामंत्री चौधरी उमेश शर्मा ने बताया कि इच्छुक लोग मोबाइल नंबर 9412629801 पर सूचना दें। विशिष्ट अतिथि पात्र भेंट करेंगे। ये पात्र स्कूलों, मंदिरों व चौराहों पर भी रखे जाएंगे।

# बेटी को विदा कराने आए मेहमानों की गाड़ी पर पथराव

**समाज जागरण छपरौली।**
रठौड़ा गांव में गाली-गलौच, पथराव और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित अशोक कुमार ने गांव के तीन युवकों पर परिवार को आतंकित करने और हमला करने का आरोप लगाते हुए थाना छपरौली में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित अशोक कुमार ने बताया कि उनके घर पर लड़की को लेने के लिए रिश्तेदार मेहमान गाड़ी लेकर आए हुए थे। इसी दौरान गांव के तीन युवक वहां पहुंचे और बिना किसी कारण गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि तीनों ने घर के बाहर खड़े होकर बच्चों और परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मेहमानों की गाड़ी पर ईंट-पत्थर से हमला करने का प्रयास किया, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़ित अशोक कुमार ने पुलिस से परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की अपील की है। उन्होंने आरोप लगाया कि तीनों युवक आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और क्षेत्र में दबंगई करते हैं। पीड़ित ने कहा कि भविष्य में यदि उनके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके जिम्मेदार यही आरोपी होंगे। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों गौरव, गोली उर्फ सौरभ और सरल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## राज्यमंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर खैला पहुंचे, समाजसेवी शिक्षक प्रेमराज भाटी के निधन पर जताया शोक

९० वर्षीय शिक्षक ने गांव में इंटर व डिग्री कॉलेज की स्थापना कर जगाई थी शिक्षा की अलख, क्षेत्र में शोक की लहर

**समाज जागरण चांदीनगर।**
खैला गांव निवासी 90 वर्षीय समाजसेवी व शिक्षक प्रेमराज भाटी का तीन दिन पूर्व निधन हो गया था। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने खैला पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और इसे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। प्रेमराज भाटी ने शिक्षक रहते हुए गांव में एक इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज की स्थापना कर क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई थी। उन्होंने हजारों युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। उनके निधन के बाद क्षेत्र के गणमान्य लोग



लगातार परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। राज्यमंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि प्रेमराज भाटी ने शिक्षा की जो ज्योति जलाई, वह हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। ऐसे समाजसेवी शिक्षक का जाना क्षेत्र के लिए बड़ा नुकसान है। हमें उनके विचारों को आगे बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर मास्टर सतबीर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सपा सांसद, मोनू कश्यप हत्या कांड को लेकर कर रही राजनीति

**समाज जागरण**
शामली। फुरकान जंग) भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री आरिफ हवारी ने हाल ही में हुए मोनू कश्यप प्रकरण को लेकर राजनीतिक बयान जारी किया गया है। उन्होने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन ने सूझबूझ दिखाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है, लेकिन सपा सांसद उक्त प्रकरण को लेकर राजनीति कर रही है।
उन्होने सपा सांसद इकरा हसन पर राजनीतिक आरोप लगाए गए तथा उनके हालिया कार्यक्रमों और बयानों को लेकर आपत्ति जताई गई। साथ



ही कश्यप समाज और गुर्जर समाज से शांति एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। भाजपा नेता ने कहा कि समाज को किसी भी प्रकार के तनाव या भड़काऊ राजनीति से बचना चाहिए, लेकिन सपा सांसद इकरा हसन दो समाज से जुडे मुददों को लेकर भी राजनीति कर रही है। जिससे समाज के लोगों पर बुरा असर पडता है। सहारनपुर में पुलिस के आला अधिकारियों के साथ सपा कार्यकताओं ने जो ड्रामा किया है वह सभी को जग जाहिर है। उन्होने कहा कि पुलिस पहले ही उक्त प्रकरण में निषपक्ष जांच कर रही है और पीडित पक्ष द्वारा नामजद किए गए दो युवकों को जेल भेज चुकी है।

## वनाधिकारी ने किया सरकारी ट्रामा सेंटर में कटे पेड़ों का निरीक्षण।

**समाज जागरण**
फिरोजाबाद। सरकारी ट्रामा सेंटर में हरे पेड़ कर टीन की ओपीडी बनाई थी। जिसका आज वन विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया शिवसेना के जिला प्रमुख राजीव शर्मा द्वारा सरकारी ट्रामा सेंटर में हरे पेड़ काटने की



शिकायत वन विभाग के अधिकारी एवं सीओ सिटी के यहां की थी। राजीव शर्मा के अनुसार उन्होंने रिपोर्ट पर गलत आख्या लगाकर कार्य की इतिश्री कर ली और जब इसकी जानकारी राजीव शर्मा को हुईतो उन्होंने इसकी शिकायत जिला अधिकारी संतोष कुमार शर्मा से की उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुनः जांच के आदेश वन विभाग को दिए वन विभाग द्वारा डिप्टी रेंजर मोहित कुमार यादव और एक सब इंस्पेक्टर को भेजा जिन्होंने पूरी जांच कर आंख्या रेंजर को देने की बात की है उन्होंने राजीव शर्मा को उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

## पुलिस कर्मियों एवं परिजनों के लिए निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली। (फुरकान जंग) पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों, महिला आरक्षियों एवं उनके परिवारजनों ने प्रतिभाग कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।
शिविर में विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम द्वारा लोगों की आंखों की विस्तृत जांच की गई। इस दौरान दृष्टिदोष, आंखों में जलन, कमजोरी एवं अन्य नेत्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।



चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को आंखों की नियमित जांच कराने, संतुलित आहार लेने तथा दैनिक जीवन में आंखों की सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन
द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य पुलिस परिवार के सदस्यों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों के कल्याण के लिए समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, महानगर द्वारा नगर निगम में नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, महानगर फिरोजाबाद के पदाधिकारियों द्वारा नगर निगम में नगर आयुक्त महोदय को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जिला अध्यक्ष रामनरेश कटारा एवं महानगर अध्यक्ष प्रशान्त माहेश्वरी के संयुक्त नेतृत्व में दिया गया।
ज्ञापन में शहर एवं व्यापारियों से जुड़ी



विभिन्न जनहित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। मुख्य मांगें निम्नलिखित रहीं– शास्त्री मार्केट में पूर्व में दिए गए मांग पत्र पर शीघ्र कार्रवाई दुकानों के ट्रांसफर से संबंधित समस्याओं का समाधान
बाजार क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कार्य
पेशाबघर (यूरीनल) की मरम्मत एवं नियमित साफ-सफाई व्यवस्था
आशफाबाद क्षेत्र में पिंक टॉयलेट की स्थापना गर्मी के मौसम को देखते हुए मुख्य बाजार व चौराहे पर ग्रीन तिरपाल की व्यवस्था विभव नगर कॉलोनी के पार्क में बैठने हेतु बेंचों की मरम्मत व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त महोदय से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया, जिससे व्यापारियों एवं आमजन को राहत मिल सके। ज्ञापन देने के दौरान जिला अध्यक्ष रामनरेश कटारा, महानगर अध्यक्ष प्रशान्त माहेश्वरी के साथ श्री भरत गोयल, सौरव वर्मा, निकेश जैन अध्यक्ष, शास्त्री मार्केट सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्र की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता विजय शिवहरे।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**
फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद द्वारा मोती इंपीरियल रिजॉर्ट उसाइनी फिरोजाबाद में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटनकर्ता विजय शिवहरे प्रदेश मंत्री / एमएलसी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर शुभारंभ किया। प्रशिक्षण वर्ग अत्यंत प्रेरणादायी एवं अनुशासित वातावरण में जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ।
उद्घाटन व प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता विजय शिवहरे एम. एल.सी./ प्रदेश मंत्री में ह्लबूथ प्रबंधन एवं मन की बातह्व विषय पर अपने विचार साझा करते हुए संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की भूमिका एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने पर विस्तृत चर्चा की।
द्वितीय सत्र-- वैचारिक अधिष्ठान के मुख्य वक्ता यादवेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश सह संयोजक भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ ने सम्बोधित किया इस सत्र की अध्यक्षता व्रन्दावन लाल गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा की गई।
तृतीय सत्र-- भाजपा का इतिहास व



विकास यात्रा मुख्य वक्ता ब्रज बहादुर भारद्वाज प्रदेश उपाध्यक्ष ने सम्बोधित किया इस सत्र की अध्यक्षता मानवेन्द्र प्रताप सिंह लोधी पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा की गई।।

चतुर्थ सत्र- - व्यवहारिक सत्र इस विषय पर मुख्य वक्ता श्रीमती अंजुला सिंह माहौर प्रदेश मंत्री / विधायक द्वारा इस सत्र के विषय पर सम्बोधित किया गया , इस सत्र की अध्यक्षता श्रीमती सुमन चतुर्वेदी पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा की गई। पंचम सत्र -- विचार परिवार विषय पर मुख्य वक्ता मा. दिनेश शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा सम्बन्धित विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। अध्यक्षता महेश राजपूत पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा की गई।।
छठवाँ सत्र -- कार्य पद्दित विषय पर अनिल चौधरी पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष द्वारा सम्बोधित किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता मानवेन्द्र प्रताप सिंह लोधी पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा की गई।।
सांतवा सत्र --- सरकार की योजनाएं व उपलब्धियां एव संगठन की भूमिका विषय पर मुख्य वक्ता मा. जयवीर सिंह केबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने सम्बोधन करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मा. योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में संचालित गरीब कल्याणकारी योजनाओं एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका विषय पर कार्यकताओं के साथ विस्तृत रूप से संवाद किया।
ऐसे प्रशिक्षण शिविर कार्यकताओं में वैचारिक स्पष्टता, संगठन के प्रति निष्ठा, सेवा भाव एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पण को और अधिक सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर संगठन की कार्यपद्धति, जनसेवा, राष्ट्र निर्माण एवं कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।इस सत्र में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व राष्ट्रसेवा के उद्देश्य पर विस्तृत रूप से चर्चा कर संवाद किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास कार्यों, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान और सेवा भाव से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के संकल्प को और मजबूत किया।
भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित, संगठन और समाज सेवा की भावना के साथ निरंतर जनसेवा में समर्पित होकर कार्य कर रहा है।।। इस दौरान प्रमुख रूप से अनिल चौधरी जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी , प्रेम पाल सिंह धनगर विधायक टूंडला , मानवेन्द्र प्रताप सिंह लोधी पूर्व जिलाध्यक्ष , वृंदावन लाल गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष ,हरिओम यादव पूर्व विधायक , शिव सिंह चक पूर्व विधायक , मोहन देव शंखवार पूर्व विधायक , महेश राजपूत पूर्व जिलाध्यक्ष , सुमन चतुर्वेदी पूर्व जिलाध्यक्ष , डॉ . अमित गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी , सन्दीप श्रीवास्तव , नीतू श्रीवास्तव , ठा. राघवेंद्र सिंह पूर्व चेयरमैन , राजीव यादव , अजीत राजपूत , ओमेन्द्र बघेल , विपिन शिवहरे , शिव शंकर शर्मा , सुरेंद्र सावन झा , शैलेंद्र सिंह , गोपाल कृष्ण सिंह , शीलू सविता , आजाद जैन , अल्पना शर्मा , रेखा उपाध्याय , वीरेन्द्र प्रताप सिंह , प्रशान्त शर्मा पवन चक , , नीलम दिवाकर , संजय चक , रेणु उपाध्याय सहित जिले के समस्त पदाधिकारीगण, मण्डल अध्यक्षगण सहित कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे। संचालन आकाश शर्मा जिला महामंत्री द्वारा किया गया।

## भीषण गर्मी के चलते जनगणना कार्य स्थगित करने की मांग, यूटा ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन।

**समाज जागरण**
फिरोजाबाद। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और आगामी दिनों में हीट वेव की चेतावनी को देखते हुए यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) फिरोजा बाद ने जनगणना कार्य को फिलहाल स्थगित किए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में यूटा के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर के निर्देशन में जिलाध्यक्ष डॉ जया शर्मा एवं महामंत्री मुकेश राजपूत के नेतृत्व में यूटा के अन्य पदाधिकारियों सहित प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय पर श्री राजेन्द्र सिंह प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई हैं कि जनगणना निदेशालय के निर्देशों के क्रम में पूरे प्रदेश में जनगणना का कार्य संचालित किया जा रहा है, लेकिन वर्तमान समय में प्रदेशभर में असहनीय गर्मी और तेज धूप का प्रकोप जारी है। फिरोजाबाद सहित अधिकांश जनपदों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच रहा है। वहीं मौसम विभाग द्वारा लगातार हीट वेव की चेतावनी जारी की जा रही है तथा शासन द्वारा भी लोगों को दिन के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने और सतर्क रहने



की सलाह दी जा रही है। ऐसी भयावह स्थिति में जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को फील्ड में रहकर कार्य करने के लिए मजबूर करना उनकी जान को जोखिम में डालने जैसा है। भीषण गर्मी के कारण अधिकांश लोग दिन के समय घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, जिससे प्रगणकों को जनगणना संबंधी आवश्यक जानकारी जुटाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। संगठन ने जनहित एवं कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मांग की है कि जनगणना कार्य को मई और जून माह में स्थगित रखा जाए तथा जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से पुनः शुरू करने के निर्देश जारी किए जाएं। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में निर्देश सिंह संरक्षक, लोकेश कुमार जिला उपाध्यक्ष, अमित कुमार जिला उपाध्यक्ष,श्रीमती सुमन ब्लॉक संयोजक, सत्येंद्र सत्यार्थी ब्लॉक महामंत्री, उमाकांत तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित रहे।

# खाद के लिए इफको केंद्र पर उमड़ी किसानों की भीड़, हंगामा

## --पुलिस ने संभाली व्यवस्था, किसानों ने कर्मचारियों पर पक्षपात का लगाया आरोप

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के नवीन सब्जी मंडी स्थित इफको केंद्र पर शुक्रवार को खाद वितरण के दौरान किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खाद लेने के लिए नगर एवं क्षेत्र से पहुंचे सैकड़ों किसानों हंगामा किया जिस कारण स्थिति बेकाबू हो गई।स्थिति बिगड़ने पर केंद्र कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को लाइन में लगवाकर व्यवस्था संभाली और खाद वितरण सुचारू कराया।किसानों का आरोप है कि वह कई दिनों से खाद लेने के लिए इफको केंद्रों के चक्कर काट



रहे हैं, लेकिन समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। किसानों ने केंद्र पर तैनात कर्मचारियों पर अपने परिचित लोगों को प्राथमिकता देकर खाद वितरण करने का आरोप लगाया। किसानों ने कहा कि आम किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल रही, जबकि कुछ लोगों को सीधे खाद उपलब्ध करा दी जाती है।नगर एवं क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक इफको केंद्र संचालित हैं, लेकिन कई दिनों से खाद सामग्री की कमी के चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धान और अन्य फसलों की तैयारियों के बीच खाद की किल्लत से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद नहीं मिलने से खेती कार्य प्रभावित हो रहा है।शुक्रवार को जैसे ही नवीन सब्जी मंडी स्थित इफको केंद्र पर खाद पहुंचने की सूचना किसानों को मिली तो बड़ी संख्या में किसान केंद्र पर पहुंच गए। देखते ही देखते केंद्र के बाहर लंबी लाइनें लग गईं और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित कर किसानों को लाइन में खड़ा कराया और शांतिपूर्वक खाद वितरण कराया।खाद लेने आए किसानों ने इफको केंद्र के बाहर हंगामा करते हुए जिलाधिकारी शामली से मामले की शिकायत कर निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।इस दौरान तिरसपाल, जाकिर, दिनेश, बालेंद्र, सोनू, इशम सिंह, सद्दाम, नवीन, सुभाष, हसर एवं पुष्पेंद्र सहित आदि किसान मौजूद रहे।

# ईद- उल -अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

## --खुले में कुबार्नी और सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने पर कार्रवाई की चेतावनी

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।
बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने लोगों से शासन की गाइडलाइन का पालन करने की अपील की।तहसीलदार सतीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि



ईद उल अजहा का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से खुले में कुबार्नी न करने, सड़कों पर नमाज अदा न करने तथा पशुओं के अवशेष खुले में न डालने की अपील की। कहा कि प्रशासन त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार ही नमाज अदा की जाए और प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी किसी भी स्थिति में न की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कुबार्नी की वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।पालिका चेयरमैन नजमूल इस्लाम ने बताया कि नगर में साफ-सफाई और पेयजल की समुचित व्यवस्था कराई जाएगी। पशुओं के अवशेषों को प्लास्टिक की पॉलीथिन में पैक कर पालिका कर्मचारियों को सौंपने की अपील की गई, ताकि उन्हें निर्धारित गड्ढों में दबाया जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे ग्राम प्रधानों को भी गांवों में साफ-सफाई बनाए रखने और खुदवाए गए गड्ढों में ही अवशेष दबाने के निर्देश दिए गए।बैठक में सचिन गोयल, पवन कंसल, ईश्वर दयाल कंसल, बबला सैनी, तनवीर, आरिफ, विकास जैन, सभासद इस्माइल, नासिर, साजिद ठेकेदार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुकान के बाहर खड़ी गाड़ी से बैटरी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**समाज जागरण कांधला।**
कस्बे के कैराना बस स्टैंड के समीप एक व्यापारी की गाड़ी से बैटरी चोर ने गाड़ी की बैटरी चोरी कर ली। चोरी की वारदात दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित व्यापारी ने फुटेज के साथ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।कस्बा निवासी व्यापारी विकास जैन की कैराना बस स्टैंड के पास किराना की थोक दुकान है। शुक्रवार को उन्होंने सामान लोड करने के लिए अपनी गाड़ी दुकान के बाहर खड़ी की थी। आरोप है कि इसी दौरान एक चोर मौका पाकर गाड़ी से हजारों रुपये कीमत की बैटरी चोरी कर ले गया।घटना की जानकारी मिलने पर व्यापारी ने दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक युवक बैटरी चोरी करता दिखाई दिया। इसके बाद व्यापारी ने फुटेज सहित थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विवाहिता से मारपीट में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
कैराना। विवाहिता ने मारपीट के आरोप में पति व ननद समेत चार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया। मोहल्ला अंसारियान निकट इमामबाड़ा निवासी हिना ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी ननद नखीसा उनके पास ही रहती है। आरोप है कि गुरुवार सुबह उसके पति नसीम, जेठ वसीम, पड़ोसन सलमा और ननद नखीसा ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट की, जिस कारण वह घायल हो गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना। गुरुवार शाम पुलिस पानीपत रोड पर गांव मवी के तटबंध पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक कैन के अंदर पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी हीरा निवासी गांव काकौर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके चालान कर दिया।

# भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों पर अवकाश घोषित

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**
जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी और लू को देखते हुए प्रशासन ने आंगनवाड़ी केंद्रों पर अवकाश घोषित कर दिया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी यामिनी रंजन ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर 22 मई से 15 जून तक, प्राथमिक विद्यालय खुलने तक, जनपद के सभी संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों पर अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि अवकाश अवधि के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका अपने-अपने केंद्रों पर उपस्थित रहकर नियमित कार्यों का संचालन करती रहेंगी। इस दौरान लाभार्थियों को अनुपूरक पोषाहार वितरण, गृह भ्रमण, पोषण ट्रैकर के निर्धारित कैलेंडर के अनुसार सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वीएचएसएनडी सत्र, आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं संदर्भन, वजन दिवस पर बच्चों का वजन लेने सहित अन्य शासकीय कार्य पूर्व की भांति संपादित किए जाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने स्पष्ट किया कि अवकाश अवधि में कोई भी आंगनवाड़ी कार्यकत्री अथवा सहायिका सक्षम अधिकारी से अनुमति लिए बिना केंद्र अथवा मुख्यालय नहीं छोड़ेगी।

# आवासीय प्लाट की दीवार गेट तोड़कर कब्जा करने का प्रयास

**समाज जागरण शामली।**
थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के मुंडेट नेशनल हाईवे बाइपास गोहरनी स्थित एक आवासीय प्लॉट की दीवार और गेट तोड़कर कब्जा करने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के मुंडेट निवासी आदेश कुमार पुत्र रणवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका एक आवासीय प्लॉट मुण्डेट नेशनल हाईवे बाइपास गोहरनी पर स्थित है। आरोप है कि ब्रजपाल, वीरसैन, गुलाब सहित अन्य लोगों ने कब्जा करने की नियत से प्लॉट के पीछे का गेट तोड़ दिया तथा दीवार गिरा दी, जिससे उसे नुकसान हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचा और मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ की। आरोप है कि जब उसने आरोपियों से दीवार गिराने की बात कही तो सभी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट का प्रयास किया। इसी दौरान उसका दोस्त सचिन निर्वाल मौके पर पहुंच गया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की है।

# आंधी में टूटे बिजली खंभों से किसानों की बढ़ी परेशानी

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
क्षेत्र में कई दिन पूर्व आई तेज आंधी किसानों पर भारी पड़ रही है। आंधी के दौरान बिजली के कई खंभे टूट जाने से किसानों की ट्यूबवेलों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। इससे खेतों में सिंचाई का कार्य प्रभावित हो रहा है और गन्ने की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। किसानों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।
किसानों का आरोप है कि आंधी के



बाद से विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक टूटे खंभों को बदलकर बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं कराई गई है। बिजली न मिलने से ट्यूबवेल बंद पड़े हैं और फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है।किसान कृष्ण, प्रयास, बबलू, वंश समेत दर्जनों किसानों ने जिलाधिकारी आलोक यादव को पत्र भेजकर जल्द विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उनकी गन्ने की फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# बच्चों की खिलखिलाहट ओर उमंग से जीवंत हुआ वातावरण

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शहर के बीएसएम स्कूल में आयोजित समर कैंप के तीसरे दिन शुक्रवार को विद्यालय परिसर उत्साह, रोमांच, रचनात्मकता और मनोरंजन
से सराबोर नजर आया। बच्चों की खिलखिलाहट और उमंग से पूरा वातावरण जीवंत बना रहा। इस दौरान कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ट्रेजर हंट गेम एवं नॉन-फायर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।
ट्रेजर हंट गेम विद्यार्थियों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। प्रतियोगिता में बच्चों को विभिन्न टीमों में विभाजित कर विद्यालय परिसर में छिपाए गए संकेतों को खोजने का कार्य दिया गया। विद्यार्थियों ने अपनी बुद्धिमत्ता, तर्कशक्ति, टीमवर्क और सूझबूझ का परिचय देते हुए एक-एक संकेत को हल किया और अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास किया। खेल के दौरान बच्चों में रोमांच और जीत का



उत्साह साफ दिखाई दिया। प्रतियोगिता के अंत में एक्सप्लोरर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में नेतृत्व क्षमता, सामूहिक सहयोग, समस्या समाधान और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने में सहायक होती हैं। वहीं, नॉन-फायर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षिकाओं राधिका संगल, स्नेह लता एवं अदिति के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बिना आग का प्रयोग किए सैंडविच, फ्रूट चाट, स्प्राउट्स सलाद, ठंडे पेय पदार्थ सहित कई स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन तैयार किए। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति और सजावट ने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह
एवं उपप्रधानाचार्या आशु पंडित ने बच्चों द्वारा तैयार व्यंजनों और गतिविधियों का अवलोकन किया।

# सड़क पार कर रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) देर रात्रि शहर के बलवा चौराहे पर सडक पार कर रहे एक अधेड व्यक्ति को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर बुरी तरह से कुचल दिया। हादसे में अधेड व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची शहर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरूवार देर रात शहर कोतवाली क्षेत्र के बलवा चौराहे पर एक अधेड व्यक्ति सडक पार कर रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन चालक ने अधेड व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद अधेड व्यक्ति की मौके पर ही बुरी तरह से कुचले जाने से मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव की तलाशी लेते हुए उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन उसके पास से कोई आईडी नही मिल सकी। आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि मृतक आसपास सडक किनारे रहता था, जो भीख मांगकर अपना जीवन यापन करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

# ग्लोबल शांति केयर अस्पताल में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में शुक्रवार को बदलते मौसम और बढ़ती बीमारियों को देखते हुए निशुल्क कैल्शियम, ब्लड एवं एक्सरे जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे, जहां करीब 329 मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं उपचार दिया गया। शुक्रवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी एवं हॉस्पिटल के डायरेक्टर कुशांक चौहान ने फीता काटकर किया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में शामिल डॉ. अक्षय कुमार एवं डॉ.



रीतु मलिक ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी। कुशांक चौहान ने बताया कि सामान्यतः 1500 रुपये में होने वाली हड्डियों में कैल्शियम की जांच शिविर में निशुल्क की गई। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण लोगों में हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ रहा है, इसलिए लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने, अधिक मात्रा में पानी पीने तथा हल्का एवं पौष्टिक भोजन करने की अपील की। साथ ही मरीजों को मौसम जनित बीमारियों से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया। शिविर में विशाल कुमार, अजय कुमार, सुरेंद्र चौहान, इफरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कोल्ड ड्रिंक पिलाने का विरोध करने पर मारपीट कर किया घायल

## --शराब के नशे में धुत आरोपी पर हमला करने का आरोप, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

**समाज जागरण कांधला।**
थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर में कोल्ड ड्रिंक पिलाने का विरोध करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया गया। पीड़ित ने अपना चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी बिजेपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर से खेत की ओर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव का ही एक व्यक्ति शराब के नशे में मिला और जबरदस्ती उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया।शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्हें आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने सरकारी अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नवीन सब्जी मंडी में व्यापारी की दुकान में लगी भीषण आग

## --लाखों का सामान जलकर राख, अज्ञात व्यक्ति पर आगजनी का आरोप

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे की नवीन सब्जी मंडी में शुक्रवार को एक व्यापारी की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखी हजारों की नगदी सहित लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित व्यापारी ने अज्ञात व्यक्ति पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।कस्बा निवासी व्यापारी विकास गोयल ने बताया कि उसकी नवीन सब्जी मंडी में दुकान है। शुक्रवार को वह अपने भाई नितिन गोयल के साथ दुकान के अंदर बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक दुकान में आग लग गई।



देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे दुकान में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर दमकल विभाग की टीम को बुलाया गया दमकल विभाग की टीम नेआसपास मौजूद व्यापारियों और लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।पीड़ित के अनुसार आग लगने से दुकान में रखी 65 हजार रुपये की नगदी सहित करीब तीन लाख रुपये से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि आग कैसे लगी, इसका स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है। व्यापारी ने अज्ञात व्यक्ति पर जानबूझकर आग लगाने की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना पर बड़े निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि व्यापारी की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रांसफार्मर में भीषण आग से आपूर्ति हुई बाधित

**समाज जागरण**
कैराना। (फुरकान जंग) विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लगने के कारण नगर में आपूर्ति बाधित हो गई। विभिन्न मोहल्लों में करीब 18 घंटे तक आपूर्ति बाधित होने से लोग गर्मी में बिलबिला गए। आपूर्ति सुचारू होने पर राहत की सांस ली।
नगर के मोहल्ला बिसातियान स्थित खुरगान रोड चौराहे के निकट गुरुवार रात करीब नौ बजे विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना से पूरे नगर की विद्युत आपूर्ति



बाधित हो गई और प्रचंड गर्मी में लोग बिलबिला उठे। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आपूर्ति सुचारू करने के लिए कार्य शुरू किया। कर्मचारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए करीब दो घंटे बाद नगर की विद्युत आपूर्ति सुचारू करा दी। हालांकि, इमामगेट फीडर से जुड़े मोहल्ला सरावज्ञान, आलदरम्यान और निर्मल चौराहा समेत कई क्षेत्रों की सप्लाई बाधित रही। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने रातभर ट्रांसफार्मर और क्षतिग्रस्त वायरों को दुरुस्त करने का कार्य किया। इसके बाद शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे उपरोक्त मोहल्लों में भी बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। लगातार घंटों तक बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**
शामली। (फुरकान जंग) नगर पालिका में स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ और उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के बैनर
तले कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। दोनों यूनियनों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी नगर पालिका कार्यालय परिसर में एकत्र हुए और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की।
धरने के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि नगर पालिका का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से 100 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए। साथ ही डोर-टू-डोर सफाई व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार बढ़ा हुआ वेतन देने की मांग भी उठाई गई। कर्मचारियों ने संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन



आयोग का लाभ देने तथा आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग रखी। इसके अलावा नगर पालिका के दो सुपरवाइजरों नवीन पुत्र लीलूराम और संजय बिडला पुत्र श्रीचंद को पुनः कार्यवाहक सफाई नायक के पद पर नियुक्त किए जाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। धरने में कर्मचारियों ने स्थायी कर्मचारियों के सेवानिवृत्त एवं मृतक आश्रितों को बढ़ी हुई पेंशन का लाभ दिए जाने की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी। कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो 25 मई दिन सोमवार से सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर चले जाएंगे। धरना प्रदर्शन में यूनियन अध्यक्ष अमित कुमार तेश्वर, सचिव विनोद निर्वाल, यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि, महासचिव अश्वनी तेश्वर सहित राजन पाहिवाल, धर्मेंद्र झंझोट, प्रदीप मायूस, जितेंद्र टांक, दीपक बिडला, मौ. हाशिम, जाकिर हुसैन, सचिन तेश्वर, जितेंद्र चंद्रा, संदीप सौदाई, मनीष गहलोत मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित, आसमान से बरस रही आग

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग)जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। आसमान से बरस रही आग और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर के समय हालात ऐसे रहे कि सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखाई दिया और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले।
शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक गर्मी का प्रकोप सबसे अधिक देखने को मिला। तेज धूप और लू के कारण बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही कम रही। सड़क पर निकलने वाले लोग सिर पर गमछा, टोपी या छतरी लेकर चलते दिखाई दिए। वहीं महिलाएं और बच्चे भी धूप से बचाव के लिए चेहरे को कपड़ों से ढककर निकलते



नजर आए। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए युवा और बच्चे नहरों, पोखरों, ट्यूबवेलों तथा तालाबों में डुबकी लगाते दिखाई दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर के समय बच्चों की टोलियां पानी में अठखेलियां करती नजर आईं। हालांकि प्रशासन और चिकित्सक खुले जल स्रोतों में नहाने से सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। शहर के मुख्य बाजारों बडा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, नेहरू मार्किट, कबाडी बाजार में दोपहर के समय सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ काफी कम रही। दुकानदारों आशीष बंसल, मनोज मित्तल, रामकुमार, वैभव प्रकाश गोयल का कहना है कि गर्मी के कारण लोग शाम ढलने के बाद ही खरीदारी के लिए निकल रहे हैं। वहीं ठंडे पेय पदार्थों,आइसक्रीम, शिकंजी, गन्ने के रस और नारियल पानी की मांग में तेजी आई है। चिकित्सकों के अनुसार लगातार बढ़ती गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ गया है। जिला अस्पताल में भी गर्मी से संबंधित शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, अधिक पानी पीने तथा हल्का भोजन करने की सलाह दी है।

# स्वर्गीय ताराचंद अग्रवाल की पुण्य स्मृति में कल लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

## मानव कल्याण हॉस्पिटल बहल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम करेगी जांच

**समाज जागरण जिला संवाददाता : महेन्द्र जावला, बहल**

बहल, 22 मई। बहल क्षेत्र की समाजसेवी संस्था जी.टी. होप फाउंडेशन द्वारा प्रसिद्ध समाजसेवी एवं गोसेवक स्वर्गीय ताराचंद अग्रवाल दुल्हेडी वाले की 11वीं पुण्य स्मृति में 24 मई को बहल स्थित मानव कल्याण हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।



जी.टी. होप फाउंडेशन के पदाधिकारी सीए दिपांशु अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी, श्री अलख गौशाला के प्रधान एवं बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शिविर में आधार हॉस्पिटल के चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श प्रदान करेगी। शिविर में डॉ. दीपक, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. निखिल सोनी, डॉ. राजेश पुनिया, डॉ. अंकित एवं डॉ. डीपी बुरा मरीजों की जांच करेंगे। शिविर के दौरान मोतियाबिंद के मरीजों के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे तथा विभिन्न रोगों से संबंधित आवश्यक जांच भी निःशुल्क की जाएगी। इसके अलावा जरूरतमंद मरीजों को दवाइयों का वितरण भी मुफ्त किया जाएगा।

सीए दिपांशु अग्रवाल ने बताया कि जी.टी. होप फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर समाजहित में स्वास्थ्य शिविरों एवं जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है और संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार समाजसेवा के कार्य करती रहेगी।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर सिरसी में निकली जागरूकता रैली

## महिलाओं, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने दिया बेटियों की शिक्षा व सम्मान का संदेश

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल क्षेत्र के गांव सिरसी में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओह्वअभियान के तहत शुक्रवार को भव्य जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में गांव की महिलाओं, ग्राम सचिव, आम सिरसी स्टाफ, स्कूल स्टाफ, विद्यार्थियों तथा अनेक गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत गांव के विद्यालय से हुई, जहां उपस्थित लोगों ने बेटी है तो भविष्य है, पढ़ेगी बेटी, बढ़ेगा देश और बेटियों का सम्मान, देश का अभिमान जैसे नारों के साथ पूरे गांव में जागरूकता संदेश फैलाया।

रैली के दौरान लोगों को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और समान अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए समाज को संदेश दिया कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर परिवार को सहयोग करना चाहिए। ग्राम सचिव एवं स्कूल स्टाफ ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षित बेटियां ही समाज और राष्ट्र की सच्ची ताकत हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे बेटियों की शिक्षा और सम्मान के लिए निरंतर कार्य करेंगे तथा समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने में अपना योगदान देंगे।

रैली का समापन देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता के संदेशों के साथ हुआ। यह आयोजन गांव में सामाजिक एकता और जागरूकता का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया।

# बहल कस्बे में शोक की लहर पूर्व बार सचिव राजीव दिक्षित की माता का निधन

**वकिलों ने दो मिनट का मौन रखकर स्थगित रखी अदालती कार्यवाही, बिठ्ण गांव में हुआ अंतिम संस्कार**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 22 मई। बार एसोसिएशन बहल के पूर्व सचिव राजीव दीक्षित अधिवक्ता की माता जी एवं मार्केटिंग बोर्ड बहल के पूर्व चेयरमैन रामशरण दीक्षित की धर्मपत्नी का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से बहल क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। दिवंगत का अंतिम संस्कार गांव बिठ्ण में किया गया। जिससे आस पास में गांवों के गणमान्य व्यक्ति शामिल हो श्रद्धांजलि अर्पित की। बहल तहसील में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा तथा शोक स्वरूप



दिनभर की अदालती कार्रवाई स्थगित रखी। इस अवसर पर अधिवक्ता वेदपाल सिंह बूरा, अधिवक्ता राजपाल सिंह गाढ़ा, अधिवक्ता रामफल सिंह कादियान, अधिवक्ता राजबीर सिंह, अधिवक्ता सतीश चन्द्र, अधिवक्ता बलजीत बुढेडी, पूर्व बार प्रधान शक्ति सिंह गाढ़ा अधिवक्ता, अमित शर्मा,पवन शर्मा, नरेश शर्मा अधिवक्ता, दिनेश बागान अधिवक्ता,प्रीतपाल पावडिया अधिवक्ता,चिंटू शर्मा, मनोज कुमार अधिवक्ता, राजेश कुमार स्टांप बिक्रेता, विजय सिंह स्टांप विक्रेता सहित तहसील व बिडीपीओ कार्यालय के कर्मचारीयों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

# डाक विभाग और फ्लिपकार्ट ने पूरे भारत में अंतिम दूरी तक पार्सल डिलीवरी सेवाओं के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए

**समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

नई दिल्ली/ जैतो,22 मई :भारत के ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक इकोसिस्टम को मजबूत करने और पूरे देश में अंतिम दूरी तक डिलीवरी क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, डाक विभाग (डीओपी), संचार मंत्रालय और फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अंतिम दूरी तक पार्सल डिलीवरी सेवाओं के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।आज शुक्रवार को नई दिल्ली में डाक विभाग के पार्सल निदेशालय के महाप्रबंधक श्री नीरज कुमार झा और फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वाणिज्यिक निदेशक श्री हरविंदर कपूर ने डाक विभाग के पार्सल और सीसीएस निदेशालय के मुख्य महाप्रबंधक श्री अदनान अहमद, फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक (कॉर्पोरेट कार्य) श्री डिप्पी वंकानी और दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए।(नई दिल्ली में अंतिम दूरी तक पार्सल डिलीवरी सेवाओं के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करते समय डाक विभाग और फ्लिपकार्ट के अधिकारी)इस साझेदारी का उद्देश्य डाक विभाग की बेजोड़ पहुंच और भरोसेमंद डिलीवरी नेटवर्क के साथ-साथ भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र में फ्लिपकार्ट की मजबूत उपस्थिति का लाभ उठाकर पूरे देश में कुशल, विश्वसनीय और ग्राहक-केंद्रित पार्सल डिलीवरी समाधान प्रदान करना है। समझौते के तहत, डाक विभाग पूरे भारत में फ्लिपकार्ट



शिपमेंट के लिए अंतिम दूरी तक डिलीवरी सेवाएं प्रदान करेगा।

**समझौते की मुख्य विशेषताएं:**

देशव्यापी अंतिम दूरी तक पहुंचः फ्लिपकार्ट, दूरस्थ और कम सुविधा वाले क्षेत्रों सहित शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पार्सल डिलीवरी सेवाओं के लिए इंडिया पोस्ट के व्यापक नेटवर्क का उपयोग करेगा।

व्यापक डिलीवरी समाधानः इन सेवाओं में प्रीपेड और कैश ऑन डिलीवरी (सीओडी) पार्सल की डिलीवरी, ओटीपी आधारित डिलीवरी प्रमाणीकरण और तत्क्षण शिपमेंट ट्रैकिंग शामिल हैं।ग्राहक के लिए बेहतर अनुभवः यह समझौता कुशल पार्सल आवागमन और वितरण के लिए तेज डिलीवरी, बेहतर परिचालन समन्वय और निर्बाध प्रौद्योगिकी एकीकरण पर केंद्रित है।ई-कॉमर्स के विकास को समर्थनः इस सहयोग से भारत के तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स क्षेत्र को समर्थन देने वाले लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को और भी अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।इस साझेदारी के माध्यम से, फ्लिपकार्ट को डाक विभाग के 1.6 लाख से अधिक डाकघरों के विशाल नेटवर्क और पूरे भारत में अद्वितीय वितरण नेटवर्क तक पहुंच प्राप्त होगी। इससे बाजार तक व्यापक पहुंच, वितरण दक्षता में सुधार और विशेष रूप से दूरस्थ तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सेवा प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

फ्लिपकार्ट भारत की अग्रणी ई-कॉमर्स कंपनियों में से एक है, जो देश भर में लाखों ग्राहकों को उत्पादों और डिजिटल वाणिज्य समाधानों की विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से सेवा प्रदान करती है। इस सहयोग से डाक विभाग के पार्सल व्यवसाय को काफी मजबूती मिलने की उम्मीद है, क्योंकि इससे उसके वितरण नेटवर्क और लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर का बेहतर उपयोग हो सकेगा। यह साझेदारी डाक विभाग के उन निरंतर प्रयासों के अनुरूप है, जिसके तहत वह भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाली एक अग्रणी लॉजिस्टिक संस्था के रूप में खुद को विकसित करना चाहता है।

# भारत-सायप्रस संबंधों को नई दिशा देने वाला संबोधन

भारत दौरे पर आए सायप्रस के राष्ट्रपति एवं उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने भारत और सायप्रस के बीच गहरे होते संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की मित्रता केवल मजबूत ही नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप भी है। लोकतंत्र, कानून का शासन, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता जैसे साझा मूल्यों पर आधारित यह साझेदारी लगातार सशक्त हो रही है। प्रधानमंत्री ने स्मरण कराया कि पिछले वर्ष सायप्रस यात्रा के दौरान उन्हें वहां के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया था, जो भारत के प्रति सायप्रस के विशेष सम्मान और आत्मीयता का प्रतीक है।

# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की शिक्षा नीति से मिलेगी नई उड़ान : चेयरमैन

- बोर्ड का अथक प्रयास,ओर अधिक बेहतर परिणाम के मास्टर प्लान तैयारः डॉ.पवन शर्मा
- विवेकानंद हाई स्कूल के टॉपर विद्यार्थियों को बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा ने किया सम्मानित



**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा दसवीं की परीक्षा में विवेकानंद हाई स्कूल, हनुमान ढाणी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों तथा पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा ने सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय संचालिका सावित्री यादव, कक्षा दसवीं के इंचार्ज मास्टर दयानंद ग्रेवाल, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज सहित विद्यालय स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे।

विद्यालय के 37 विद्यार्थियों में से 28 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। वहीं मैरिट से वंचित सभी 10 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके अलावा 11 विद्यार्थियों ने हिंदी, सामाजिक विज्ञान तथा फिजिकल एजुकेशन विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के छात्र साहिल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि अंजलि, अंशिका व राखी ने 95 प्रतिशत अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा राधिका, भावना, पारुल, प्रिंस रंगा, राखी, किरण, गुंजन, रिया और सपना सहित अनेक विद्यार्थियों ने 93 % से अधिक शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का ही परिणाम है कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में अधिक बेहतर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं और बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने एक बार फिर परचम लहराया है।

विद्यालय संचालिका सावित्री यादव एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने बोर्ड चेयरमैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्लम बस्तियों, मजदूर एवं मध्यम वर्गीय परिवारों से आने वाले बच्चों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद मेरिट में स्थान प्राप्त कर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की शिक्षा नीति तथा शिक्षकों की मेहनत का सकारात्मक परिणाम है। विद्यार्थियों ने अपनी लगन और अनुशासन से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, अपने माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय का सम्मान बढ़ाया है।

# ओ नेगेटिव ब्लड के लिए आधी रात को देवदूत बने चार युवा, जरूरतमंद मरीज की बचाई जान

## जरूरत के समय युवाओं ने रक्तदान कर परिवार की उजड़ती उम्मीदों को किया जिंदा : राजेश डुडेजा

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। (महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 22 मई : कहते हैं कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता और समय पर किया गया निस्वार्थ सहयोग किसी के लिए जीवनदान बन सकता है। ऐसा ही एक प्रेरक उदाहरण देर रात भिवानी के एक अस्पताल में देखने को मिला, जहां जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे एक मरीज के लिए चार युवा देवदूत बनकर सामने आए। जानकारी के अनुसार यहां मिनी बाईपास क्षेत्र में स्थित एक अस्पताल में कलिंगा गांव के एक मरीज दाखिल थे, जिन्हें आपातकालीन स्थिति में बेहद दुर्लभ माने जाने वाले ओ नेगेटिव ब्लड ग्रुप की सख्त जरूरत थी। चूंकि यह ब्लड ग्रुप आसानी से उपलब्ध नहीं होता, इसलिए परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही थी। जैसे ही इस बात की सूचना युवाओं तक पहुंची, उन्होंने बिना वक्त गंवाए अस्पताल की ओर रुख किया।




मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए संदीप भोलिया, अमन भारद्वाज, दुष्यंत कुमार और हिमांशु ने आधी रात की परवाह ना करते हुए तुरंत अस्पताल पहुंचकर निस्वार्थ भाव से रक्तदान किया। इन चारों युवाओं के इस त्वरित और मानवीय प्रयास से न केवल समय पर रक्त की व्यवस्था हुई, बल्कि मरीज की जान भी सुरक्षित बची। इस सराहनीय और प्रेरक पहल पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने इन चारों युवाओं की हौसलाअफजाई की और उन्हें सम्मानित किया। डुडेजा ने कहा कि आज के दौर में जब लोग अपनी व्यस्त जिंदगी से समय नहीं निकाल पाते, ऐसे में इन चारों युवाओं संदीप, अमन, दुष्यंत और हिमांशु ने आधी रात को कदम अस्पताल पहुंचकर जो कदम उठाया है, वह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। इन युवाओं ने साबित कर दिया है कि हमारी युवा पीढ़ी में संवेदनाएं और दूसरों की मदद करने का जज्बा कूट-कूट कर भरा है। इन बच्चों ने सिर्फ खून नहीं दिया, बल्कि एक परिवार की उजड़ती उम्मीदों को दोबारा जिंदा किया है।

# चुनावी वादों और हकीकत में बड़ा फर्क, सीजेपी रिपोर्ट ने हकीकत को किया उजागर : अमित कपूर

**बठिंडा रघुनंदन पराशर/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

पंजाब/बठिंडा, 21 मईःपंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अमित कपूर ने कहा है कि नागरिक न्याय और शांति (सीजेपी) की हालिया रिपोर्ट ने देश की राजनीतिक व्यवस्था और नीतिगत प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि उन वास्तविकताओं का आईना है, जिसे लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा था।



अमित कपूर ने कहा कि हर चुनाव के समय राजनीतिक दल व्यापारी वर्ग को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ और विकास का आधार बताकर बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद वही वर्ग सबसे अधिक उपेक्षा का शिकार हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतियों और सुरक्षा व्यवस्था के मामले में छोटे व्यापारियों, दुकानदारों और स्थानीय कारोबारियों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीजेपी की रिपोर्ट में जो चिंताएँ सामने आई हैं, वे केवल एक संस्था की राय नहीं, बल्कि पूरे व्यापारी समुदाय की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि कानून-व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र का लाभ मुख्य रूप से बड़े उद्योगपतियों और कॉर्पोरेट सेक्टर तक सीमित होता जा रहा है, जबकि छोटे व्यापारी, रेहड़ी-पटरी वाले और स्थानीय दुकानदार आज भी असुरक्षित माहौल में काम करने को मजबूर हैं। अमित कपूर ने कहा कि व्यापारी वर्ग न केवल टैक्स देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है, बल्कि लाखों लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराता है। इसके बावजूद सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह से व्यापारियों के कंधों पर डाल दी गई है, जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि व्यापारी स्वयं ही अपनी सुरक्षा व्यवस्था करने लगें, तो फिर सरकार और प्रशासन की भूमिका क्या रह जाती है।

उन्होंने आगे कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक दल केवल चुनावी वादों तक सीमित न रहें, बल्कि व्यापारी सुरक्षा को लेकर ठोस नीति बनाएं। सीजेपी की सिफारिशों को गंभीरता से लेते हुए सभी दलों को अपने चुनावी घोषणापत्र में व्यापारी सुरक्षा कानून को प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

अमित कपूर ने यह भी कहा कि यदि व्यापारिक वर्ग की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया गया तो इसका सीधा असर देश की आर्थिक गति और स्थानीय बाजारों पर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से अपील की कि व्यापारी सुरक्षा को लेकर जल्द एक व्यापक नीति बनाई जाए, जिसमें पुलिस व्यवस्था, कानूनी संरक्षण और त्वरित न्याय प्रणाली को मजबूत किया जाए।

# खेड़ा गांव में पावर ग्रिड टावरों के विरोध में धरना दूसरे दिन भी जारी

## किसानों ने कहा- उचित मुआवजा मिलने तक खेतों में नहीं घुसने देंगे कंपनी, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

सिवानी क्षेत्र के गांव खेड़ा में पावर ग्रिड द्वारा लगाए जा रहे टावरों के विरोध में किसानों का धरना शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता पूर्व मैनेजर सतबीर सिंह ने की, जबकि संचालन किसान सभा के तहसील सचिव अंतर कस्वां ने किया।




धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि जब तक किसानों की जमीन का उचित मूल्य नहीं लगाया जाएगा, तब तक उनके खेतों में टावर नहीं लगाने दिए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसान लगातार कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है।

किसान नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो मजबूर होकर बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर खुद को किसान हितैषी बताती है, जबकि दूसरी ओर किसानों को उनकी जमीन का सही मुआवजा नहीं दिया जा रहा।

धरने में फैसला लिया गया कि जब तक जमीन की कीमतों का दोबारा उचित आकलन नहीं किया जाएगा, तब तक किसान किसी भी कीमत पर कंपनी को अपने खेतों में प्रवेश नहीं करने देंगे। किसानों ने यह भी निर्णय लिया कि धरना 26 मई 2026 तक लगातार जारी रहेगा तथा मंगलवार को अगली बैठक कर आगामी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

धरने को कामरेड नेता दयानंद पूनिया, किसान नेता आजाद सिंह मिराण, रामचंद्र फौजी, जंगबीर ढांडा, दिलबाग श्योराण, सुबेसिंह किकराल, बलबीर सिंह, राकेश खेड़ा, कृष्ण खेड़ा, हनुमान ढुकिया, बलवान शेरपुरा और सोमबीर बखतावरपुरा सहित अनेक किसान नेताओं ने संबोधित किया।

# आने वाले चुनावों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जैतो समेत पूरे जिले में भारी फोर्स के साथ फ्लैग किया मार्च

**(रघुनंदन पराशर चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब समाज जागरण)**

जैतो, 22 मई : आने वाले नगर कौंसिल चुनावों को देखते हुए फरीदकोट पुलिस ने एसएसपी फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन के नेतृत्व में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। इलाके के कई गांवों में फ्लैग मार्च किया गया। इसके तहत हर संदिग्ध एक्टिविटी पर नजर रखने के लिए नाकाबंदी, पेट्रोलिंग और सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरों की मदद ली जा रही है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को जिले के सभी 03 सब-डिवीजन फरीदकोट, कोटकपूरा और जैतो में सीनियर पुलिस अधिकारियों ने भारी पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया।





फरीदकोट शहर में यह फ्लैग मार्च, ऊढ (सब-डिवीजन) फरीदकोट श्री तरलोचन सिंह की लीडरशिप में मिनी सेक्रेटेरिएट, फरीदकोट से शुरू होकर भाई घनैया चौक, घंटा घर चौक, कमीना चौक से होते हुए जिले के अलग-अलग इलाकों में निकाला गया। कोटकपूरा शहर में यह फ्लैग मार्च श्री संजीव कुमार ऊढ (सब-डिवीजन) कोटकपूरा की लीडरशिप में शुरू हुआ, जिसमें उनके साथ थाने के चीफ ऑफिसर समेत पुलिस टीम मौजूद थी। यह फ्लैग मार्च बत्तिया वाला चौक से शुरू होकर शहर की हर जरूरी जगह से होते हुए बाजार से गुजरा। इसी तरह, जैतो इलाके में यह फ्लैग मार्च श्री श्री इकबाल सिंह ऊढ (सब-डिवीजन) जैतो की लीडरशिप में थाने के चीफ ऑफिसर समेत पुलिस टीमों के साथ किया गया और जैतो थाने से शुरू होकर शहर के मुख्य थानों तक पहुँचा। इस बारे में जानकारी देते हुए ररढ फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि चुनाव शांति से करवाने के लिए फरीदकोट पुलिस की तरफ से कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस पार्टियों की तरफ से लगातार फ्लैग मार्च किए जा रहे हैं ताकि लोग बिना किसी डर के अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल कर सकें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन सेंसिटिव इलाकों पर कड़ी नजर रखे हुए है। इन इलाकों में किसी भी शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस निष्पक्ष चुनाव करवाने की अपनी ज़िम्मेदारी अच्छे से निभाएगी। ररढ फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने कहा कि वोटर इन चुनावों में बिना किसी डर या लालच के अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करें और अगर कहीं भी वोटरों को कोई ड्रग या कोई और रिश्वत दिए जाने की शिकायत मिलती है, तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# 25 मई से पंजाब में सरकारी दफ्तरों का समय बदला

**समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,22 मई : राज्य में भीषण गर्मी व लू के लहर के चलने से पंजाब सरकार ने राज्य के सरकारी कार्यालयों व स्कूलों के खुलने और बंद करने के समय में बदलाव की घोषणा की है।पंजाब में सरकारी दफ्तर और स्कूल अब 25 मई सोमवार से सुबह साढ़े 7 बजे खुलेंगे और दोपहर 1.30 बजे तक बंद हो जाएंगे। पंजाब समेत उत्तर भारत में गर्मी ने अपनी चपेट में ले रखा है।भारी गर्मी और लू की कहर के कारण अधिकांश लोग घरों से बाहर कम निकल रहे। दोपहर के समय बाजार सुनसान नजर आते हैं। दुकानदारों का कहना है कि गर्मी के कारण लोग मजबूरी में ही बाजार में आते हैं और अधिकतर लोग अपने घरों में ही घूसे रहते हैं।

# मृदा स्वास्थ्य और सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए 12,979 से अधिक शिविरों का आयोजन किया गया है

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने अपने राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं जो मृदा स्वास्थ्य, संतुलित उर्वरक उपयोग और टिकाऊ कृषि पर केंद्रित है। 'खेत बचाओ अभियान' ने किसानों और हितधारकों को वैज्ञानिक पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न मंचों के माध्यम से देश भर में व्यापक पहुंच स्थापित की है।

इस अभियान में अब तक कुल 12,979 जागरूकता शिविर और सेमिनार आयोजित किए गए हैं। इसमें 7.17 लाख किसानों को प्रत्यक्ष रूप से शामिल किया गया है। क्षमता निर्माण के लिए 3,145 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 1,11,509




प्रतिभागियों ने भाग लिया। हरी खाद, जैव उर्वरक और जैविक स्त्रोतों पर 7,928 क्षेत्र प्रदर्शनों के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया।

जमीनी स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायत, सरपंच और जिला परिषद सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ 4,916 जनप्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किए गए। उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला की भूमिका को पहचानते हुए, संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए उर्वरक डीलरों के साथ 9,609 संवाद आयोजित किए गए। इस अभियान में किसान संगठनों का भी उपयोग किया गया जिसके अंतर्गत किसान संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और किसान समूह (एफआईजी) के माध्यम से 8,383 किसान सदस्यों को जोड़ा गया। व्यापक प्रचार के लिए बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स सहित प्रचार सामग्री को देश भर में 53,616 स्थानों पर प्रदर्शित किया गया। 944 रेडियो वार्ता और 200 टीवी/डिजिटल कार्यक्रमों सहित 1,144 मीडिया प्रसारणों के माध्यम से संदेश को और अधिक प्रभावी बनाया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल प्रचार ने अभियान की पहुंच को 2.712 करोड़ लोगों तक पहुंचाया है।

'खेत बचाओ अभियान' पहल का उद्देश्य मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन को प्रोत्साहित करना और रासायनिक उर्वरकों पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना है जिससे मृदा की उर्वरता की रक्षा हो सके और दीर्घकालिक कृषि स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

# पर्यावरण संरक्षण का छात्राओं ने लिया संकल्प

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। देश में हो रहे विकास कार्य के कारण हो रहे पर्यावरण नुकसान से जीव जंतु सहित मानव जाति को तरह तरह समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं। जिले के संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज लोहता में आज पर्यावरण संरक्षण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओं



ने पौध रोपण,जल सरंक्षण का संकल्प लिया।चेयरमैन शशिकांत सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम की भावना बंधी है। संपूर्ण विश्व में पर्यावरण प्रदूषण एक बड़ी समस्या बन चुका है। भारतीय संस्कृति में आदि काल से पर्यावरण संरक्षण के लिए विधि-विधान है। पर्यावरण को बचाने के लिए हमें भारतीय संस्कृति के मूल में जाना होगा। प्रकृति के साथ साथ सांस्कृतिक प्रदूषण भी व्याप्त है, सबसे बड़ा प्रदूषण संबंधों में है। वर्तमान परिस्थिति जंगल में लगी आग के समान हैं। धरती को मां मानकर संरक्षण के लिए कृत संकल्प होना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबंधक अभिषेक सिंह, डायरेक्टर आई पी पांडेय प्राचार्य डॉ विष्णु प्रकाश सहित छात्राएं शामिल रहीं।

# मेड़बंदी में लगे पत्थर उखाड़ने पर पांच पर मुकदमा

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के लखमीपुर (बेलवा) गांव में न्यायालय के आदेश पर हुई भूमि मेड़बंदी के दौरान लगाए गए पत्थर उखाड़ फेंकने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

लखमीपुर निवासी फूलचंद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि राजस्व विभाग ने उपजिलाधिकारी पिंडरा न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 26 अप्रैल 2026 को भूमि मेड़बंदी कर पत्थर गाड़े थे। आरोप है कि गांव के मूलचंद विश्वकर्मा, प्रकाश , आरती , ममता और राधिका विश्वकर्मा ने पत्थर उखाड़ दिए। थाना फूलपुर में लिखित शिकायत देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जनसेवा सर्वोच्च प्राथमिकता- राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी

## क्षेत्रवासियों से आत्मीय भेंट कर सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि जनसेवा ही उनका सर्वोच्च संकल्प है और क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की सुविधा, सुरक्षा एवं विकास के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं।



राज्यमंत्री श्री लोधी ने विधानसभा क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों से पहुंचे क्षेत्रवासियों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

इस दौरान ग्रामीणों एवं नागरिकों ने सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों से उन्हें अवगत कराया।

श्री लोधी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों से जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। क्षेत्र के विकास एवं आमजन की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि वे सदैव क्षेत्रवासियों के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करते रहेंगे। जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता की सेवा करना उनका परम कर्तव्य है तथा प्रदेश सरकार भी आमजन के हित में संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे जिन्होंने विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को मंत्री श्री लोधी के समक्ष रखा।

# अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में चमकी ग्राम सकोर की बिटिया नियती दीक्षित

## मलेशिया में जीते गोल्ड एवं सिल्वर मेडल, जिले का बढ़ाया मान

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिले के ग्राम सकोर की होनहार बेटी नियती दीक्षित ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। कक्षा 8वीं की छात्रा नियती ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर 09 मई 2026 को आयोजित इंटरनेशनल मलेशिया कराटे चैंपियनशिप में अंडर-14 आयु वर्ग में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। 10 देशों की सहभागिता वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में नियती ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। स्कूल की ओर से प्रतियोगिता में भाग लेते हुए उन्होंने अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष का परिचय दिया तथा यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकती हैं।



नियती की इस उपलब्धि से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। खेल प्रेमियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने उनकी सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया। लोगों का कहना है कि नियती ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह सिद्ध कर दिया कि यदि अवसर और मार्गदर्शन मिले तो बेटियां हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं।

आज नियती दीक्षित ने श्री यादव से भेंट की। इस दौरान कलेक्टर श्री यादव ने बिटिया को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नियती जैसी प्रतिभाएं जिले के अन्य बच्चों और विशेष रूप से बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने नियती को आगे भी इसी प्रकार मेहनत कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। नियती की सफलता से ग्राम सकोर सहित पूरे जिले में गर्व और उत्साह का वातावरण है। ग्रामीणों एवं परिजनों ने उम्मीद जताई है कि वह भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करती रहेंगी।

# स्वास्थ्य विभाग ने पुलिस चौकी पर दिया ओआरएस का पैकेट

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हीटवेव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को पुलिस चौकी चिरईगांव पर ओआरएस का दो सौ पैकेट वितरित किया।



प्रभारी चिकित्साधिकारी डा०मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि लगातार तापमान में हो रही वृद्धि से लोग परेशान हैं। बिना किसी काम के घर से बाहर न निकलें। हीटवेव के शिकार हो सकते हैं। ऐसे में जरूरी हो तभी बाहर निकलें। और ओआरएस का घोल पीकर ही निकलें। हीटवेव से बचाव के लिए आज पुलिस चौकी चिरईगांव पर फार्मासिस्ट अशोक कुमार व सुमित शुक्ला ने दो सौ ओआरएस का पैकेट वितरित किया।

# पीएचसी हरहुआ व सीएचसी पुआरी कला में हीट वेव की व्यवस्था उपलब्ध।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।पीएचसी हरहुआ व सीएचसी पुआरी कला में हीट वेव की तैयारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के निर्देश पर लॉजिस्टिक उपकरण के साथ औषधि समेत आवश्यक संसाधन उपलब्ध है। अस्पतालों के वार्डो में एसी और परिसर में आर0ओ0 युक्त वाटर कूलर की व्यवस्था है। हीट वेव वार्ड में कोल्ड वाटर बाथ टब,आईस पैक ,रेक्टल थमार्मीटर , ओ आर एस पावडर के साथ पर्याप्त मात्रा में औषधि और लॉजिस्टिक उपकरण उपलब्ध कर लिया गया है। शीतल वेटिंग एरिया ,कोल्ड रूम ,त्वरित चिकित्सा सुविधा ,पर्याप्त स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की व्यवस्था ,धूप व हीट वेव से बचाव के लिए शेड भी उपलब्ध है।




प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार ,सीएचसी प्रभारी डॉ0 रामाशीष के अनुसार प्राथमिक तैयारियां कर ली गई है आवश्यकतानुसार व्यवस्था कर ली जाती है। डिलीवरी लैब ,वार्ड ,ओपीडी ,चिकित्सक कक्ष में जरूरत के अनुसार एसी व रूम कूलर ,वाटर कूलर लगे हैं। आकस्मिक सेवाओ के लिए चिकित्सक टीम 24 घण्टे तैनात किए गए हैं। फार्मासिस्ट ,वार्ड ब्याय समेत स्टाफ नर्स डिलीवरी के लिए तैनाती रहती है।

# कला कल्प ने मनाया विश्व सांस्कृतिक विविधता दिवस

**समाज जागरण**

गाजियाबाद। कला कल्प सांस्कृतिक संस्थान द्वारा जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस में 21 मई को 'संवाद और विकास के लिए विश्व सांस्कृतिक विविधता दिवस के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक शाम का आयोजन किया। जिसमें शिक्षा, कला और राष्ट्रीय विरासत का संगम देखने का मिला। कार्यक्रम में सैन्य, शैक्षणिक और सांस्कृतिक जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था के भविष्य और विरासत के संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की। शुरूआत मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल अरविंद महाजन, डॉ के.जी. सुरेश (निदेशक, इंडिया हैबिटेट सेंटर), डॉ. तपन कुमार नायक (निदेशक, जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस), डॉ. रमेश चंद्र गौर (डीन, आईजीएनसीए -संगीतकार उस्ताद कमाल साबरी और केरल लोकसाहित्य अकादमी (संस्कृति मंत्रालय, केरल) के पी.वी. लवलीन द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई।




कलाकारों का डिजिटल भविष्य मुख्य भाषण देते हुए, कला कल्प सांस्कृतिक संस्थान की संस्थापक निदेशक डॉ. अतसी मिश्रा ने वैश्वीकरण के इस दौर में भारतीय विरासत के अस्तित्व पर एक व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। डॉ. मिश्रा ने तर्क दिया कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश के लिए तकनीक अब केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि कलाकारों की आर्थिक उत्तरजीविता के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है।हमें तकनीकी प्रगति को कलाकारों के व्यावसायीकरण से जोड़ना होगा, डॉ. मिश्रा ने जोर देते हुए कहा कि प्राचीन परंपराओं को जीवित रखने के लिए कलाकारों का आर्थिक उत्थान बेहद जरूरी है।

इसके बाद, कला कल्प के उपाध्यक्ष और आरएसएस स्वयंसेवक मोहित माधव ने "कल्चर मैटर्स" (संस्कृति मायने रखती है) विषय पर अपने संबोधन में जमीनी स्तर पर सांस्कृतिक संरक्षण की बात की। उन्होंने रेखांकित किया कि सांस्कृतिक पहचान ही किसी देश के वास्तविक स्वरूप को परिभाषित करती है।माधव ने आग्रह किया,हमारे संस्कार घर से ही सिखाए जाने चाहिए। यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह युवाओं को देश के इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करे और इन परंपराओं को आने वाली पीढ़ी को सौंपे। इसके बाद हुए पैनल डिस्कशन में कला क्षेत्र के लिए सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों ही रास्तों पर चर्चा की गई। डॉ. के.जी. सुरेश ने 'सांस्कृतिक स्वतंत्रता' पर विस्तार से बात की। उन्होंने कलाकारों से बहुमुखी बनने और लगातार नई सामग्री बनाने का आह्वान किया, ताकि कला उद्योग में लोगों की रुचि बनी रहे।उस्ताद कमाल साबरी ने अंतरराष्ट्रीय संवाद पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि कला का वैश्विक प्रसार जरूरी है, लेकिन एक कलाकार की पूर्णता आज भी उनके कड़े दैनिक अभ्यास पर ही टिकी है। पी.वी. लवलीन ने केरल के संस्कृति मंत्रालय के प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य किस प्रकार जनजातीय और लोक परंपराओं के जीर्णोद्धार और दस्तावेजीकरण पर काम कर रहा है। डॉ. रमेश चंद्र गौर और डॉ. तपन नायक ने पूरी परिचर्चा को एक अकादमिक और सैद्धांतिक मजबूती प्रदान की।

ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद की शुरूआत और प्रमाणनइस वैचारिक संवाद के अलावा, यह शाम आयोजक संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुई।

# अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर मड़ियादो बफर प्रबंधन का पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान

## वन विभाग द्वारा आयोजित किए गए विविध जनजागरूकता कार्यक्रम

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर वनपरिक्षेत्र मड़ियादो बफर प्रबंधन द्वारा गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जैव विविधता संरक्षण, वन एवं वन्यजीवों के महत्व तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर वनपरिक्षेत्र कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। साथ ही परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जैव विविधता मानव जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। वन, जल, वन्यजीव एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से ही पर्यावरण संतुलन कायम रखा जा सकता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने की अपील की।

वन विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों एवं वनकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को जैव विविधता संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त वातावरण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी बन गया है। यदि सभी लोग प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक होकर छोटे-छोटे प्रयास करें, तो आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# प्रधानमंत्री कल 19वें रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री 23 मई 2026 को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित होने वाले 19वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों एवं संगठनों में चयनित 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नव नियुक्त युवाओं को संबोधित भी करेंगे।

रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेला युवाओं को सरकारी सेवाओं में अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरा है। रोजगार मेला शुरू होने के बाद अब तक आयोजित 18 मेलों के माध्यम से देशभर में लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। 19वां रोजगार मेला देश के 47 विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से चयनित अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के कई विभागों एवं संगठनों में नियुक्ति दी जाएगी। नव नियुक्त उम्मीदवारों की नियुक्तियां रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में की जाएंगी।

# अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर पाल समाज पेट्रोल डीजल कम खर्च करने का लेगा संकल्प

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी अहिल्याबाई होल्कर जयंती के अवसर पाल समाज के लोग पेट्रोल डीजल का कम खर्च करने का संकल्प लेगा। इसके लिए पाल समाज जागरूक करने का काम शुरू कर दिया है।

यह बातें सारनाथ स्थित पर्यटन विभाग राही पर्यटक आवास गृह में शुक्रवार को पाल विकास समिति के संस्थापक भइया लाल पाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि देश हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुले मंच से कहा है कि पेट्रोल डीजल का खपत कम करें। सोने व चांदी के आभूषणों की खरीदारी में कमी लाये। इसी के तहत पाल समाज के लोगों ने निर्णय लिया कि लोक माता अहिल्याबाई होल्कर जयंती के दिन 31 मई को पाल समाज की ओर से चांदपुर चौराहा से जुलूस निकाला जाएगा, जो काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर शिव लिंग का जलाभिषेक करेगा। इसके साथ ही पाल समाज के गणेश, मुन्ना पाल,कमलेश,महेंद्र,सन्तोष, रेखा सहित लोग गांव गांव में घूम कर प्रधानमंत्री की बातों को सोने के आभूषण की खरीदारी कम करे जनजन तक पहुचाने का काम कर रहे हैं।



# संसार के संचालन की ईश्वरीय व्यवस्था में सबसे अहम पुलिस की भूमिका, रेप और धर्म परिवर्तन का आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां शिवली थाना क्षेत्र में जन शिकायतों के निस्तारण के साथ ही हर तरह के अपराधियों के खिलाफ जारी प्रभावी कार्यवाही के क्रम में एक नाबालिक लड़की का अपहरण करने के बाद उसके साथ बलात्कार करने और फिर उस पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली गई।




देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में वादी की नाबालिग भांजी को बहला-फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में दिये गये दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर चन्दू मंसूरी उर्फ चांद पुत्र हामिद मंसूरी उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम शंकर नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद कानून और शांति व्यवस्था की पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में प्रभावी कार्यवाही में अपनी चुनौती पूर्ण नौकरी की शुरूआत से ही अग्रणी इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह सिंह ने अपहरण की गई नाबालिक को सकुशल बरामद भी कर लिया। शिवत्व यानी भगवान शंकर स्वभाव वाले इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में आरोपी को पांडव नदी पुल के पास से गिरफ्तार करने वाली उनकी टीम में सब इंस्पेक्टर आनंद कुमार पांडे और कांस्टेबल रवि कुमार भी शामिल रहे।

स्थानीय सूत्रों का दावा है कि जब से व्यवहार कुशलता में अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली को महत्व देने वाले इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने शिवली की कमान संभाली है तब से पीड़ितों की सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में इजाफा होने से क्षेत्र की जनता भी संतुष्टि के दायरे में है। जहां तक किसी की भी किसी भी पद या स्थान पर नियुक्ति का सवाल है। इसके आध्यात्मिक पक्ष के मुताबिक स्थानांतरण या किसी भी पद पर नियुक्ति के रूप में आपके कदम धरती के उस स्थान पर भी पड़ते हैं ,जहां जन्म के बाद पहले कभी नहीं पड़े होते और उन लोगों से भी मुलाकात होती है ,जिनसे पहले कभी नहीं मिले होते।

खास बात यह भी कि किसी भी पीड़ित की परेशानी का निस्तारण संबंधित के प्रति दुआओं का भी सृजक होता है जो कि उसके जीवन में फलित भी अवश्य ही होती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि किसी के प्रति भी दुआओं और बद्दुआओं के रूप में बोले गए शब्द कभी नष्ट नहीं होते। ....और अगर होते तो हमारी या किसी की भी मोबाइल से बात नहीं होती ,क्योंकि अजर, अमर, अविनाशी अक्षर से शब्द और शब्द से बने वाक्य ही लिखने, पढ़ने और बोलने के रुप में ही इस संसार का संचालन करते हैं। मतलब अगर कुछ लिखा न जाए , पढ़ा ना जाए या कुछ कहा और बोला ना जाए तो इस संसार का संचालन हो ही नहीं सकता।

इसी के साथ साधारण या फिर किसी सक्षम पद के रूप में पुलिस विभाग में सेवारत होना भी संसार के अन्य सभी पदों और विभागों की अपेक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि संसार के संचालन की ईश्वरीय व्यवस्था में जितनी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस विभाग की है, उतनी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका संसार के किसी अन्य विभाग अथवा किसी अन्य सर्वोच्च पद धारक की भी कदापि नहीं , पुलिस विभाग में किसी भी पदधारक के रूप में यह महत्वपूर्ण भूमिका संसार में इंसान के जन्म के पहले शुरू होती है और मरने के बाद भी जारी रहती है ' यहां जन्म से पहले मतलब शिकायत पर इस आशय की जांच और विवेचना के रुप में कि पेट में बच्चा किसका है और मृत्यु के बाद भी इस आशय से कि हत्या किसने की है? मतलब जन्म के पहले से लेकर मृत्यु के बाद तक जैसी इतनी बड़ी भूमिका पुलिस के अलावा संसार के किसी भी विभाग या उसके सर्वोच्च पद धारक की भी कदापि नहीं है। यही नहीं जन्म से लेकर मृत्यु तक के बीच के समय यानी जीवन को व्यक्ति के कर्मों के अनुरूप सुख या दुख में बदलने के साथ ही उचित पात्र लोगों के जीवन को बचाने और अपराध के रूप में जनहित के विपरीत आचरण करने वाले के जीवन को मृत्यु (मुठभेड़) के रूप में समाप्त करने की भी क्षमता , सक्षमता और समर्थता शरीर धारी के रूप में वह रखता है ,जिसे पुलिस कहते हैं।

# जनता की समस्याओं का निराकरण कर पथरिया विधानसभा को समृद्ध बनाना ही हमारा संकल्प - राज्यमंत्री लखन पटेल

## क्षेत्रवासियों से आत्मीय भेंट कर सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर पथरिया विधानसभा को विकास और समृद्धि की नई दिशा देना ही उनका प्रमुख संकल्प है।



राज्यमंत्री श्री पटेल ने आज दमोह के जटाशंकर स्थित कार्यालय में क्षेत्रवासियों से आत्मीय भेंट कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों एवं नागरिकों ने सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन तथा अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों से मंत्री को अवगत कराया।

श्री पटेल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों से जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि जनसंवाद का यह सिलसिला निरंतर जारी है और क्षेत्रवासियों के सुझाव एवं आकांक्षाएं ही उनकी कार्ययोजना का आधार हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि पथरिया विधानसभा के सर्वांगीण विकास, किसानों की उन्नति, युवाओं को रोजगार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी विश्वास के साथ वे क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें राज्यमंत्री श्री पटेल के समक्ष रखीं, जिनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

# पटेरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 3 किलो गांजे के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

## उड़ीसा के रहने वाले हैं दोनों आरोपी, 60 हजार कीमत का गांजा जब्त

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

पटेरा/दमोह पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पटेरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में 22 मई को पटेरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर सहित पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 03 किलो अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार आरोपी में दिवाकर बेहरा पिता उपेन्द्र बेहरा, उम्र 40 वर्ष, निवासी गोविन्दपुर थाना रेडखोल, जिला संभलपुर, उड़ीसा और सुदर्शन सिंह हरिजन पिता इन्द्रो सिंह, उम्र 42 वर्ष, निवासी बागमरे थाना बीएमपुर, जिला सोनपुर, उड़ीसा बताए गए हैं.आरोपियों के कब्जे से लगभग 60,000 रुपए रुपये कीमत का 03 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है. दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना पटेरा में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है. अंतर्राज्यीय तस्करों पर विशेष नजर रखी जा रही है.जब्त गांजे के स्रोत और नेटवर्क को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है.



# अमलाई कोल साइडिंग बना प्रदूषण का जहर, माफियाओं और सिस्टम की सांठगांठ से इंदिरा नगर के लोग त्रस्त

## हाईकोर्ट के निदेर्शों के बाद भी नहीं थमा प्रदूषण, सवालों के घेरे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिम्मेदार विभाग
## रेलवे माल ढुलाई के नाम पर शुरू हुई साइडिंग में खुलेआम कोयले का कारोबार, धूल-धुएं से लोगों का जीना दूभर

**समाज जागरण**

अनूपपुर और शहडोल जिले की सीमाओं को जोड़ने वाला अमलाई क्षेत्र इन दिनों कोयला कारोबार और प्रदूषण के गंभीर संकट से जूझ रहा है। अमलाई रेलवे स्टेशन के समीप संचालित कोल साइडिंग, जिसे मूल रूप से खाद्यान्न, सीमेंट, उर्वरक और अन्य मालवाहक सामग्री की ढुलाई के लिए विकसित किया गया था, आज कथित रूप से कोयला माफियाओं के कब्जे और प्रशासनिक लापरवाही का केंद्र बन चुकी है। हालत यह है कि वार्ड क्रमांक 15 इंदिरा नगर, नगर परिषद बकहो के हजारों लोग रोजाना उड़ती कोयले की धूल, प्रदूषण और बीमारियों के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि वर्ष 2008 से लगातार इस कोल साइडिंग का विरोध हो रहा है। कई बार धरना-प्रदर्शन और अनशन भी किए गए, लेकिन हर बार केवल आश वासन मिला। समस्या जस की तस बनी रही। मामला इतना बढ़ा कि इंदिरा नगर के रहवासियों को न्याय के लिए जबलपुर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। स्थानीय नागरिकों द्वारा दायर याचिका में साफ तौर पर प्रदूषण, अवैध संचालन और मानकों की अनदेखी का मुद्दा उठाया गया था।

**हाईकोर्ट के निदेर्शों के बावजूद नहीं सुधरी व्यवस्था**

सूत्रों के अनुसार हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए थे कि यदि कोल साइडिंग संचालित की जाती है तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तय किए गए सभी मानकों का सख्ती से पालन अनिवार्य होगा। इसमें नियमित पानी का छिड़काव, स्प्रिंकलर सिस्टम, धूल नियंत्रण व्यवस्था, ढंके हुए परिवहन और पर्यावरणीय सुरक्षा उपाय शामिल थे। लेकिन जमीनी हकीकत आज भी न्यायालयीय निदेर्शों से कोसों दूर दिखाई देती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि साइडिंग क्षेत्र में स्थापित स्प्रिंकलर पाइपलाइन केवल दिखावे के लिए लगाई गई है। न तो नियमित पानी का छिड़काव किया जाता है और न ही कोयले की धूल को नियंत्रित करने के प्रभावी उपाय किए जा रहे हैं। परिणामस्वरूप दिनभर उड़ती धूल पूरे इंदिरा नगर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लेती है।

**धूल से घर काले, सांस लेना मुश्किल**

इंदिरा नगर के रहवासियों का कहना है कि सुबह होते ही कोयले से भरे वाहनों और साइडिंग में होने वाली लोडिंग-अनलोडिंग के कारण पूरा क्षेत्र धूल के गुबार में तब्दील हो जाता है। लोगों के घरों की छतें, पानी की टंकियां, कपड़े और यहां तक कि खाने-पीने की वस्तुएं तक काली धूल से भर जाती हैं।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बच्चों और बुजुर्गों में सांस संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। कई लोगों को खांसी, एलर्जी, आंखों में जलन और दमा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की भूमिका पर गंभीर सवाल

पूरे मामले में सबसे ज्यादा सवाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की भूमिका को लेकर उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बोर्ड चाहता तो बिना मानकों के संचालन को तत्काल बंद कराया जा सकता था। इससे पहले क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा क्लोजर ऑर्डर जारी किए जाने की भी चर्चा रही, लेकिन इसके बावजूद साइडिंग दोबारा संचालित होने लगी।

लोगों का आरोप है कि कोल कारोबार से जुड़े प्रभावशाली लोगों और अधिकारियों की कथित मिलीभगत के कारण कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रह जाती है। यही वजह है कि वर्षों से शिकायतों के बावजूद हालात में सुधार नहीं हुआ।

**रेलवे ने कराए निर्माण, फिर भी नहीं बदली तस्वीर**

जानकारी के अनुसार विरोध और न्यायालयीन प्रक्रिया के बाद रेलवे द्वारा कोल साइडिंग क्षेत्र में कई निर्माण कार्य कराए गए थे। धूल नियंत्रण के लिए स्प्रिंकलर सिस्टम, पाइपलाइन, पानी टैंकर और अन्य व्यवस्थाएं स्थापित की गईं। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये सभी व्यवस्थाएं केवल निरीक्षण और दस्तावेजों तक सीमित हैं।

रहवासियों का कहना है कि हमेशा स्प्रिंकलर बंद रहते हैं। कई बार बिना किसी छिड़काव के कोयले की लोडिंग-अनलोडिंग की जाती है, जिससे पूरे इलाके में प्रदूषण फैलता है। लोगों का आरोप है कि यदि वास्तव में मानकों का पालन हो रहा होता तो क्षेत्र की स्थिति इतनी भयावह नहीं होती।

**मालवाहक साइडिंग से कोयला हब तक**

स्थानीय जानकार बताते हैं कि जिस साइडिंग को सामान्य माल परिवहन के उद्देश्य से बनाया गया था, वह अब कथित रूप से कोयला कारोबार का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। यहां दिन-रात कोयले से भरे ट्रकों और रैक की आवाजाही बनी रहती है। लोगों का आरोप है कि इस कारोबार से जुड़े कुछ प्रभावशाली तत्वों ने पूरे सिस्टम को अपने प्रभाव में ले रखा है, जिसके कारण शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती।

प्रशासनिक चुप्पी बनी बड़ा सवाल

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर इतने वर्षों से लगातार शिकायतों, आंदोलन, अनशन और न्यायालयीन हस्तक्षेप के बावजूद हालात क्यों नहीं बदले? यदि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सभी मानकों के पालन की अनुमति दी थी तो क्या उन मानकों की नियमित निगरानी हो रही है? यदि नहीं, तो जिम्मेदार कौन है?

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारी केवल कागजी कार्रवाई और निरीक्षण तक सीमित हैं। धरातल पर जनता आज भी प्रदूषण के बीच जीने को मजबूर है। लोगों ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और कोल साइडिंग संचालन की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक की जाए।

**रहवासियों की मांग**

इंदिरा नगर के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कोल साइडिंग में प्रदूषण नियंत्रण मानकों का तत्काल पालन कराया जाए नियमित पानी का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्वतंत्र जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक करे स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की मेडिकल जांच कराई जाए नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर साइडिंग संचालन पर सख्त कार्रवाई की जाए अब प्रशासन के सामने बड़ा सवाल अमलाई कोल साइडिंग का मामला अब केवल प्रदूषण का नहीं बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही और आम जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा बड़ा मुद्दा बन चुका है। वर्षों से धूल और प्रदूषण झेल रहे इंदिरा नगर के लोग अब पूछ रहे हैं कि आखिर उनकी जिंदगी की कीमत कब समझी जाएगी? क्या सिस्टम माफियाओं और कारोबारियों के दबाव में यूं ही खामोश रहेगा, या फिर कभी वास्तव में जनता को राहत मिलेगी?

# ग्राम धमनी कलां में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ी आस्था की विशाल धारा

**समाज जागरण**

शहडोल। सोहागपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत धमनी कलां में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का शुभारंभ गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कथा प्रारंभ होने से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म एवं संस्कृति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कलश यात्रा में मातृशक्ति की विशेष भागीदारी रही। सिर पर कलश धारण कर महिलाओं ने भक्ति भाव से यात्रा में सहभागिता निभाई, वहीं युवा, बुजुर्ग एवं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक शामिल होकर आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजन-अर्चन के साथ निकली कलश यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीमद्भागवत महापुराण के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।भजन-कीर्तन और धार्मिक धुनों से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का वाचन एवं रसपान कथावाचक पंडित प्रहलादाचार्य स्वामी जी महाराज द्वारा कराया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस पर उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कथावाचक पंडित प्रहलादाचार्य स्वामी जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को धर्म, भक्ति और संस्कारों से जोड़ने का सर्वोत्तम माध्यम है। कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक



परिवर्तन आता है तथा उसे आध्यात्मिक शांति एवं आत्मिक संतोष की प्राप्ति होती है ।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजनों की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है, क्योंकि ये आयोजन समाज को नैतिक मूल्यों, संस्कारों एवं सदाचार की प्रेरणा देते हैं।श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला दिव्य ज्ञान का स्रोत है। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्तों के प्रति उनके प्रेम, धर्म की स्थापना तथामानव कल्याण के संदेश का वर्णन किया जाएगा।आयोजक श्री वंशरुप मिश्रा बताया कि कथा आगामी सात दिनों तक प्रतिदिन आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त करेंगे। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल, प्रसाद वितरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।कथा के शुभारंभ अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे ग्राम में धार्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव, भाईचारे एवं आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं।सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस से ही ग्राम धमनी कलां भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग गया है तथा आगामी दिनों में कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा मुख्यमंत्री अधोसंरचना कार्य, 30 लाख के मंगल भवन में भ्रष्टाचार का आरोप

## मिट्टी मिली ईंटों और 9 इंच के पिलर पर खड़ी की जा रही इमारत, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा ग्रामीणों में भारी आक्रोश, जांच

**समाज जागरण**

बड़वारा। मध्य प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के कायाकल्प और स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत लाखों-करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों में सर्व सुविधायुक्त मंगल भवन और प्रशिक्षण भवनों का निर्माण कर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर और सुदृढ़ बनाना है। लेकिन, जमीनी स्तर पर बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की घोर अनदेखी और लापरवाही के कारण सरकार की इन जनहितैषी योजनाओं पर पानी फिरता नजर आ रहा है। विकास कार्यों में खुलेआम पलीता लगाया जा रहा है।

ऐसा ही एक गंभीर मामला कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पनसोखर से सामने आया है। यहाँ मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से लगभग 30 लाख रुपए की भारी-भरकम



लागत से मंगल भवन एवं प्रशिक्षण भवन का निर्माण कार्य पंचायत एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य की शुरूआत से ही इसमें व्यापक पैमाने पर तकनीकी गड़बड़ी और घटिया सामग्री के इस्तेमाल के आरोप लग रहे हैं।

**मिट्टी की ईंटें और घटिया सामग्री का खेल**

शुक्रवार ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जनपद कार्यालय में की है ग्रामीण कौशल तिवारी ,गणेश साहू का सीधा आरोप है कि ₹30 लाख की इस महत्वपूर्ण परियोजना में ठेकेदार और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा निर्माण मापदंडों को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया है। दीवार खड़ी करने के लिए अच्छी पकी हुई ईंटों के स्थान पर पीली, कच्ची और मिट्टी युक्त ईंटों का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। सबसे गंभीर लापरवाही भवन के बुनियादी ढांचे (स्ट्रक्चर) के साथ की जा रही है। तकनीकी प्राकलन (Estimates) के अनुसार भवन की मजबूती के लिए 14 इंच के पिलर (Columns) तैयार किए जाने थे, लेकिन राशि बचाने के चक्कर में नियमों को ताक पर रखकर महज 9 इंच के कमजोर पिलर खड़े किए जा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े सार्वजनिक भवन में यदि पिलर ही कमजोर होंगे, तो भविष्य में यहाँ किसी भी वक्त बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है और जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है।

ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

सरेआम हो रहे इस भ्रष्टाचार से आक्रोशित ग्रामीणों ने साफ लफ्जों में कहा है कि शासन के पैसे का दुरुपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि इस पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय निष्पक्ष तकनीकी जांच नहीं कराई गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ उग्र प्रदर्शन और मोर्चा खोलने के लिए बाध्य होंगे। निर्माण कार्य की विधिवत और निष्पक्ष जांच के लिए तत्काल एक तकनीकी टीम का गठन किया जा रहा है। टीम मौके पर जाकर जांच करेगी। यदि प्राकलन के विपरीत या घटिया सामग्री के उपयोग की पुष्टि होती है, तो संबंधितों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। – प्रभा सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO), जनपद पंचायत बड़वारा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि 30 लाख की लागत के भवनों में नियम विरुद्ध कार्य हो रहा है, तो यह बेहद गंभीर है। मैं इस संबंध में तत्काल जिला और जनपद स्तर के अधिकारियों से बात कर मामले की पूरी जांच कराऊंगा। जनता के हक और शासन के पैसे का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। – धीरेंद्र बहादुर सिंह, क्षेत्रीय विधायक

# रावेंद्र बने इंडियन माइंस वर्कर्स फेडरेशन के केंद्रीय सचिव

**समाज जागरण**

अमलाई ।एटक से सम्बद्ध इंडियन माइन वर्कर्स फेडरेशन का 14वां दो दिवसीय (20- 21 मई) राष्ट्रीय सम्मेलन ओडिशा के पुरी में आयोजित हुआ।सम्मेलन के दौरान सर्वसम्मति से अशोक यादव को अध्यक्ष तथा एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह फेडरेशन के महामंत्री एवं पूर्व सांसद, रमेन्द्र कुमार को पुनः महासचिव के पद पर चयनित किया गया।नई कार्यकारिणी इस प्रकार है अध्यक्ष अशोक यादव, उपाध्यक्ष अजय कुमार (NCL), सतीश कुमार सिन्हा (CCL),अकबर अली (SCCL), अमर सिह (ECL), रामाश्रय ठाकुर (CMPDI), गोपाल शरण ओझा (ECL), कन्हैया सिंह (SECL), मनोज पाण्डेय (SECL), दीपक उपाध्यक्ष (SECL), दीपेश मिश्रा (SECL), ढुल्लु महतो (BCCL) बिंध्याचल (CCL),महासचिव रमेन्द्र कुमार



,अतिरिक्त महासचिव : लखनलाल महतो,संयुक्त महासचिव हरिद्वार सिंह, गुरुदास चक्रबर्ती (ECL), एस के शर्मा, के राजकुमार(SCCL),अजय विश्वकर्मा केंद्रीय सचिव नरेश मण्डल, (CCL), शत्रुघ्न महतो, विधायक (BCCL), अनिल सिह (ECL), अखिलेश सिह (ECL), रावेन्द्र शुक्ला - SECL, एसके बाजी सयदा (SCCL), रोशन लाल चौधरी विधायक (CCL), बीरेंद्र कुमार सिंह (CMPDI), श्रीकांत चौधरी (WCL), प्रभाकर त्रिपाठी (NCL), बीडी राय (MCL),कोषाध्यक्ष नरेश मंडल बनाए गए हैं।

**शुक्ला को मिली बधाई**

सोहागपुर क्षेत्र के संयुक्त कोयला खदान मजदूर संघ यूनियन के अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला को इंडियन माइंस वर्कर्स फेडरेशन का केंद्रीय सचिव मनोनीत करने पर एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के कार्यकताओं में हर्ष की लहर देखी जा रही है। केंद्रीय सचिव बनने पर रामपुर प्रोजेक्ट से यूनियन के आफताब आलम मनोज गर्ग राकेश गुप्ता के डि पांडे, अशरफ अली, सुरेश सोनी, कमलेश गुप्ता, रणजीत सिंह, उमेश दहिया, दी न चौबे, आदि कार्यकताओं ने बधाई प्रेषित की है।

# बिजुरी कांड में उम्र के दस्तावेजों ने खोली पुलिस के दावों की पोल, जिला अध्यक्ष का सीधे SP को खुला चैलेंज !

**समाज जागरण**

अनूपपुर ।बिजुरी की दिल दहला देने वाली सनसनीखेज घटना ने अब एक बेहद संवेदनशील और गंभीर राजनीतिक-प्रशासनिक रुख अख्तियार कर लिया है। इस पूरे मामले में कानून व्यवस्था और खाकी की कार्यप्रणाली पर ऐसे गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, जिनका जवाब देना अब शासन और प्रशासन के लिए भारी पड़ता दिख रहा है। जनता के बीच इस समय तीखा आक्रोश है क्योंकि मामला सिर्फ एक आपराधिक घटना का नहीं रह गया है, बल्कि यह सीधे तौर पर पुलिस जांच की संवेदनशीलता,गंभीरता और पारदर्शिता से जुड़ चुका है। जनता इस जघन्य मामले में जल्दबाजी या लीपापोती नहीं, बल्कि पूरी तरह से निष्पक्ष न्याय और ठोस जवाब चाहती है। इस बीच, कांग्रेस जिला अध्यक्ष 'गुड्डू' चौहान ने अपनी फेसबुक आईडी से सीधे प्रशासन और एसपी साहब को खुला चैलेंज ठोक दिया है, जिसके बाद से पूरे महकमे में हड़कंप मच गया है।

कागजों में बालिग और हकीकत में नाबालिगः गुड्डू चौहान ने फेसबुक पोस्ट से शासन को दी खुली चुनौती इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा और चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब पीड़िता की उम्र को लेकर सीधे तौर पर पुलिस के दावों की धज्जियां उड़ गईं। दरअसल, पुलिस अधीक्षक द्वारा शुरूआत में पीड़िता को बालिग करार दिया गया था, लेकिन कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान द्वारा अपने आधिकारिक फेसबुक हैंडल से किए गए एक खुलासे ने पुलिस प्रशासन को सीधे कटघरे में खड़ा कर दिया है। दस्तावेजों और सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से डंके की चोट पर शासन-प्रशासन को चुनौती देते हुए यह तथ्य सामने रखा गया है कि पीड़िता की वास्तविक जन्म तिथि 27 जुलाई 2009 है। इस गणितीय और दस्तावेजी आधार पर पीड़िता की उम्र महज 16 वर्ष 10 माह निकलती है, जो यह साफ करती है कि वह पूरी तरह से एक नाबालिग बच्ची थी। ऐसे में पुलिस के उस दावे पर तीखे सवाल उठ रहे हैं जिसमें पीड़िता को 20 साल की बालिग महिला के रूप में पेश करने की कोशिश की गई। आखिर इतनी बड़ी लापरवाही या सोची-समझी साजिश के पीछे क्या मंशा थी, इसे लेकर अब विवाद गहरा गया है। गुड्डू चौहान ने बेहद तीखे सवाल उठाते हुए पूछा है कि आखिर बिना कोई डॉक्यूमेंट और बिना सरकारी रिकॉर्ड देखे, पीड़िता की उम्र को दरकिनार कर उसे बालिग घोषित करने की इतनी जल्दबाजी क्यों की गई? बिना पोस्टमार्टम रिपोर्ट के क्लीन चिट पर सुलग रहे हैं सवालः जल्दबाजी में जारी प्रेस नोट पर गहराया संदेह मामला सिर्फ उम्र के घालमेल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया भी पूरी तरह संदेह के घेरे में है। बिना पोस्टमार्टम और अंतिम मेडिकल रिपोर्ट आए ही पुलिस प्रशासन ने आनन-फानन में यह बयान जारी कर दिया कि युवती के साथ दुष्कर्म जैसी कोई वारदात नहीं हुई है। इस जल्दबाजी ने कई नए और अनसुलझे सवालों को जन्म दे दिया है। इसके साथ ही गुड्डू चौहान ने यह भी सवाल दागा कि आखिर एसपी साहब ने किस आधार पर पूरी जांच से पहले ही तुरंत यह दावा कर दिया कि गैंगरेप नहीं हुआ है?

स्वातिर चौहान सहित विपक्ष और स्थानीय सामाजिक कार्यकताओं का सीधा आरोप है कि लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म (गैंग रेप) की वारदात को अंजाम दिया गया है, जिसे पुलिस दबाने और छुपाने का पुरजोर प्रयास कर रही है। कल शाम ठीक 6:30 बजे जारी किए गए पुलिस के प्रेस नोट को अब जनता को गुमराह करने और मुख्य आरोपियों को बचाने की एक संदिग्ध कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस के इसी भ्रामक बयान के आधार पर कई प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों ने भी पीड़िता को बालिग दिखाते हुए खबरें चला दीं, जिससे समाज में एक बड़ा तथ्यात्मक भ्रम फैल गया। जिला अध्यक्ष का सीधा आरोप है कि पुलिस प्रशासन किसी बड़े दबाव में आकर इस पूरे मामले में सच को दबाने और लीपापोती करने की कोशिश कर रहा है।

मुख्य आरोपी की उम्र भी घेरे मेंः पीड़ित परिवार पर दबाव और खौफ की आशंका से सहमे लोग ट्विस्ट सिर्फ पीड़िता की उम्र पर ही नहीं है, बल्कि इस मामले में संलिप्त मुख्य आरोपी युवक की उम्र को लेकर भी अब संदेह की सुइयां घूम गई हैं। आरोप लग रहे हैं कि आरोपी को भी बचाने के लिए उसकी उम्र के साथ छेड़छाड़ की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल इस पूरे मामले में कई सामाजिक कार्यकताओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है, हालांकि दबाव या खौफ के चलते अभी तक परिजनों का पक्ष खुलकर और पूरी तरह से सामने नहीं आ पाया है। दूसरी तरफ, कांग्रेस इस मुद्दे पर आक्रामक रुख अपनाए हुए है और उसका साफ कहना है कि इस हृदय विदारक घटना में दुष्कर्म या दुष्कर्म के प्रयास की पूरी आशंका है, जिसकी उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच होनी अनिवार्य है। गुड्डू चौहान ने साफ लफ्जों में चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र की बेटी के साथ हुई इस क्रूरता को किसी भी हाल में छिपने नहीं दिया जाएगा और सत्ता या शासन का कोई भी दबाव हमारी आवाज को नहीं दबा सकता। आज पूरी जनता पूछ रही है कि आखिर इस सच को छुपाने के पीछे किसका हाथ है। हम इस लड़ाई को आखिरी दम तक लड़ेंगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाकर ही दम लेंगे।

दांव पर लगी बिजुरी पुलिस की साखः जनता और विपक्ष ने एक सुर में दागे तीखे प्रशासनिक सवाल

आज पूरी जनता, सामाजिक संगठन और विपक्षी दल एक सुर में सबसे बड़ा सवाल यही दाग रहे हैं कि आखिर बिना किसी पुख्ता फॉरेंसिक जांच और बिना मेडिकल या पोस्टमार्टम रिपोर्ट के पुलिस ने इतनी संवेदनशील और जघन्य घटना पर अंतिम निष्कर्ष देने वाला बयान क्यों और किसके दबाव में जारी किया? एक नाबालिग बच्ची को कागजों में बालिग बता देना क्या सिर्फ पुलिस की एक साधारण लापरवाही थी, या फिर मामले की गंभीरता को कम करने के लिए जल्दबाजी में रचा गया कोई बड़ा प्रशासनिक भ्रम था? बहरहाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान के इस नए और दस्तावेजी खुलासे के बाद बिजुरी पुलिस की साख पूरी तरह दांव पर लगी है और क्षेत्र में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जनाक्रोश लगातार भड़कता जा रहा है।

**इनका कहना : हमारे द्वारा अप स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी में उम्र**

पूछा गया तो मृतक की बहन बोली की इसकी उम्र 20 साल की है, और हमने वहां डेट ऑफ बर्थ संबंधित कोई दस्तावेज नहीं देखे थे, हमें डेट ऑफ बर्थ संबंधित सर्टिफिकेट मिल गया है उसके आधार पर कार्यवाही अब की जा रही है- बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह

# रूमगा में हो रहा रेत का अवैध उत्खनन, अवैध उत्खनन कताओं को सत्ता पक्ष के नेताओं का संरक्षण

**समाज जागरण**

गौरेला। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूमगा में रेत के अवैध खनन की खबर है। रेत खदान की देखरेख पेण्ड्रा निवासी सौरभ साहू कर रहा है और उसी के माध्यम से अवैध उत्खनन संचालित किया जा रहा है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत ने खदान की नीलामी इस शर्त पर प्रस्तावित की थी कि गांव के प्रधानमंत्री आवास, शासकीय निर्माण और स्थानीय ग्रामीणों के व्यक्तिगत निर्माण कार्यों हेतु रेत परिवहन की सुविधा दी जाएगी, क्योंकि यह अनुसूचित एवं पेशा अधिनियमित क्षेत्र है। इसके बावजूद ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है। बीते दिनों ग्रामीणों ने बिना रॉयल्टी पर्ची रेत परिवहन करते हुए डंपर क्रमांक CG31B8637 को रोका। ग्रामीणों का आरोप है कि वाहन में किसी प्रकार की वैध रॉयल्टी नहीं थी। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस चौकी कोटमी को सूचना देकर वाहन सौंपा और कार्रवाई की मांग की, लेकिन कथित रूप से बिना किसी ठोस कार्रवाई के वाहन छोड़ दिया गया।इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक अर्चना पोर्ते ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, अवैध उत्खनन पर रोक और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही ग्राम पंचायत रूमगा को रेत उत्खनन का अधिकार सौंपने की मांग भी उठाई गई है।अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर बिना रॉयल्टी पर्ची के रेत परिवहन कैसे हो रहा था? यदि ग्रामीणों के आरोप सही हैं तो शासन को हो रहे राजस्व नुकसान और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े होना तय है।

# पीएचइ ने आयोजित किया प्रशिक्षण

**समाज जागरण**

अनूपपुर ।जिले के विकासखंड जैतहरी अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में संचालित नल जल योजनाओं के दैनिक चालू/बंद स्थिति को अद्यतन करने हेतु लोक



स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 22/05/2026 को ग्राम के रोजगार सहायकों को विभाग द्वारा विकसित जल दर्पण ऐप एवं जल परीक्षण हेतु फील्ड टेस्ट किट उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया । जिसमें विकासखंड जैतहरी के सभी रोजगार सहायक प्रशिक्षण प्राप्त किए।

# किचन के ये 4 मसाले फेफड़ों को रखेंगे हेल्दी! सांस संबंधित समस्याओं से होगा बचाव

**बदलते मौसम और पॉल्यूशन की वजह से सांस संबंधित समस्याएं काफी बढ़ जाती हैं. रसोई में मौजूद कुछ मसाले वायरल इंफेक्शन को कम करने और रेस्पिरेटरी प्रॉब्लम से बचाने में कारगर हैं. तो चलिए जानते हैं.**



भारतीय मसालों की बात हो तो हर एक मसाले में कई खासियत होती हैं. मसालों का स्वाद और सुगंध से खाने को लजीज बना देती है. मसाले आपके खाने को तो स्वादिष्ट बनाते ही हैं, इनमें कई न्यूट्रिएंट्स मौजूद होते हैं और इसलिए ये कई समस्याओं में दवा से कम काम नहीं करते. रसोई में मौजूद कुछ ऐसे ही मसाले हैं जो आपके लंग्स के लिए फायदेमंद होते हैं और रेस्पिरेटरी सिस्टम यानी श्वसन तंत्र से जुड़ी समस्याओं से राहत दिलाने में हेल्प फुल होते हैं. तो चलिए जानते हैं ऐसे ही 4 मसालों के बारे में जो आपको सांस से जुड़ी दिक्कतों में राहत दिलाएंगे.

बढ़ता पॉल्यूशन, कमजोर इम्यूनिटी और बदलता मौसम, ऐसी कई वजह हैं जिसकी वजह से लंग्स में संक्रमण हो सकता है और सांस संबंधित तकलीफें बढ़ सकती हैं. तो चलिए एक्सपर्ट से जानते हैं कि कैसे किचन में मौजूद कुछ मसाले आपकी श्वसन तंत्र की कार्यप्रणाली को बेहतर बना सकते हैं.

डायटिशियन सुरभि पारीक के मुताबिक, हल्दी, अदरक, लहसुन और ओरेगेनो (इटालियन हर्ब जो भारत में भी कई रेसिपी में यूज होती है), आदि सांस से जुड़ी समस्याओं में फायदेमंद रहते हैं. ये मसाले न सिर्फ सांस संबंधित समस्याओं से बचाव करेंगे, बल्कि अगर आपको कोई समस्या हो गई है तो उससे भी राहत दिलाने में कारगर हैं.

### हल्दी है बेहद फायदेमंद

सब्जी में इस्तेमाल होने वाली हल्दी कई न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होती है. इसमें पाया जाने वाला करक्यूमिन और अन्य एंटीऑक्सीडेंट्स रेस्पिरेटरी इंफ्लामेशन को कम करते हैं, जिससे सांस संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है. वहीं हल्दी आपके इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करती है और आप वायरल इंफेक्शन आदि से बचे रहते हैं.

### अदरक करेगी सांस संबंधित समस्याओं में सुधार

लंग्स और रेस्पिरेटरी सिस्टम के लिए अदरक का सेवन भी फायदेमंद होता है. अदरक में वैसे तो कई न्यूट्रिएंट्स होते हैं. वहीं इसमें जिंजरोल नाम का कंपाउंड पाया जाता है, जो रेस्पिरेटरी इंफ्लामेशन को कम करने में कारगर है, जिससे म्यूकस रिड्यूस करने में मदद मिलती है और ब्रीदिंग स्ट्रेस कम होता है और आप आराम से सांस ले पाते हैं.

### संक्रमण से बचाने में हेल्पफुल है लहसुन

लहसुन में मौजूद गुण कई तरह की सेहत संबंधी समस्याओं से बचाने में कारगर होते हैं, वहीं ये आपके लंग्स के लिए भी काफी फायदेमंद है. लहसुन में एलिसिन और सल्फर कंपाउंड पाया जाता है, जो वायरल इंफेक्शन से बचाने और बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करता है. इसलिए लहसुन का सेवन सांस संबंधित दिक्कतों में काफी फायदा पहुंचाता है.


### ओरेगेनो (इटैलियन हर्ब)

कई रेसिपीज में इस्तेमाल होने वाली हर्ब ओरेगेनो एंटी माइक्रोबियल गुणों से भरपूर होती है, यह बैक्टीरिया और वायरस से होने वाली समस्याओं जैसे जुकाम-खांसी आदि से बचाने में कारगर है. इसका तेल भी काफी फायदेमंद रहता है.

## जानिए फायदा है या नुकसान

# क्या सुबह उठते ही आपको भी है गुनगुना पानी पीने की आदत?

**सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीने के ?कुछ फायदे हैं तो कुछ नुकसान भी हैं. ऐसे में अक्सर लोग इस बात को लेकर कंफ्यूज हो जाते हैं कि आखिर सही क्या है. आइए इसके बारे में हेल्थ एक्सपर्ट से ही जानने की कोशिश करते हैं.**



खुद को हेल्दी और फिट रखने के लिए लोग सुबह गुनगुने पानी से अपने दिन की शुरूआत करते हैं. ज्यादातर फिटनेस कोच से लेकर सेलिब्रिटीज भी इस अपने दिन की शुरुआत इसी रुटीन के साथ करते हैं. सुबह उठते ही उन्हें गुनगुना पानी चाहिए होता है. लेकिन कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो इस रुटीन को ठीक नहीं मानते हैं. फायदे के साथ-साथ गुनगुने पानी के नुकसान भी हैं.

कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो इस बात को लेकर कंफ्यूज रहते हैं आखिर सही क्या है. क्या गुनगुने पानी से अपने दिन की शुरूआत करनी चाहिए. तो आइए हेल्थ एक्सपर्ट से ही इसके बारे में जानने की कोशिश करते हैं. डॉ. वरलक्ष्मी ने हाल ही में एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसके बारे में बताया है.



### पानी पीने का तरीका

कई बार वेट लॉस करने या फिर स्किन को ग्लोइंग बनाने के चक्कर में पानी पीने की टार्गेट रखते हैं. वे पूरा दिन इसी रुटीन के साथ चलते हैं. लेकिन हेल्थ के लिहाज से ये ठीक नहीं है. डॉ. वरलक्ष्मी का कहना है कि पानी तभी पीना चाहिए जब आपको प्यास लगे. पानी पीने के तुरंत बाद सॉलिड चीजें न खाएं.





### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

इस बात में कोई शक नहीं है कि अपने दिन की शुरूआत गुनगुने पानी के साथ की जाए. लेकिन इसके साथ कुछ नियमों को फॉलो किया जाना भी जरूरी है. पानी हमेशा ब्रश करने के बाद ही पिएं. वर्कआउट करने से पहले पानी न पिएं. सुबह ब्रेकफास्ट के साथ आप थोड़ा गुनगुना पानी पी सकते हैं. हालांकि, 100द्द्य से ज्यादा पानी न पिएं.

### इन बातों का रखें ख्याल

ज्यादातर लोग सुबह उठते ही 1 या 2 गिलास पानी पी लेते हैं. ऐसा करने से उनका मानना है कि पेट साफ होगा. लेकिन इसका नुकसान भी है कि रातभर में आपके मुंह में कई तरह के बैक्टीरिया पनपते हैं. सुबह बिना मुंह साफ किए यही बैक्टीरिया आपके पेट में चले जाते हैं. इस कारण कई परेशानियां बढ़ती हैं.ऐसे में आप गुनगुना पानी हमेशा ब्रश करने के बाद ही पिएं.

# बिहार में प्रशासनिक फेरबदल, 11 आईएएस अधिकारियों का तबादला, दीपक कुमार बने राज्यपाल के प्रधान सचिव

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में प्रशासनिक मशीनरी को और अधिक चुस्त-दुरुस्त और जवाबदेह बनाने की कवायद तेज हो गई है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के 11 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य के कई महत्वपूर्ण विभागों में बड़े बदलाव किए गए हैं। प्रशासनिक फेरबदल के तहत 1992 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी दीपक कुमार को राज्यपाल का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग के महानिदेशक तथा मुख्य जांच आयुक्त का अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा गया है। गृह विभाग में भी बड़ा बदलाव करते हुए उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार को गृह विभाग का नया सचिव बनाया गया है। राज्य प्रशासन में गृह विभाग की भूमिका को देखते हुए इस नियुक्ति को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं, 1995 बैच के अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी को गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद से हटाकर मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग का अपर मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। उन्हें बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष और बिहार संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद के परीक्षा नियंत्रक का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।अधिसूचना के अनुसार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव बी. राजेंदर को निगरानी विभाग का अतिरिक्त प्रभार, जबकि वित्त विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह को जांच आयुक्त (सामान्य प्रशासन) की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सीमा त्रिपाठी को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का सचिव बनाया गया है। साथ ही इनायत खान, निलेश रामचंद्र देवरे और अरविंद कुमार वर्मा जैसे वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न विभागों में अतिरिक्त प्रभार सौंपे गए हैं। वहीं, राज्यपाल के मौजूदा प्रधान सचिव गोपाल मीणा को केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया गया है, जहां वे नोएडा के विकास आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालेंगे। जानकारों का कहना है कि सरकार अपनी नई प्रशासनिक रणनीति के तहत कार्यों में समन्वय और तेजी लाने के लिए यह फेरबदल कर रही है। आने वाले दिनों में और भी विभागों में बदलाव की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

# जान दे देंगे पर जमीन नहीं देंगे:- किसान

## पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड टाउनशिप के विरोध में सड़कों पर उतरे 40 गांवों के किसान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ सरकार की महत्वाकांक्षी 'पाटलिपुत्र कॉम्प्लेक्स ग्रीनफील्ड योजना' के खिलाफ पटना के पुनपुन प्रखंड के किसान आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को 'भूमि बचाओ किसान संघर्ष समिति' के बैनर तले लगभग 40 गांवों के सैकड़ों किसान पुनपुन प्रखंड कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। किसानों का साफ कहना है कि वे अपनी उपजाऊ कृषि भूमि को किसी भी कीमत पर सरकार को अधिग्रहित नहीं करने देंगे। धरनारत किसानों ने सरकार के 55% जमीन वापस करने वाले मॉडल को 'किसान विरोधी' और 'निरंकुश बिल' करार दिया है। कार्यक्रम संयोजक मनीष कुमार ने तीखे सवाल उठाते हुए कहा कि 100% जमीन लेकर केवल 55% हिस्सा लौटाने का फामूर्ला सरासर अन्याय है। उन्होंने तर्क दिया कि कृषि योग्य भूमि ही उनकी जीविका का एकमात्र साधन है। यदि सरकार को विकास करना है, तो उसे बंजर जमीन पर परियोजना लानी चाहिए, न कि किसानों के पेट पर लात मारकर। किसानों की एक बड़ी समस्या जमीन की खरीद-बिक्री पर लगी प्रशासनिक रोक है। स्थानीय मुखिया रवि कुमार (बेहरावां पंचायत) ने बताया कि इस रोक के कारण किसान अपने परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में भी असमर्थ हैं। किसी को बेटी की शादी करनी है, तो किसी को अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार परिजन का इलाज कराना है। पैसों की सख्त जरूरत के बावजूद वे अपनी ही जमीन बेच नहीं पा रहे हैं, जिससे उनमें भारी आक्रोश है। किसानों का कहना है कि वे मुंगेरीलाल के हसीन सपने नहीं, बल्कि अपनी जमीन की सुरक्षा चाहते हैं। प्रदर्शन में शामिल किसानों ने एक स्वर में कहा, "खेती योग्य भूमि बचेगी, तभी किसान बचेगा।" किसानों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक जमीन की खरीद-बिक्री और निर्माण पर लगी रोक को नहीं हटाया जाता और इस परियोजना को कृषि भूमि से अलग नहीं किया जाता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस विशाल धरना-प्रदर्शन ने शासन-प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। किसान अपनी 'माता रूपी भूमि' को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार दिख रहे हैं।

# पटना के पालीगंज में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई

## दो युवक गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिला के पलोगंज थाना क्षेत्र के एसएच-69 पर बंदीबाग के समीप शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहाँ एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई, जिससे कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए, जिसे देखकर स्थानीय लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, खपुरा गांव निवासी धीरज कुमार, पिता स्व. भरत यादव, अपने दो मित्रों के साथ कार से लालगंज-सेहरा मार्ग की ओर आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के



अनुसार, बंदीबाग के निकट जैसे ही उनकी गाड़ी पहुंची, सामने से आ रहे एक वाहन को साइड देने के चक्कर में चालक का नियंत्रण बिगड़ गया। अनियंत्रित कार सीधे सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर सवार युवक फंस गए।घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों और वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को कार से बाहर निकाला और इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। घायलों में खपुरा निवासी धीरज कुमार और जीतू कुमार, पिता सुरेश यादव शामिल हैं। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मचा है और घायलों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नबीनगर: जैतिया सिमरी गांव से हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार,भेजा गया जेल

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जैतिया सिमरी गांव से हत्या के प्रयास एवं रंगदारी के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किया गया अभियुक्त मुकेश कुमार पिता बिंदा सिंह है।गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पहले से नबीनगर थाना में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज था। घटना के बाद से ही



आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस को इसकी तलाश थी।पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी जैतिया सिमरी गांव में अपने घर आया हुआ है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी की और आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की गई। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

# नबीनगर: बालू घाट के पास कार से 475 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शोभेखाप गांव के समीप बालू घाट के पास एक कार से 475.2 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार तस्कर की पहचान पटना जिले के संपतचक निवासी अंकित कुमार और कन्हैया कुमार है।नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि एक कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप बालू घाट के रास्ते ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने शोभेखाप बालू घाट के पास वाहन चेकिंग शुरू की।चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार की डिक्की और



सीट के नीचे छिपाकर रखी गई विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद हुईं। कुल 475.2 लीटर शराब जब्त की गई है।मौके से कार सवार दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर रही है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और कहां सप्लाई होनी थी। नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। पुलिस ने शराब और तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया है। दोनों तस्करों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बिहार में शराबबंदी के बावजूद तस्कर लगातार नए-नए तरीकों से शराब की तस्करी कर रहे हैं। पुलिस लगातार अभियान चलाकर ऐसे तस्करों पर नकेल कस रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आगे भी शराब तस्करों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# आर आई टी में दुकानदार और ग्राहक में जमकर मारपीट, राजद के जिलाध्यक्ष बने रहे मुकदर्शक

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 22 मई 2026: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर के आर आई टी थाना क्षेत्र के रोड नंबर 32 में चौक पर बीती रात उस समय अफरा तरफा मच गई जब विदेशी शराब दुकान के बाहर शराब विक्रेता और कुछ शराबियों के बीच विवाद हिंसक झड़प हो गई। देखते ही देखते लात घुसो, बोतल और पत्थर चलने लगे और इलाका पूरा रणभूमि में तब्दील हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब आधे घंटे तक सरेआम हंगामा चलता रहा



जिससे राहगीरों और आसपास के लोगों में दशक फैल गई। खासकर महिलाओं और परिवार में इस मार्ग से गुजरने को लेकर भय का माहौल देखा गया। शराब पीने पहुंचे लोगों ने आरोप लगाया की दुकान में एमआरपी से अधिक कीमत वसूली जा रही है और नकली शराब बेची जाने के भी आशंका जताई गई है ।वहीं यह भी आरोप सामने आया है कि जिस स्थान पर दुकान संचालित हो रही है वह रेलवे भूमि पर अतिक्रमण कर बनाया गया है।

वही पाया गया कि राजद के जिलाध्यक्ष दुकानदारों और ग्राहकों के बीच में जब मारपीट हो रही तो मूकदर्शक बन खड़े होकर पूरे मामला का मजे ले रहे थे। लोगी का कहना है कि इतने संवेदनशील स्थान पर खुलेआम हंगामा होता रहता है इसके बावजूद जिम्मेदार व्यवस्था कहां है? फिलहाल आर आई टी थाना इस मामले की पूरी जांच कर रही है।

# मारपीट और हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार, माली थाना पुलिस की कार्रवाई

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना पुलिस ने मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपी कामेश यादव को बेलबीघा माली थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ माली थाना में पहले से प्राथमिकी दर्ज थी।गिरफ्तार आरोपी कामेश यादव बड़ेम थाना क्षेत्र के सासना गांव का निवासी है। उस पर मारपीट और हत्या के प्रयास का गंभीर आरोप है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था।माली थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि आरोपी कामेश यादव बेलबीघा माली थाना क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना के सत्यापन के




बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके में छापेमारी की और आरोपी को धर दबोचा।पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ माली थाना में मारपीट और हत्या के प्रयास की धाराओं में केस दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की गई। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। माली थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि क्षेत्र में फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी

# फर्जी पत्रकारों और "प्रेस" लिखे वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई, प्रेस क्लब की मांग पर प्रशासन गंभीर

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक**

जमशेदपुर शहर में तेजी से बढ़ रहे फर्जी पत्रकारों और अवैध रूप से ह्लप्रेसह्व लिखे वाहनों के इस्तेमाल को लेकर अब जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से मिला और पूरे मामले से अवगत कराते हुए ठोस कदम उठाने की मांग की। प्रेस क्लब ने प्रशासन को बताया कि शहर में कई ऐसे लोग सक्रिय हैं, जिनका पत्रकारिता से कोई संबंध नहीं होने के बावजूद वे अपने वाहनों पर प्रेस लिखकर घूम रहे हैं और इसका गलत फायदा उठा रहे हैं।



प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को जानकारी दी कि हाल के दिनों में फर्जी पत्रकारों की संख्या तेजी से बढ़ी है। ऐसे लोग खुद को मीडिया से जुड़ा बताकर प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाने, अवैध कारोबार को संरक्षण देने और भयादोहन जैसे कार्यों में संलिप्त पाए जा रहे हैं। इससे न केवल वास्तविक पत्रकारों की छवि खराब हो रही है, बल्कि पत्रकारिता की गरिमा और विश्वसनीयता पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। प्रेस क्लब ने कहा कि कुछ लोग प्रेस की आड़ लेकर आम लोगों को भी गुमराह कर रहे हैं और निजी स्वार्थ सिद्ध करने में लगे हुए हैं।

प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को बताया कि कई बार ऐसे फर्जी पत्रकार सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर अधिकारियों और कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बनाते हैं। इतना ही नहीं, कुछ लोग ह्लप्रेसह्व लिखे वाहनों का इस्तेमाल कर ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करते हुए विशेष सुविधा लेने का प्रयास करते हैं। इससे वास्तविक पत्रकारों को भी संदेह की नजर से देखा जाने लगा है, जो पत्रकारिता जगत के लिए चिंता का विषय है।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मांग की कि जिले में अभियान चलाकर ऐसे लोगों की पहचान की जाए और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रेस क्लब ने यह भी कहा कि यदि समय रहते इस समस्या पर नियंत्रण नहीं किया गया तो भविष्य में पत्रकारिता की साख को और अधिक नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि मीडिया संस्थानों और पत्रकारों के सत्यापन की एक स्पष्ट प्रक्रिया बनाई जाए, ताकि वास्तविक और फर्जी पत्रकारों के बीच अंतर स्थापित किया जा सके।

उपायुक्त ने प्रेस क्लब की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन इस मामले में पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि वास्तविक पत्रकारों और प्रेस का गलत इस्तेमाल करने वालों के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित करना जरूरी है। इसके लिए प्रशासन प्रेस क्लब और मीडिया संस्थानों के सहयोग से सत्यापन प्रक्रिया शुरू करेगा।

उपायुक्त ने प्रेस क्लब से जिले के कार्यशील और मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सूची उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि प्रशासन उसके आधार पर जांच कर सके। उन्होंने कहा कि जिले के सभी मीडिया संस्थानों से भी उनके सक्रिय पत्रकारों और कर्मचारियों की सूची मांगी जाएगी। इससे भविष्य में किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति नहीं बनेगी और फर्जी लोगों की पहचान करना आसान होगा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त ने तत्काल जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ह्लप्रेसह्व लिखे वाहनों की विशेष जांच अभियान चलाया जाए। जांच के दौरान यह सत्यापित किया जाएगा कि संबंधित वाहन वास्तव में किसी मीडिया संस्थान से जुड़े हैं या नहीं। जिन वाहनों का पत्रकारिता या मीडिया संस्थानों से कोई संबंध नहीं पाया जाएगा, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रेस के नाम पर भयादोहन, अवैध गतिविधियों या दबाव बनाने वाले लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

प्रशासन की इस पहल का प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने स्वागत किया है। क्लब के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन की कार्रवाई से पत्रकारिता की साख मजबूत होगी और लंबे समय से सक्रिय फर्जी पत्रकारों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। प्रेस क्लब ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे में प्रेस के नाम का दुरुपयोग करने वालों पर सख्ती जरूरी है, ताकि समाज में मीडिया की विश्वसनीयता बनी रहे।

# 80 साल बाद डुमरिया के सुदूर गांवों में पहुंचेगी बिजली, विधायक संजीव सरदार ने किया विद्युतीकरण कार्य का शिलान्यास

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक**

जमशेदपुर : पोटका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरिया प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों में पहली बार बिजली पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। खैरबनी गांव के बानागोड़ा तथा पलाशबनी पंचायत के बाकड़ाकोचा गांव के राहड़गोड़ा टोला में विद्युतीकरण कार्य का शिलान्यास पोटका विधायक संजीव सरदार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। वर्षों से अंधेरे में जीवन बिता रहे ग्रामीणों के लिए यह पहल किसी सपने के साकार होने से कम नहीं मानी जा रही है।



झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना और एमयूजेआई योजना के तहत इन ग्रामीण एवं आदिवासी इलाकों में पहली बार बिजली पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया है। योजना के अंतर्गत गांवों में बिजली के खंभे लगाए जाएंगे, तार बिछाए जाएंगे और ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि आजादी के करीब 80 वर्षों बाद इन गांवों में पहली बार बिजली पहुंचेगी। इस खबर से ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक संजीव सरदार का पारंपरिक रीति-रिवाज और गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। महिलाएं और बच्चे भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वर्षों से वे बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे, लेकिन अब गांव में विकास की नई किरण दिखाई देने लगी है। लोगों ने कहा कि बिजली आने से गांवों की तस्वीर बदल जाएगी और बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि अब तक कई जनप्रतिनिधि आए और गए, लेकिन किसी ने इन सुदूरवर्ती गांवों की समस्याओं की ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। गांव आज भी सड़क, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से दूर थे। बारिश के दिनों में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था और रात होते ही पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता था। लेकिन अब पहली बार सरकार गांव तक विकास पहुंचाने का काम कर रही है।

ग्रामीणों ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक संजीव सरदार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की सोच के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बिजली आने से अब बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी, मोबाइल चार्जिंग और अन्य दैनिक जरूरतों में भी सुविधा होगी। साथ ही छोटे व्यवसाय और घरेलू कार्यों में भी लोगों को राहत मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी अन्य समस्याएं भी सुनीं। ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग भी विधायक के समक्ष रखी। इस पर विधायक ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के किसी भी गांव को विकास से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा और चरणबद्ध तरीके से सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

विधायक संजीव सरदार ने कहा कि गांवों तक सड़क, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अबुआ सरकार का लक्ष्य अंतिम गांव तक विकास पहुंचाना है, ताकि कोई भी ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी कई गांव बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से दूर थे, लेकिन अब सरकार उन इलाकों तक भी विकास पहुंचाने का काम कर रही है। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों को शीघ्र बिजली सुविधा का लाभ मिलना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि बिजली पहुंचने के बाद गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों में भी सुधार होगा। लोगों ने कहा कि यह केवल बिजली का शिलान्यास नहीं, बल्कि गांवों के विकास और बेहतर भविष्य की शुरूआत है।

# भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस-2026 पर राष्ट्रीय समारोह आयोजित

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम) में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस-2026 के राष्ट्रीय स्तर के समारोह और चीता संरक्षण पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यह कार्यक्रम 'वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना' विषय पर आधारित था, जिसमें जैव विविधता संरक्षण, सामुदायिक भागीदारी और पारिस्थितिक बहाली के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को उजागर किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश सरकार, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (एनबीए) और अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे जिनमें केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री श्री कीर्ति वर्धन सिंह और मध्य प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री दिलीप अहिरवार शामिल थे। इस कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस के अधिकारी, वैज्ञानिक, वन अधिकारी, जैव विविधता प्रबंधन समितियों के सदस्य, शोधकर्ता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, नागरिक समाज संगठन और छात्र भी शामिल हुए।

डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश, जिसे व्यापक रूप से 'भारत का बाघ राज्य' कहा जाता है, देश में जैव विविधता संरक्षण और वन्यजीव संरक्षण का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने राज्य की समृद्ध पारिस्थितिक विविधता पर प्रकाश डाला, जिसमें वन, आर्द्रभूमि और नदी इकोसिस्टम शामिल हैं, जो आजीविका और पारिस्थितिक सुरक्षा को बनाए रखने में सहायक हैं।

मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश में चीतों की पुनःस्थापन को भारत के संरक्षण अभियान में एक ऐतिहासिक उपलब्धि और पारिस्थितिक बहाली एवं जैव विविधता की पुनर्प्राप्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि चीता परियोजना ने पर्यावास संरक्षण, वैज्ञानिक वन्यजीव प्रबंधन और संरक्षण प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत किया है। डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश ने जैव विविधता प्रबंधन समितियों और जन जैव विविधता रजिस्टरों की तैयारी के माध्यम से जैव विविधता शासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिससे स्थानीय समुदायों को पारंपरिक ज्ञान और जैविक संसाधनों के संरक्षण के लिए सशक्त बनाया जा सके।

श्री भूपेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस-2026 का विषय 'वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना' पर्यावरणीय स्थिरता और पारिस्थितिक सुरक्षा प्राप्त करने के लिए समुदायों और स्थानीय संस्थानों को सशक्त बनाने के महत्व को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि सार्थक वैश्विक परिणाम केवल सशक्त स्थानीय कार्रवाई, सामुदायिक भागीदारी और टिकाऊ जीवनशैली के माध्यम से ही प्राप्त किए जा सकते हैं।

मंत्री महोदय ने भारत की समृद्ध जैव विविधता विरासत और पारंपरिक पारिस्थितिक ज्ञान प्रणालियों पर कहा कि भारत, विश्व के सबसे अधिक जैव विविधता वाले देशों में से एक होने के नाते, हिमालय और जंगलों से लेकर आर्द्रभूमि, घास के मैदान, रेगिस्तान, तटीय और समुद्री इकोसिस्टम तक विविध पारिस्थितिक तंत्रों का भंडार है। उन्होंने कहा कि पवित्र उपवन, लोक किस्में, देशी किस्में और स्थानीय प्रबंधन प्रथाओं जैसी सामुदायिक नेतृत्व वाली संरक्षण परंपराएं लोगों और प्रकृति के बीच गहरे सांस्कृतिक और पारिस्थितिक संबंध को दर्शाती हैं।

मंत्री महोदय ने कहा कि संरक्षण संबंधी सोच में बदलाव आया है और अब यह केवल एक प्रजाति पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय जीवन के संपूर्ण स्वरूप और परस्पर जुड़े इकोसिस्टम की रक्षा पर केंद्रित है।

# जीवन ऐप और शतायु जेरियाट्रिक केयरगिवर डैशबोर्ड का शुभारंभ

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए "जीवन" यानी ज्वाइंट इम्पावरमेंट एंड वर्चुअल असिस्टेंस नेटवर्क (संयुक्त बुजुर्ग सशक्तिकरण एवं वर्चुअल सहायता नेटवर्क) मोबाइल एप्लिकेशन और "शतायु" (वरिष्ठ नागरिकों के लिए समग्र देखभाल सहायता एवं प्रशिक्षण) जेरियाट्रिक केयरगिवर डैशबोर्ड लॉन्च किया है। यह वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, देखभाल, गरिमा और सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम है, ताकि प्रौद्योगिकी आधारित देखभाल सहायता के माध्यम से वृद्धावस्था देखभाल का इकोसिस्टम तैयार हो सके। देश भर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायता प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आज जीवन (संयुक्त बुजुर्ग सशक्तिकरण और वर्चुअल सहायता नेटवर्क) मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया, जो भारत में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, कल्याण, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और सामाजिक समावेश को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म है। यह ऐप वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं को पूरा करने और चिंताओं को दूर करने के उद्देश्य से कई सुविधाएं प्रदान करता है, जिनमें सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी, आपातकालीन सहायता और समर्थन सेवाएं और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा समर्थित वरिष्ठ नागरिक आवासों का विवरण शामिल है। इस प्लेटफॉर्म को उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस, सरल नेविगेशन और सुलभता सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है, जिसमें बुजुर्ग उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। देश भर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए देखभाल संबंधी सेवाओं को समर्थन देकर मजबूत करने के लिए विकसित एक अन्य एप्लिकेशन, "शतायु" (सीनियर होलिस्टिक केयर असिस्टेंस एंड ट्रेनिंग फॉर योर यूटिलिटी) नामक डैशबोर्ड को भी "एक सुचारू रूप से कार्य करने वाली देखभाल अर्थव्यवस्था का निर्माण" विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान लॉन्च किया गया था।

# सड़क निर्माण पर बड़ा खेल। आधी मोटाई में ढलाई, घटिया सामग्री से बन रही सड़क, सरकारी राशि की बंदरबांट का आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

पोठिया/किशनगंजः ग्रामीण कार्य विभाग के तहत बन रही सड़क निर्माण योजना में भारी अनियमितता और मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है। पोठिया प्रखंड क्षेत्र में टी03 पोठिया इस्लामपुर रोड से पतिलाभाषा पथ निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि लगभग 80.190 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क में गुणवत्ता की जगह सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। निर्माण कार्य में घटिया सीमेंट, मिट्टीयुक्त गिट्टी और लोकल बालू का इस्तेमाल कर सरकारी राशि की बंदरबांट की जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण में जहां पीसीसी सड़क की मोटाई सामान्य तौर पर 4 से 5 इंच होनी चाहिए, वहां महज 2 से 3 इंच मोटाई में ही ढलाई कर दी जा रही है। कई जगहों पर सड़क की सतह कमजोर दिखाई दे रही है। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य इतनी जल्दबाजी में कराया जा रहा है कि गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया तक नहीं



अपनाई जा रही।

योजना बोर्ड के अनुसार इस परियोजना में जीएसबी कार्य, पीसीसी कार्य और बिटुमिनस कार्य शामिल है। योजना की शुरूआत 19 सितंबर 2025 से दिखाई गई है, जबकि कार्य समाप्ति की तिथि 18 सितंबर 2026 निर्धारित है। संवेदक के रूप में तनवीर अहमद, किशनगंज का नाम अंकित है। कार्यकारी एजेंसी ग्रामीण कार्य विभाग, किशनगंज प्रमंडल 2 है।

ग्रामीणों का कहना है कि सबसे गंभीर बात यह है कि निर्माण कार्य जूनियर इंजीनियर यानी जेई की गैर मौजूदगी में कराया जा रहा है। मौके पर न तो तकनीकी निगरानी दिख रही है और न ही गुणवत्ता नियंत्रण की कोई व्यवस्था। इससे साफ आशंका जताई जा रही है कि सड़क निर्माण में विभागीय मिलीभगत से बड़े पैमाने पर अनियमितता हो रही है।

**क्या कहते हैं निर्माण मानक**

सड़क निर्माण कार्य में पीसीसी सड़क की निर्धारित मोटाई, मजबूत बेस लेयर, सही अनुपात में सीमेंट, गिट्टी और बालू का उपयोग अनिवार्य माना जाता है। निर्माण स्थल पर सामग्री की गुणवत्ता जांच, पानी की उचित मात्रा, मशीन से मिश्रण और तकनीकी पर्यवेक्षण जरूरी होता है। सड़क निर्माण के दौरान जेई, एई और विभागीय अभियंताओं की निगरानी अनिवार्य मानी जाती है। कार्य के दौरान नियमित मापी, लेवल जांच और गुणवत्ता परीक्षण भी होना चाहिए।

**निर्माण कार्य में किसकी क्या जिम्मेदारी**

संवेदक की जिम्मेदारी है कि वह विभागीय प्राक्कलन और तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य कराए। वहीं विभागीय जेई और अभियंताओं की जिम्मेदारी निर्माण की गुणवत्ता, मोटाई, सामग्री और तकनीकी मानकों की जांच करना है। कार्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी और संवेदक दोनों जवाबदेह माने जाते हैं। यदि निर्माण में घटिया सामग्री या कम मोटाई की पुष्टि होती है तो विभागीय कार्रवाई के साथ एफआईआर तक दर्ज हो सकती है।

इस मामले में भाजपा नेता संजय उपाध्याय ने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग की योजनाओं में लगातार अनियमितता की शिकायतें मिल रही हैं। सड़क निर्माण में लोकल बालू और मिट्टीयुक्त गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। सड़क देखने से ही स्पष्ट हो रहा है कि निर्माण मानक के अनुसार नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि यदि अभी जांच नहीं हुई तो कुछ महीनों में सड़क टूट जाएगी। जनता के टैक्स के पैसे से बनने वाली सड़क यदि शुरूआत में ही टूटने की



स्थिति में पहुंच जाए तो यह सीधा भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

वही प्रखंड प्रमुख शाद मुबारकबाद ने कहा कि यदि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है तो यह बेहद गंभीर मामला है। सरकारी योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से तत्काल जांच कर कार्रवाई की मांग की।

स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि निर्माण स्थल पर कभी कोई अधिकारी नजर नहीं आता। मजदूर अपने हिसाब से काम कर रहे हैं। सड़क की मोटाई कम रखी जा रही है। यह सीधे तौर पर सरकारी राशि की लूट है।

स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता और वरीय अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क टिकाऊ नहीं बन पाएगी और जनता को फिर परेशानी झेलनी पड़ेगी।

इस संबंध में जब संवेदक तनवीर अहमद से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, तब उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## भीषण गर्मी-लू को देखते हुए स्कूलों पर प्रतिबंध, 8वीं तक कक्षाएं स्थगित

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के चलते जिला दण्डाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी स्कूलों के लिए नया आदेश जारी किया है। यह आदेश 22 मई 2026 से 27 मई 2026 तक लागू रहेगा। जिले के सभी सरकारी/गैर सरकारी स्कूल, प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और कोचिंग संस्थानों में कक्षा 8वीं तक का शैक्षणिक कार्य पूरी तरह




स्थगित रहेगा।वहीं 9वीं से 12वीं तक की सभी कक्षाएं पूर्वाह्न 11:30 बजे के बाद बंद रहेंगी। यानी सिर्फ सुबह 11:30 बजे तक ही पढ़ाई हो सकेगी।आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में औरंगाबाद जिले में भीषण गर्मी और लू की स्थिति है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत यह आदेश जारी किया गया है।विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को निर्धारित करें। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने को भी कहा गया है।

## पटना के विक्रम में दिव्यांग ट्राई-साइकिल मरम्मत शिविर का आयोजित

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के विक्रम प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी केंद्र में दिव्यांग जनों के लिए एक विशेष ट्राई-साइकिल मरम्मत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दूर-दराज के गांवों से आए दिव्यांग जनों की खराब ट्राई-साइकिलों को दुरुस्त कर उन्हें फिर से आत्मनिर्भर बनाना था। शिविर में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दिव्यांग जन अपनी खराब ट्राई-साइकिलों के साथ




पहुंचे। तकनीकी टीम ने मौके पर ही तत्परता दिखाते हुए कई ट्राई-साइकिलों की मरम्मत की, जिससे लाभुक दिव्यांग जनों को काफी राहत मिली। शिविर में अत्यधिक भीड़ और सीमित समय के कारण कुछ दिव्यांग जनों की साइकिलों की मरम्मत नहीं हो सकी। इसे लेकर मौके पर उपस्थित कुछ लोगों ने अपनी नाराजगी भी जाहिर की। स्थिति को समझते हुए बुनियादी केंद्र की प्रबंधक रामावती कुमारी ने कहा कि प्रशासन हर दिव्यांग जन की सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रबंधक ने बताया की जिनकी ट्राई-साइकिलें आज ठीक नहीं हो पाई हैं, उन्हें परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे सभी लोगों से आवेदन भरवा लिए गए हैं और उनके संपर्क सूत्र (मोबाइल नंबर) को सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर जल्द ही मरम्मत की अगली कड़ी पूरी की जाएगी और संबंधित लाभार्थियों को मोबाइल के माध्यम से सूचना दे दी जाएगी।

## पटना के पंडारक में कस्तूरबा स्कूल में छात्रा के साथ अमानवीय बर्ताव

### खौलता दूध गिरने से झुलसी, काम कराने का आरोप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पंडारक स्थित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में एक छात्रा के गंभीर रूप से झुलसने की घटना ने सरकारी विद्यालयों की व्यवस्था और छात्राओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। छठी कक्षा की छात्रा सुहानी कुमारी खौलता दूध गिरने से बुरी तरह झुलस गई। परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही और छात्राओं से जबरन घरेलू काम कराने का आरोप लगाया है। घायल छात्रा के अनुसार, उसे रसोईघर से गर्म दूध का बर्तन हटाने के लिए मजबूर किया गया।



आरोप है कि इस दौरान एक महिला कर्मी ने उसे धक्का दे दिया, जिससे वह गिर गई और खौलता दूध उसके चेहरे व गर्दन पर फैल गया। परिजनों का सबसे गंभीर आरोप यह है कि घटना के बाद बच्ची को अस्पताल ले जाने के बजाय छात्रावास कर्मियों ने उसके जले हुए अंगों पर नमक और हल्दी लगा दी, जिससे उसकी पीड़ा और बढ़ गई। आरोप है कि प्रबंधन ने लगभग 24 घंटे तक बच्ची को बिना चिकित्सीय सहायता के छात्रावास में ही छिपाए रखा। बुधवार को जब छात्रा की मां उससे मिलने पहुंची, तो उन्हें भी धमकाकर वापस भेजने की कोशिश की गई।पीड़ित छात्रा ने बताया कि छात्रावास में नियमित रूप से बच्चियों से शौचालय की सफाई, झाड़ू-पोछा और रसोई में रोटी बेलने जैसे काम कराए जाते हैं। विरोध करने पर छात्राओं के साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाती है। यह बाल अधिकार नियमों का खुला उल्लंघन है। गुरुवार की शाम परिजनों के लिखित आवेदन पर पंडारक थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। थाना प्रभारी नवनीत राय ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। हालांकि, घटना के बाद से ही विद्यालय प्रबंधन ने चुप्पी साध रखी है और किसी ने भी आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। शिक्षा विभाग की इस लापरवाही ने स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है, जो अब दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## कुटुम्बा: आपसी विवाद में मारपीट के मामलों में 19 अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा( बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना पुलिस ने आपसी विवाद मे हुए मारपीट के मामले में दोनों पक्ष से प्राप्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्ष से कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में




उपस्थापित करने के लिए भेज दिया है। वहीं एक अन्य मामले में अजमानतीय वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है। पहले मामले में दर्ज कांड संख्या-79/26 के तहत कारवाई करते हुए पुलिस ने 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरा मामला में कांड संख्या-80/26 के तहत 7 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।सभी अभियुक्त ग्राम सोहरडीह, थाना कुटुम्बा के रहने वाले हैं। वहीं अजमानतीय वारंट के आधार पर अभियुक्त सनोज चौधरी उम्र 34 वर्ष पिता रामकेश्वर चौधरी, ग्राम संडा, थाना कुटुम्बा को भी विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।थानाध्यक्ष कुटुम्बा इमरान आलम ने बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

## एसबीआई में छह दिनों तक बैंक कामकाज रहेगा प्रभावित, 23 से 28 मई तक बंद रहेंगी शाखाएं

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ भारतीय स्टेट बैंक (स्इक) के करोड़ों ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना है। यदि आप आने वाले दिनों में बैंक शाखा जाकर कोई वित्तीय कार्य निपटाने की योजना बना रहे हैं, तो आपको पहले ही सतर्क हो जाना चाहिए। आगामी 23 मई से 28 मई 2026 तक लगातार छह दिनों तक एसबीआई की अधिकांश शाखाओं में कामकाज प्रभावित रहेगा, जिससे ग्राहकों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। यह लंबी बंदी साप्ताहिक अवकाश, कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल और त्योहारों की छुट्टियों का मिला-जुला असर है। कैलेंडर के अनुसार, 23 मई को महीने का चौथा शनिवार और 24 मई को रविवार होने के कारण बैंक बंद रहेंगे। इसके तुरंत बाद 25 और 26 मई को बैंक कर्मचारी अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय देशव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। वहीं, 27 और 28 मई को बकरीद के त्योहार के चलते अधिकांश राज्यों में बैंकों में अवकाश रहेगा। अखिल भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी महासंघ




के आह्वान पर हो रही इस हड़ताल में कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार और प्रबंधन पर दबाव बना रहे हैं। प्रमुख मांगों में बैंक शाखाओं की सुरक्षा के लिए सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति, बढ़ते कार्यभार को कम करने के लिए नई भर्तियां और रिक्त पड़े चतुर्थ श्रेणी (संदेशवाहक) पदों को भरना शामिल है। इसके अलावा, कर्मचारी नई पेंशन योजना में सुधार, पेंशन फंड प्रबंधक चुनने की स्वतंत्रता और आउटसोर्सिंग प्रथा को रोकने की मांग कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर वित्तीय उत्पाद बेचने के बढ़ते दबाव पर भी कड़ी आपत्ति जताई है। लगातार छह दिनों तक शाखाएं बंद रहने की खबर से ग्राहकों में चिंता है, विशेषकर उन लोगों में जो नकद लेनदेन या चेक जमा करने के लिए शाखाओं पर निर्भर हैं। हालांकि, बैंक प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि ग्राहकों को घबराने की जरूरत नहीं है। डिजिटल बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह से सुचारू रहेंगी। ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई (UPI) के माध्यम से धन हस्तांतरण और बिल भुगतान जैसी सेवाएं घर बैठे कर सकेंगे। साथ ही, एटीएम सेवाएं भी चौबीसों घंटे चालू रहेंगी। विशेषज्ञों का कहना है कि आधुनिक बैंकिंग तकनीक के दौर में डिजिटल सेवाएं राहत का साधन हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों को कुछ असुविधा हो सकती है। प्रबंधन ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने महत्वपूर्ण वित्तीय कार्य समय रहते निपटा लें।

## आईआरसीटीसी घोटाला में लालू परिवार की मुश्किलें बरकरार, अदालत ने आरोप तय करने का फैसला 9 जून तक टाला

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ आईआरसीटीसी (IRCTC) से जुड़े बहुचर्चित धन शोधन मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार की कानूनी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने इस मामले में आरोप तय करने को लेकर होने वाला अपना आदेश एक बार फिर टाल दिया है। अब अदालत इस पर आगामी 9 जून को सुनवाई करेगी। यह मामला वर्ष 2004 से 2009 के बीच का है, जब लालू प्रसाद यादव केंद्रीय रेल मंत्री थे। जांच एजेंसियों (सीबीआई और ईडी) का आरोप है कि रांची और पुरी स्थित बीएनआर होटलों के टेंडर आवंटन में भारी अनियमितताएं बरती गईं। आरोप है कि नियमों को दरकिनार कर 'सुजाता होटल्स प्राइवेट लिमिटेड' को होटल संचालन का ठेका दिया गया। इसके बदले में लालू परिवार को पटना में लगभग तीन एकड़ बेशकीमती जमीन महज 65 लाख रुपये में हस्तांतरित की गई, जबकि उस जमीन का वास्तविक बाजार मूल्य करोड़ों में था। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने अपनी जांच में दावा किया है कि सरकारी प्रभाव का दुरुपयोग कर निजी लाभ हासिल किया गया और अवैध संपत्ति को वैध दिखाने की कोशिश की गई। अदालत ने पिछली सुनवाई में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए माना था कि टेंडर प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया गया और इसकी जानकारी लालू प्रसाद यादव को थी। इसी आधार पर अदालत ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और मीसा भारती समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी।यह मामला न केवल कानूनी बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी बेहद संवेदनशील है। जहां विपक्षी दल इसे भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण बताते हुए नैतिकता पर सवाल उठा रहे हैं, वहीं राष्ट्रीय जनता दल (RJD) इसे केंद्र सरकार द्वारा की जा रही 'राजनीतिक प्रतिशोध' की कार्रवाई करार देता है। अदालत का 9 जून का फैसला इस मामले की दिशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा, जिस पर पूरे देश, विशेषकर बिहार की राजनीति की नजरें टिकी हुई हैं।

## शिक्षक भर्ती (TRE-4) को लेकर बढ़ता दबाव

### सीएम की आज शाम अहम बैठक, अधिसूचना पर टिकी निगाहें

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-4) के आयोजन और रिक्तियों की अधिसूचना जारी न होने को लेकर उपजा विवाद अब चरम पर है। अभ्यर्थियों के बढ़ते आंदोलन और विपक्ष के तीखे हमलों के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्थिति को संभालने के लिए आज शाम 5 बजे एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के अलावा शिक्षा विभाग और मुख्यमंत्री सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा TRE-4 भर्ती प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना और अधिसूचना जारी करने में आ रही बाधाओं को दूर करना है। सरकार के इस कदम को अभ्यर्थियों के बढ़ते आक्रोश को शांत करने की दिशा में




एक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। शिक्षक भर्ती का मुद्दा अब पूरी तरह राजनीतिक हो चुका है। हाल ही में पटना में प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई और लाठीचार्ज के बाद विपक्ष सरकार पर आक्रामक है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार को घेरते हुए कहा कि युवा केवल अपने हक की मांग कर रहे हैं, जो चुनाव के समय किया गया वादा था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की आवाज को पुलिस बल के जरिए दबाना चाहती है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही, उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल का हवाला देते हुए दावा किया कि तब बिना किसी विवाद के लाखों शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी, जबकि मौजूदा सरकार रिक्तियों को लेकर केवल टालमटोल कर रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं का कहना है कि सरकार के बार-बार दिए जा रहे आश्वासनों के बावजूद भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हो रही है, जिससे उनका भविष्य अधर में है। छात्र संगठनों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि आज की बैठक में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो राज्यव्यापी आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फिलहाल, बिहार की निगाहें मुख्यमंत्री की इस बैठक पर टिकी हैं कि क्या सरकार TRE-4 के लिए कोई बड़ा फैसला लेगी या विवाद और गहराएगा।

## पटना में सीएम आवास के पास मिली शराब की बोतल, बढ़ी राजनीतिक हलचल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में पूर्ण शराबबंदी के दावों के बीच राजधानी पटना में सुरक्षा के लिहाज से सबसे संवेदनशील माने जाने वाले मुख्यमंत्री आवास के समीप शराब की खाली बोतल मिलने से हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री आवास के पास सड़क किनारे एक महंगे विदेशी ब्रांड की खाली बोतल और बैग मिलने की सूचना मिलते ही सचिवालय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। बरामद शराब की बोतल किसी महंगे ब्रांड की है, जिसकी बाजार में कीमत चार से पांच हजार रुपये के बीच बताई जा रही है। वीआईपी जोन में शराब की बोतल मिलना प्रशासन के लिए बड़ी शर्मिंदगी और सुरक्षा चूक का मामला है। थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बोतल और बैग को कब्जे में लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोषियों



की पहचान कर ली जाएगी। ज्ञात हो कि बिहार में वर्ष 2016 से पूर्ण शराबबंदी लागू है, लेकिन इस तरह की घटनाएं कानून के क्रियान्वयन पर लगातार सवालिया निशान लगा रही हैं। एक ओर जहां शराबबंदी का मुद्दा चर्चा में है, वहीं दूसरी ओर शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-4) को लेकर छात्रों का आंदोलन उग्र होता जा रहा है। परीक्षा की अधिसूचना जारी करने और बहाली की मांग को लेकर अभ्यर्थी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार पर युवाओं की आवाज दबाने और पुलिस बल के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। तेजस्वी ने कहा कि भ्रष्टाचार रोकने के बजाय नौकरी मांग रहे युवाओं पर लाठीचार्ज करना सरकार की संवेदनहीनता को दशार्ता है। विवाद को देखते हुए मुख्यमंत्री ने आज शाम 5 बजे शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में TRE-4 भर्ती प्रक्रिया, रिक्तियों की स्थिति और अभ्यर्थियों की मांगों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। वहीं, दूसरी ओर राज्य भर में नो व्हीकल डे के तहत पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें मंत्री पैदल कार्यालय पहुंच रहे हैं। अब सबकी नजरें मुख्यमंत्री की शाम की बैठक और शिक्षक भर्ती को लेकर सरकार द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों पर टिकी हैं।

## पटना में शादी का झांसा देकर छात्रा से दुष्कर्म और चाकू से हमला, आरोपी फरार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र स्थित मछली गली इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही 26 वर्षीय एक छात्रा के साथ उसके प्रेमी ने शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाए और विरोध करने पर चाकू की नोक पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने छात्रा पर जानलेवा हमला भी किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता मूल रूप से बिहार की रहने वाली है और पटना में रहकर कर्मचारी चयन आयोग (SSC) की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि वर्ष 2025 में उसकी पहचान मधेपुरा निवासी मनीष यादव से हुई थी। दोनों इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (IGIMS) में डेटा ऑपरेटर के रूप में साथ काम करते थे। इसी दौरान उनके बीच प्रेम संबंध पनपे और आरोपी ने पीड़िता से शादी का वादा किया। छात्रा का आरोप है कि शादी के बहाने आरोपी ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि जब भी वह शादी की बात करती, आरोपी उसे टाल देता और विवाद करता। बुधवार को आरोपी ने छात्रा को शास्त्रीनगर के मछली गली स्थित अपने किराए के कमरे पर बुलाया, जहाँ शादी को लेकर फिर बहस हुई। आरोप है कि जब छात्रा ने शारीरिक संबंध बनाने से मना किया, तो आरोपी ने चाकू निकालकर उसकी गर्दन और हाथ पर वार कर दिए। इसके बाद चाकू के दम पर उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह जान बचाकर पीड़िता इलाज के लिए IGIMS पहुंची, जहाँ चिकित्सकों ने पुलिस को सूचना दी।घटना के बाद से आरोपी फरार है और शुक्रवार को अपने कार्यस्थल पर भी नहीं पहुंचा। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी। इस घटना ने शहर में महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पटना के बेऊर थाना के नए भवन का एसपी सिटी पश्चिम ने किया निरीक्षण

### गुणवत्ता से समझौता नहीं, समय सीमा के भीतर काम पूरा करने के निर्देश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बेऊर थाना क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ तथा जन-सुलभ बनाने की दिशा में प्रशासन सक्रिय है। इसी क्रम में शुक्रवार को पटना के एसपी सिटी (पश्चिम) भानु प्रताप सिंह ने बेऊर थाना के निमार्णाधीन नए भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व संवेदकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी भानु प्रताप सिंह ने भवन के हर हिस्से का भौतिक मुआयना किया। उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रही ईंट, सीमेंट, सरिया और अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता की गहन जांच की। एसपी ने निर्माण में लगे राजमिस्त्रियों, मजदूरों और सुपरवाइजरों से भी सीधे बातचीत कर कार्य की तकनीकी बारीकियों को समझा। उन्होंने अभियंताओं को कड़े निर्देश दिए कि भवन का निर्माण पूरी तरह से सरकारी मानकों के अनुरूप और अत्यधिक मजबूत होना चाहिए, ताकि यह लंबे समय तक सुरक्षित और उपयोगी बना रहे।एसपी सिटी ने अधिकारियों को हिदायत दी कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस थाना केवल एक कार्यालय नहीं, बल्कि जनता के भरोसे का केंद्र होता है। इसलिए, भवन के



डिजाइन और निर्माण में पारदर्शिता बरती जाए। साथ ही, उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर ही पूरा किया जाना चाहिए, ताकि पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके और आम जनता को मिलने वाली सुविधाएं अधिक प्रभावी हो सकें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में सुधार के लिए कई तकनीकी सुझाव भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्च अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी और उपयोग की जा रही सामग्री की रैंडम जांच भी होगी। एसपी सिटी ने उम्मीद जताई कि नया थाना भवन तैयार होने के बाद बेऊर क्षेत्र में पुलिसिंग और अधिक चुस्त होगी, जिससे अपराधियों पर लगाम कसने और आम लोगों को त्वरित न्याय दिलाने में मदद मिलेगी।

इस निरीक्षण के दौरान स्थानीय पुलिस पदाधिकारी व निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।